धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ


सुप्रभात

रांची, रविवार

17.03.2024

* नगर संस्करण । पेज : 12

khabarmantra.net फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, अष्टमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 244

12 गायिका अनुराधा पौडवाल भाजपा में शामिल




# बज गयी 2024 के चुनाव की रणभेरी

## 19 अप्रैल से एक जून तक सात चरणों में मतदान

**लोकसभा चुनाव 2024**

- वोटों की गिनती और नतीजे की घोषणा 4 जून को
- 96.8 करोड़ मतदाता डाल सकेंगे अपना वोट
- आदर्श आचार संहिता देशभर में प्रभावी
- ओडिशा, आंध्र प्रदेश, सिक्कम और अरुणाचल में विस चुनाव

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** देश में 543 लोकसभा सीटों के लिए 2024 के चुनाव की रणभेरी बज गयी। चुनाव आयोग ने शनिवार 16 मार्च को लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। इसबार लोकसभा चुनाव 7 चरणों में 19 अप्रैल से एक जून तक होंगे। वोटों की गिनती 4 जून को होगी। 19 अप्रैल को पहले चरण के लिए वोट डाले जायेंगे। 26 अप्रैल को दूसरे चरण का मतदान होगा। तीसरे चरण के लिए 7 मई को वोट डाले जायेंगे। 13 मई को चौथे चरण ,20 मई को पांचवे चरण, 25 मई को छठे चरण और 1 जून को सातवें और अंतिम चरण का चुनाव होगा। वोटों की गिनती 4 जून को होगी और उसी दिन नतीजों की घोषणा कर दी जायेगी। लोकसभा चुनाव के साथ ही चार राज्यों में ओडिशा, आंध्र प्रदेश, सिक्कम और अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव होंगे। चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही देश में आदर्श आचार संहिता भी लागू हो गयी। चुनाव आयोग की ओर से मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने इसकी घोषणा की। **(शेष 11 पर)**




### करीब 97 करोड़ वोटर

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि इस बार युवा वोटर अच्छी संख्या में हैं। 18 से 19 साल की 85 लाख महिला वोटर हैं। 19-29 साल के 19.74 करोड़ वोटर हैं। 1.8 करोड़ वोटर पहली बार वोट डालेंगे। 85 साल के वोटर घर से ही वोट दे सकेंगे। इस बार करीब 96.88 करोड़ वोटर 12 लाख से अधिक मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें 49 करोड़ 72 लाख पुरुष मतदाता हैं। वहीं, 47.1 करोड़ महिला वोटर हैं।

**आयोग की सख्त हिदायत :** जाति-धर्म के नाम पर वोट न मांगे। प्रचार में बच्चों का इस्तेमाल न किया जाये। प्रचार मुद्दों पर आधारित होना चाहिए। प्रचार करने वाले व्यक्तिगत टिप्पणी न करें। फेक न्यूज फैलाने वालों पर कार्रवाई होगी। राजनीतिक दल मर्यादा बनायें रखें। मनी और मसल पावर का इस्तेमाल न करें। मतदान के कार्यों में संविदाकर्मियों को नहीं लगायें।

### किस राज्य कितने चरणों में होगा मतदान

देश के 22 राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों में एक चरण में चुनाव होंगे। अरुणाचल प्रदेश, अंडमान निकोबार द्वीप समूह, चंडीगढ़, दादरा नगर हवेली, दिल्ली, गोवा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, केरल, लक्षद्वीप, लद्दाख, मिजोरम, मेघालय, नगालैंड, पुडुचेरी, सिक्किम, तमिलनाडु, पंजाब, तेलंगाना और उत्तराखंड में एक चरण में वोट डाले जायेंगे। कर्नाटक, राजस्थान, त्रिपुरा और मणिपुर में दो चरण में वोटिंग होगी। छत्तीसगढ़ और असम में तीन चरणों में मतदान होगा। ओड़िशा, मध्य प्रदेश और झारखंड में 4 चरणों में चुनाव होंगे। महाराष्ट्र और जम्मू-कश्मीर में 5 चरणों में मतदान होगा। यूपी, बिहार और पश्चिम बंगाल में 7 चरणों में वोटिंग होगी।

### मतदान के सात चरण

| पहला | दूसरा | तीसरा | चौथा | पांचवा | छठा | सातवां |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 अप्रैल | 26 अप्रैल | 7 मई | 13 मई | 20 मई | 25 मई | 1 जून |

**नतीजे 04 जून 2024**

### फेज वाइज शेड्यूल

| चरण | पहला | दूसरा | तीसरा | चौथा | पांचवा | छठा | सातवां |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीटें | 102 | 89 | 94 | 96 | 49 | 57 | 57 |
| राज्य | 21 | 13 | 12 | 10 | 08 | 07 | 08 |
| अधिसूचना | 20 मार्च | 28 मार्च | 12 अप्रैल | 18 अप्रैल | 26 अप्रैल | 29 अप्रैल | 7 मई |
| नामांकन | 27, 28 मार्च | 4 अप्रैल | 19 अप्रैल | 25 अप्रैल | 03 मई | 06 मई | 14 मई |
| जांच | 28, 30 मार्च | 5, 6 अप्रैल | 20 अप्रैल | 26 अप्रैल | 04 मई | 07 मई | 15 मई |
| नाम वापसी | 30 मार्च 2 अप्रैल | 8 अप्रैल | 22 अप्रैल | 29 अप्रैल | 06 मई | 09 मई | 17 मई |




## झारखंड की 14 सीटों पर 4 चरण में चुनाव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोकसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा कर दी गयी। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने मीडियाकर्मियों को बताया कि झारखंड में 14 लोकसभा सीटों के लिए चार चरण में मतदान होगा। यहां चुनाव चौथे चरण (राष्ट्रीय) से शुरू होगा। **(शेष 11 पर)**

**झारखंड में ढाई करोड़ मतदाता:** झारखंड में मतदाताओं की कुल संख्या 2 करोड़ 53 लाख 86 हजार 152 है, जिसमें 1 करोड़ 24 लाख 48 हजार 225 महिला और एक करोड़ 29 लाख 37 हजार पुरुष मतदाता शामिल हैं। थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 469 है। झारखंड में पहली बार वोट देने वालों की संख्या 21 लाख 67 हजार 270 है, इनकी उम्र 18 साल से 22 साल के बीच है।

| चरण | तिथि | लोकसभा क्षेत्र |
|---|---|---|
| पहला चरण | 13 मई | सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा, पलामू, |
| दूसरा चरण | 20 मई | चतरा, कोडरमा, हजारीबाग, |
| तीसरा चरण | 25 मई | गिरिडीह,धनबाद, रांची, जमशेदपुर. |
| चौथा चरण | 01 जून | राजमहल, दुमका, गोड्डा. |

- गांडेय उपचुनाव को लेकर 20 मई को मतदान होगा.

- 2.55 करोड़ वोटर करेंगे वोट, 20 मई को गांडेय में उपचुनाव
- आचार संहिता कड़ाई से पालन कराने में जुटा आयोग

### 50 हजार से अधिक कैश पर सूचना जरूरी

भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा चुनाव की घोषणा होने के बाद 50 हजार रुपये तक की कैश के लिए कोई भी पाबंदी नहीं है। इससे ज्यादा पाया जाने पर संबंधित व्यक्ति को इस पैसे के बारे में जानकारी देनी होगी और वैलिड रीजन नहीं होने पर कार्रवाई की जा सकती है। इसी तरह 10 लाख से अधिक के कैश बरामद होने पर तत्काल इसकी सूचना आयकर विभाग को दी जाएगी। आयकर की टीम इस मामले में जांच करके अग्रतर कार्रवाई करेगी।

**न्यूज डायरी**

### राजधानी रांची में जुलूस व धरना-प्रदर्शन पर रोक

**रांची।** लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही रांची में आचार संहिता प्रभावी हो गयी है। एसडीओ ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। इसके तहत कोई भी व्यक्ति, दल संगठन, उम्मीदवार और अभ्यर्थी राजनीतिक प्रयोजन से संबंधित किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस, धरना-प्रदर्शन नहीं कर सकते हैं।

### कड़िया से भेंट कर अर्जुन मुंडा ने लिया आशीर्वाद

**खूंटी।** केंद्रीय मंत्री सह खूंटी सीट के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा शनिवार शाम पूर्व सांसद सह पद्मभूषण करिया मुंडा से उनके अनगढ़ा स्थित उनके घर पहुंचकर आशीर्वाद लिया। दोनों ने घंटों चुनाव की तैयारी पर चर्चा की। पिछले चुनाव में भी करिया मुंडा ने अर्जुन मुंडा के लिए किया था प्रचार।

### झारखंड में बारिश के साथ ओलावृष्टि, येलो अलर्ट

**रांची।** राज्यभर में शनिवार दोपहर बाद हुई बारिश ने बढ़ती गर्मी से राहत दी। रांची समेत बोकारो और रामगढ़ जिले में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। इस दौरान रांची में बारिश के साथ ही ठनका और ओलावृष्टि हुई। साथ ही तेज हवाएं भी चलीं। मौसम विज्ञान ने 20 मार्च तक के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। राज्य के दक्षिणी और मध्य हिस्से में मध्यम दर्जे की बारिश के साथ ही वज्रपात और तेज हवाएं चलेंगी। 19 मार्च के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

**गहना आभूषण**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 61300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 76000 रु./प्रति किलो |

**तीसरी आंख**




## हेमंत के नेतृत्व में लड़ेंगे सभी सीटें जीतेंगे: सीएम

### झारखंड में गठवंधन प्रत्याशियों की घोषणा शीघ्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन पूरी तरह से तैयार है। श्री सोरेन शनिवार को प्रोजेक्ट भवन परिसर में मीडिया से मुखातिब थे। उन्होंने कहा कि जारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर गठबंधन जीतेगा। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के दुमका से चुनाव लड़ने के सवाल पर सीएम ने कहा कि उन्हीं के नेतृत्व में हम लोगों ने विधानसभा चुनाव लड़ा था और लोकसभा चुनाव भी उन्हीं के नेतृत्व में ही लड़ेंगे। हेमंत सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के हर कैडर हर नेता को तैयार किया है। सीएम ने कहा, वह चुनाव की तैयारी में लगे हुए हैं। एक-दो दिन में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी जायेगी। सीएम चंपई सोरेन ने राजनाथ सिंह के झारखंड



दौरे कहा, जिसके मन में भय होता है, वह निकलकर सामने आ ही जाता है। यही राजनाथ सिंह के साथ भी हुआ है। राहुल की रैली में शामिल होने के सवाल पर कहा कि हम शीघ्र बतायेंगे। पीएम मोदी ने देश हमारा परिवार नाम से एक गीत लॉन्च किया है। इस पर चंपाई सोरेन ने कहा कि देश में अलग-अलग समुदाय, अलग अलग भाषा और संस्कृति है। उसे छुपाने के लिए इस तरह की बात की जा रही है, जो लोगों के समझ से परे है।

### धनबाद में बालू कारोबारी के यहां इडी छापा

**धनबाद।** बालू के अवैध कारोबार के खिलाफ शनिवार को इडी की चार टीम ने बिहार से झारखंड तक चार स्थानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई बालू कारोबार से जुड़े ब्रॉडसन कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक पुंज कुमार सिंह के तीन और कृष्ण मोहन सिंह के एक ठिकानों पर हुई। सुबह छह बजे से शुरू छापेमारी देर शाम तक चलती रही। जांच टीम ने कागज पर लिखा लेन देने के रिकॉर्ड के साथ ही मेमोरी कार्ड, पेन ड्राइव, हार्ड डिस्क, वही खाता, डायरी, मोबाइल फोन के मेमोरी कार्ड, रजिस्टर, संपत्ति के कागज, बैंक खाते का रिकॉर्ड और लॉकर से दस्तावेज आदि अपने कब्जे में ले लिया है। पुंज सिंह के आरा और धनबाद के झरिया और धैया अवास में छापेमारी की। छापेमारी की गयी इस दौरान सीआरपीएफ की टीम तैनात थी।






## राज्य कैबिनेट की बैठक में 53 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# 37 लाख स्कूली बच्चों को मिलेगा नि:शुल्क बैग

- 91 आदिम जनजातीय क्षेत्रों में खुलेंगे आंगनबाड़ी केंद्र
- गोला-मुरी रोड 333 करोड़ में होगा फोरलेन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की अध्यक्षता में शनिवार को हुई कैबिनेट की बैठक में 53 प्रस्तावों को पारित हुए। अब राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को नि:शुल्क बैग मिलेगा। इसका लाभ क्लास एक से आठ तक के 37 लाख बच्चों को मिलेगा। आगामी शैक्षणिक सत्र से यह लाभ मिलना शुरू हो जायेगा। बैठक में झारखंड राज्य निर्वाचन आयुक्त नियमावली 2024 संशोधित किया गया। इसके तहता निर्वाचन आयुक्त की उम्र सीमा 64 वर्ष के स्थान पर 65 वर्ष निर्धारित की गयी। उनका कार्यकाल तीन वर्ष की जगह चार वर्ष का होगा। वहीं प्रधानमंत्री बीमा फसल योजना लागू रखने का फैसला किया गया। गरीबों को हर तिमाही गैस रिफिलिंग की सुविधा देने का निर्णय लिया गया है। किसान समृद्धि योजना के लिए 80 करोड़ की मंजूरी। जज उत्तम आनंद की आश्रित पत्नी को अनुकंपा पर सहायक निबंधन के पद पर नौकरी की भी मंजूरी दी गयी। बैठक में लिये गये फैसले की जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने दी। **(शेष 11 पर)**

### नि:शुल्क बैग पर 57 करोड़ आयेगा खर्चा




राज्य सरकार नि:शुल्क बैग के लिए 57 करोड़ रुपये खर्च करेगी। क्लास एक और दो के बच्चों के लिए प्रति बैग 140 रुपये, क्लास तीन से पांच के बच्चों के लिए 150 रुपये और क्लास छह से आठ तक के बच्चों के बैग के लिए 160 रुपये खर्च किए जायेगे। सरकारी विद्यालयों में नि: शुल्क विद्यालय योजना के तहत स्कूल बैग दिया जायेगा। इसमें 57 करोड रुपए खर्च आयेगा। कुल 37 लाख बच्चों को 140 से 650 रुपये तक का बैग मिलेगा।

**शिक्षक पात्रता नियमावली मंजूर:** कैबिनेट सचिव ने बताया कि झारखंड शिक्षक पात्रता नियमावली 2024 का गठन किया गया है। योजना विकास विभाग के तहत पीपीपी मोड के तहत कोषांग का गठन किया गया है। आम-उपचुनाव में निर्वाचन कार्य में संलग्न पदाधिकारी के कार्य अवधि से अधिक समय तक काम करने के एवज में पारितोष के भुगतान की स्वीकृति दी गयी। राज्य ग्रामीण विकास संस्थान को ऑटोनोमस कर दिया गया है। इसमें पूर्व से जो भी कार्यरत हैं, वह सब रहेगा। संस्थान का नाम राज्य ग्रामीण विकास पंचायती राज संस्थान किया गया।

# जेई भर्ती में बीटेक वाले आवेदन कर सकते हैं या नहीं इसपर हाईकोर्ट में फैसला सुरक्षित, फैसला 6 मई को

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जूनियर इंजीनियर (जेई) के करीब 1900 पद पर नियुक्ति में चार वर्षीय बीटेक इंजीनियरिंग डिग्री धारियों को भी झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (जेएसएससी) द्वारा परीक्षा में सीधे शामिल कराने को चुनौती देने वाली ऋचा राज की रिट याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया. हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी की कोर्ट मामले में 6 मई को अपना आदेश सुनाएगी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने पैरवी की। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि जेएसएससी ने जूनियर इंजीनियर पद के लिए सिविल, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल और एग्रीकल्चर में डिप्लोमाधारी अभ्यार्थियों के लिए विज्ञापन संख्या 4 /2023 निकला था। इसमें कहा गया था कि डिप्लोमा होल्डर के अलावा उच्च तकनीकी योग्यताधारी भी आवेदन देने के पात्र होंगे। प्रार्थी का कहना था कि इस पद के लिए 4 वर्षीय बीटेक



इंजीनियरिंग धारी अभ्यर्थियों को सीधे परीक्षा में शामिल कराया जाना गलत है। विज्ञापन में शैक्षणिक पात्रता में कहीं भी बीटेक इंजीनियरिंग धारी अभ्यर्थियों को शामिल करने का उल्लेख नहीं किया गया था। यह पद डिप्लोमा धारी के लिए था। उच्च तकनीकी योग्यता धारी का तात्पर्य यह था कि जिन अभ्यर्थी ने 3 वर्षीय डिप्लोमा पास किया था और इसके बाद वह इस डिप्लोमा डिग्री के आधार पर इंजीनियरिंग कॉलेज में नामांकन लेकर 3 वर्ष अतिरिक्त पढ़ाई कर इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त की है, इन्हें शामिल किया जाना था। 4 वर्षीय बीटेक धारी अभ्यर्थियों के लिए अस्सिटेंट इंजीनियर का पद होता है।

इस पद पर डिप्लोमा धारी अभ्यर्थी आवेदन नहीं कर सकते हैं। असिस्टेंट इंजीनियर पर वही अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं जिन्होंने सरकार से संबंधित किसी संस्थान से 4 वर्षीय बीटेक डिग्री प्राप्त की हो। लेकिन जूनियर इंजीनियर के पद के लिए अर्हता डिप्लोमा डिग्री रहती है। प्रार्थी की ओर से पटना, इलाहाबाद, मुंबई और उत्तराखंड हाई कोर्ट के जजमेंट का भी हवाला दिया गया। जिसमें जूनियर इंजीनियर के पद पर सिर्फ डिप्लोमा योग्यता रखने वाले को परीक्षा में शामिल करने की अनुमति दी गई थी। प्रार्थी का कहना था कि जूनियर इंजीनियर के पद पर भी 4 वर्षीय बीटेक धारी अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे तो बहुत कम डिप्लोमा धारी अभ्यर्थी इस परीक्षा में सफल हो सकेंगे। प्रार्थी ने कोर्ट से विज्ञापन की शर्त उच्च तकनीकी योग्यता धारी को भी इस परीक्षा में शामिल करने का क्या मतलब है इसे स्पष्ट करने का आग्रह किया है।

### राम विनोद सिन्हा को सुप्रीम कोर्ट ने इन शर्तों पर दी बेल

**रांची।** बर्खास्त इंजीनियर राम विनोद सिन्हा को सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कुछ शर्तों पर जमानत दे दी है। करीब 5 वर्षों से जेल की सलाखों के पीछे रहने के बाद शीर्ष अदालत ने राम विनोद सिन्हा को इस शर्त पर बेल दी है कि वो हर तारीख में अदालत के समक्ष सशरीर हाजिर होना होगा। अदालत ने यह भी शर्त रखी है कि वह जमानत पर रहने के दौरान जिस मोबाइल नंबर का इस्तेमाल करेंगे, उसकी जानकारी इडी के अधिकारीयों को मुहैया करायेंगे। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज की खंडपीठ में राम विनोद सिन्हा की ओर से झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता पांडेय नीरज रॉय और अधिवक्ता रचिता राय ने बहस की। भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों से घिरे बर्खास्त जूनियर इंजीनियर राम विनोद सिन्हा पर खूंटी में करीब 17 मामले दर्ज हैं, जिसकी जांच एसीबी कर रही है। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग और आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के साथ-साथ कई गड़बड़ियां करने के आरोपी बर्खास्त इंजीनियर राम विनोद प्रसाद सिन्हा को 18 जून 2020 में कोलकाता से गिरफ्तार किया था। बर्खास्त इंजीनियर राम विनोद सिन्हा पर खूंटी जिला परिषद के मनरेगा योजना से जुड़े 18 करोड़ 76 लाख रुपये के फर्जीवाड़े का आरोप है।

## मुख्यमंत्री ने बंदगांव और हाटगम्हरिया में डिग्री कॉलेज की रखी आधारशिला, कहा

# बेहतर शिक्षा से बेहतर समाज का निर्माण संभव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/बंदगांव।** मुख्यमंत्री ने टाटा कॉलेज मैदान, चाईबासा में आयोजित समारोह में लगभग 2 अरब, 31 करोड़ रुपये की 135 योजनाओं का शिलान्यास और 1 अरब 7 करोड़ रुपये की 27 योजनाओं का किया उदघाटन, लाभुकों के बीच करीब 173 करोड़ रुपये की बांटी परिसंपत्ति। उन्होंने कहा कि बेहतर शिक्षा से बेहतर समाज और राज्य का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण बच्चों को कॉलेज की पढ़ाई के लिये बाहर जाने की जरूरत नहीं, गांवों में खोले जा रहे डिग्री कॉलेज। व्यक्तित्व के समग्र विकास के लिये अच्छी शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। आदिवासियों- मूलवासियों की भाषा संस्कृति, परंपरा और अस्मिता को बचाये रखने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आपकी जरूरत के अनुरूप योजनाएं बनाकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का हो रहा काम। उन्होंने कहा कि अब आपको कॉलेज की पढ़ाई के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं है। आपके गांव या आसपास में डिग्री कॉलेज खोला जा रहा है। जहां आप अपनी पढ़ाई कर सकते हैं।




इसके लिए अब आपको शहरों का रुख नहीं करना होगा। ग्रामीण इलाकों में बच्चों को प्राइमरी से लेकर कॉलेज तक की बेहतर शिक्षा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं को आगे बढ़ाने के लिए सरकार निरंतर प्रयास करी है। इस कड़ी में अब प्राथमिक विद्यालयों से कुड़ुख, हो, मुंडारी और संथाली जैसी जैसी जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई शुरू की जा रही है। इसके लिए विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति करने के निर्देश दे दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं शुरू की गई है। यहां के शिक्षण संस्थानों को जरूरी संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। गरीब बच्चों को अपने ही गांव-घर में क्वालिटी एजुकेशन देने के लिये स्कूल ऑफ एक्सीलेंस तथा मॉडल स्कूल खोले गये हैं। उन्होंने कहा कि जनजातीय भाषा संस्कृति परंपरा, जल- जंगल जमीन, सामाजिक धार्मिक स्थलों और आदिवासियों - मूलवासियों की अस्मिता बचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार इसके साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ नहीं होने देगी । ये हमारी धरोहर है। इसे देश- दुनिया में अलग पहचान दिलायेंगे। उन्होंने कहा कि यह आपकी सरकार है। आपके दुःख.दर्द को भली.भांति समझते हैं । ऐसे में आपकी उम्मीद और जरूरत के अनुरूप योजनायें बनाकर उसे समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों के रोटी, कपड़ा और मकान जैसी आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक व्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं। राज्य के ग्रामीण इलाकों में 15 हजार किलोमीटर सड़कों का जाल बिछ रहा है। खेतों में भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से पानी पहुंचाने के लिए कई परियोजनाएं शुरू की गई है ।

### विकास को दे रहे नया आयाम

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य के गठन के बाद 19 वर्षों तक यहां के विकास की किसी को चिंता नहीं रही। यहां के खनिज संसाधनों का दोहन होता रहा । आदिवासी. मूलवासी के हितों की अनदेखी होती रही । लेकिन, वर्ष 2019 में मुख्यमंत्री का पद संभालने के बाद हेमन्त बाबू ने अपने कुशल नेतृत्व से राज्य के विकास को नई दिशा दी । आज हमारी सरकार उसी रास्ते आगे बढ़कर विकास को एक नया आयाम दे रही है। इस अवसर पर मंत्री दीपक बिरुवा, विधायक जोबा मांझी, सुखराम उरांव और दशरथ गागराई, जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सोरेन और कोल्हान प्रमंडल के आयुक्त और डीआईजी समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद थे।

## डॉ बिरसा उरांव अपने समर्थकों संग भाजपा का दामन थामा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री सह सांसद आदित्य साहू ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासी समाज का मान, सम्मान व स्वाभिमान बढ़ाया। श्री साहू शनिवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित मिलन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टी कांग्रेस- झामुमो से लोगों का मोह भंग होता जा रहा है। बड़े नेता से लेकर कार्यकर्ता तक पार्टी छोड़ते जा रहे है। वहीं, दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नीति- नियत एवं नेतृत्व से प्रभावित होकर दूसरे दलों से लोग भाजपा में शामिल हो रहे है। मिलन समारोह में कांग्रेस के वरिष्ठ आदिवासी नेता डॉ बिरसा उरांव, बेदिया विकास परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जीतनाथ बेदिया, समाजसेवी डॉ जयप्रकाश, भुईया समाज कल्याण समिति कोल्हान क्षेत्र के उपाध्यक्ष पोरेश नायक, तांती समाज कोल्हान क्षेत्र के अध्यक्ष राशानंद कुमार तांती, समाज सेवी अशोक कुमार सहाय, समाजसेवी छोटन लोहरा ने अपने-अपने समर्थकों के साथ पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया। आदित्य साहू ने सभी नेताओं को माला एवं पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। डॉ बिरसा उराँव ने कहा कि कांग्रेस-झामुमों आदिवासियों को कर रही दिग्भ्रमित। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासी समाज का मानए सम्मान व स्वाभिमान बढ़ाया है। रांची ग्रामीण के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने ऑनलाइन सदस्यता नंबर 8980808080 पर सभी लोगो को ऑनलाइन सदस्यता दिलाई तथा कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने किया।

### सात चरणों में होने वाले आम चुनाव की तिथि का स्वागत : आदित्य

**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने कहा कि 18वीं लोकसभा चुनाव के परिणाम विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का सराहनीय निर्देश, मुद्दों पर हो आम चुनाव में बहस। उन्होंने 18वीं लोकसभा चुनाव के मतदान की घोषित तिथियों का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि भारत का लोकतंत्र रोज मजबूत हो रहा है। सुशासन के कारण आम जन विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा, जिसके सकारात्मक परिणाम भी आये हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में देश के 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आये। गांव, गरीब, किसान, दलित, वंचित पिछड़े सभी के दरवाजे तक पक्का मकान,शौचालय, गैस सिलेंडर बिजली, स्वास्थ्य सुविधा,सम्मान राशि पहुंचाने की कोशिश की गई है। उन्होंने कहा कि झारखंड में चार चरणों में राज्य की जनता 14 लोकसभा सीट पर उम्मीदवार केलिये मतदान करेगी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से मोदी सरकार के प्रति जन विश्वास बढ़ा है। देश का स्वाभिमान और सम्मान बढ़ा है ।

## चुनाव आयोग राजनीतिक पार्टियों को दे समान अधिकार : झामुमो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** 24 साल के हम लोग भी हो गये हैं, अब समझने लगे हैं, चुनाव आयोग की चालाकी। हम लोग किसी भी सूरत में छोड़ने वाले नहीं हैं। उक्त बातें झारखंड मुक्त मोर्चा के प्रवक्ता सुप्रियो भप्ताचार्य ने कही। वह शनिवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से रुबरू होते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को गंभीरता से देखा और सुना है। धनराशि जो पकड़ में आती है, उसकी स्थिति क्या है, उन पर कौन सी कार्रवाई होती है। सब जानते हैं। सुप्रियो भप्ताचार्य ने कहा कि इसमें भी सबसे बड़ा हिस्सा भारतीय जनता पार्टी का होता है। आईपीएस अधिकारी ने पीएम का हैलीकॉप्टर चेक कर लिया तो उसे बर्खास्त ही कर दिया गया था। ऐसी परिस्थिति में भी हम चुनाव आयोग पर यकीन करते हैं। मालूम हो 2019 के बाद से फरवरी 2024 तक भारतीय इलेक्टोरल बॉन्ड से जो पैसा मिला उसे जब्त कर देना चाहिए था। वह धन चाहे किसी भी राजनीति पार्टी की हो।



#### चुनाव आयोग की नजर सभी पर समान हो

चुनाव आयोग आज के बाद से हर राजनीतिक दलों पर नजर रखे। ऐसा नहीं हो की बटन यहां दबे आवाज कही और से आए। प्रवक्ता ने कहा कि बीजेपी द्वारा जो लहर बहने की बात सामने आ रही है। सपने देखना चाहिए।

#### कार्यकर्ता की चाह हेमंत लड़े चुनाव

उन्होंने बताया कि कार्यकताओं के अनुसार लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चुनावी मैदान में चुनाव लडेंगे। लेकिन अभी कहा से यह तय नहीं है, यह स्वयं हेमंत ही तय करेंगे की उन्हें कहा से चुनाव लड़ना है। दुमका, जामताड़ा, गांडेय, देवघर, खूंटी, सिमडेगा, लोहरदगा हर जगह की जनता उन्हें ही चुनावी मैदान में उतरने को प्रेरित कर रही है।

#### कांग्रेस के बाद जेएमएम करेगी पार्टी की घोषणा

झामुमो अपने प्रत्याशियों की घोषणा कांग्रेस पार्टी की घोषणा के बाद करेगी। पहले कांग्रेस की ओर से दिल्ली में प्रत्याशियों की घोषणा होगी। उसके बाद यहां झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से उसके तुरंत बाद और दूसरे दिन झामुमो अपने प्रत्याशियों की घोषणा करेंगे।

#### बीजेपी भी सपने देखने की आदि हो जाएगी : सुप्रियो

उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा हेमंत सोरेन के साथ है, उनसे अलग नहीं हैं। बीजेपी 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि लड़ना अलग बात है, सपने देखना अच्छी बात है। जीवन का यह भी एक अहम हिस्सा है। पीएम की तरह अब बीजेपी भी सपने देखने की आदि हो जाएगी।

### अफसर अली की डिस्चार्ज अर्जी पर सुनवाई पूरी

**रांची।** बरियातू मौजा के सेना के कब्जेवाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद–बिक्री में चार्जशीटेड दलाल रिम्सकर्मी अफसर अली उर्फ अफ्सू खान की डिस्चार्ज अर्जी पर शनिवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के प›ात अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत अपना आदेश होली अवकाश के बाद 30 मार्च को सुनायेगी। ईडी ने उक्त आरोपी में 14 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है।

## पलामू लोस सीट: ससुराल से तीसरी बार लड़ेंगे भाजपा के वीडी राम

**कुबेर सिंह**

**रांची।** पलामू लोकसभा सीट पर भाजपा ने पूर्व डीजीपी वीडी राम को तीसरी बार टिकट देकर एक बार फिर से भरोसा जताया है। मूलतः बिहार के बक्सर जिले के नैनीजोर गांव के निवासी सांसद विष्णु दयाल राम पलामू के दामाद हैं। वह झारखंड के दो बार डीजीपी रह चुके हैं। पहली बार एक जुलाई 2005 से 27 सितंबर 2006 तक तथा दूसरी बार चार अगस्त 2007 से 13 जनवरी 2010 तक उन्होंने पुलिस महानिदेशक का पद



संभाला। वे भागलपुर के एसपी और पटना के एएसपी भी रह चुके हैं। भागलपुर में अंखफोड़वा कांड भी इन्हीं के समय हुआ था, जिस पर बाद में गंगाजल फिल्म बनी। 1973 बैच के आईपीएस अधिकारी रहे वीडी राम ने सेवानिवृत्ति के बाद भाजपा की सदस्यता ली और 2014 के संसदीय आम चुनाव में पलामू से सांसद चुने गये। 23 जुलाई 1951 को जन्मे वीडी राम की धर्मपत्नी पुष्पा दयाल झारखंड विधानसभा में सत्ता पक्ष के मुख्य सचेतक रह चुके राधाकृष्ण किशोर की बहन हैं। तीन बच्चों के पिता विष्णु दयाल राम नेतरहाट और पटना कॉलेज के विद्यार्थी रहे हैं। गौरतलब हो कि पलामू लोकसभा सीट पर कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल की अपनी-अपनी दावेदारी रहती है।

#### घड़ी नहीं होने से मां शुक्र ग्रह देखकर समय बताती थी: वीडी राम

सांसद सह झारखंड के पूर्व डीजीपी विष्णु दयाल राम (बीडी राम) ने कई बार अपने जीवन के संघर्ष को बताया है। उन्होंने कहा है कि मेरे बचपन के दिनों में ही पिताजी का निधन हो गया। इसके बाद भी दीया और लैंप के नीचे मैंने अपनी पढ़ाई पूरी की। तब घर में घड़ी नहीं थी। मां शुक्र ग्रह की स्थिति देख कर रात में पढ़ने के लिए मुझे जगाती थी। एक बार बचपन में जब शिक्षक ने मुझसे पूछा कि भविष्य में क्या बनना चाहते हो, तो मैंने कहा था आईपीएस। तब मुझे आईपीएस ऑफिसर का मतलब ही नहीं पता था। स्टूडेंट्स को सफलता हासिल करने के लिए लक्ष्य निर्धारण जरूरी है। सामने जितने भी लक्ष्य हैं, सभी को कॉपी में नोट कर अपनी प्राथमिकता तय करनी चाहिए। सांसद का कहना है कि जो हार मान लेता है, वही हारता है, संघर्ष छोड़ देना ही असफलता है। जिन विद्यार्थियों को लक्ष्य को लेकर हमेशा डर बैठा रहता है, वैसे स्टूडेंट्स को प्रेरणादायी कविता गढ़कर उत्साह भरने में भी माहिर है।

## खबर एक नजर में

### हाईकोर्ट ने निचली अदालत का फैसला पलटा कहा-सहमति से बना शारीरिक संबंध रेप नहीं

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने पिछले दिनों एक क्रिमिनल अपील पर सुनवाई करते हुए निचली अदालत के उस आदेश को पलट दिया, जिसमें रेप के आरोप में एक युवक को दोषी करार देते हुए सात वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनायी थी। दरअसल पाकुड़ सिविल कोर्ट ने मोहिदुल नाम के एक युवक को रेप के आरोप में दोषी करार दिया था। पाकुड़ सिविल कोर्ट के इस आदेश के खिलाफ मोईदुल ने झारखंड हाईकोर्ट में क्रिमिनल रीट दाखिल की थी। जिसपर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अपने आदेश में कहा कि सभी तथ्यों को देखने के बाद यह स्पष्ट होता है कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध नहीं बनाये। युवती की सहमति से ही शारीरिक संबंध स्थापित हुआ, इसलिए यह रेप नहीं माना जायेगा। प्रार्थी मोईदुल की ओर से अधिवक्ता जसविंदर मजूमदार ने बहस की। वहीं राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पंकज कुमार मिश्रा ने बहस की।

### अवैध खनन मामला: सुनील यादव की जमानत पर हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी, आदेश सुरक्षित

**रांची।** साहिबगंज में 1250 करोड़ के अवैध खनन मामले में आरोपी सुनील यादव की ओर से दाखिल जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में दोनों पक्षों की बहस पूरी हो गई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। प्रार्थी की ओर से सुनवाई के दौरान कहा गया कि उनके खिलाफ जो आरोप लगे हैं वह निराधार हैं। अवैध खनन मामले में उनकी कोई संलिप्तता नहीं है। उनके खिलाफ मनी लांड्रिंग का कोई मामला नहीं बनता है। सुनील यादव की ओर से अधिवक्ता सब्यसाची ने पक्ष रखा। दरअसल 7 अक्टूबर 2023 को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने सुनील यादव की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। सुनील, दहू यादव का भाई है। ईडी कोर्ट ने इन दोनों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इसके बाद साहिबगंज पुलिस ने 26 अगस्त 2023 को सुनील यादव को गिरफ्तार किया था। इसी मामले में आरोपी सुनील का भाई दाहु यादव अब तक फरार है। बता दे कि ईडी ने साहिबगंज में अवैध खनन घोटाले की जांच में पंकज मिश्रा के साथ ही सुनील यादव और दाहू यादव को अवैध खनन में लिप्त पाया है। मामले में ईडी ने सुनील यादव के खिलाफ भी ईसीआईआर 4 /2022 में मामला दर्ज किया है।

### उषा मार्टिन के एमडी राजीव झवर के खिलाफ हाईकोर्ट ने पीड़क करवाई पर रोक 22 मार्च तक रखी जारी

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी उषा मार्टिन के एमडी राजीव झवर की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने राजीव झांवर के खिलाफ पीड़क करवाई पर रोक 22 मार्च तक जारी रखी है। अगली सुनवाई 22 मार्च को होगी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता सुमित गाड़ोदिया ने पैरवी की। वहीं ईडी की ओर से अधिवक्ता एके दास ने पैरवी की। मामले को लेकर ईसीआईआर 2/ 2021 दर्ज किया है। उषा मार्टिन को घाटकुड़ी, प›िम सिंहभूम स्थित विजय टू में आयरन ओर के लिए कैपटिव माइनिंग का काम मिला था। आरोप है कि कंपनी ने कोयले का इस्तेमाल अपने लिए करने की बजाय उसे मार्केट में बेच दिया। मामले को लेकर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया है।

### वीरेंद्र राम की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी, आदेश सुरक्षित

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की जमानत याचिका पर सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में दोनों पक्षों की दलील पूरी हो गई। इसके बाद हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। ईडी की ओर से अधिवक्ता एके दास ने पैरवी की। दरअसल, पूर्व में ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने वीरेंद्र राम की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। बता दे कि 21 अप्रैल 2023 को वीरेंद्र राम, उनके भाई आलोक रंजन, वीरेंद्र राम की पत्नी राजकुमारी देवी एवं पिता गेंदा राम के खिलाफ ईडी की अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। ईडी की टीम ने वीरेंद्र राम की 39.28 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति अटैच कर चकी है। अटैच की गई संपत्ति वीरेंद्र द्वारा टेंडर में कमीशन से उगाही कर अर्जित की गई है। 22 फरवरी 2023 को वीरेंद्र राम के आवास पर छापेमारी के दौरान उसके रांची के अशोक नगर स्थित आवास से ईडी ने गिरफ्तार किया था।

### कौशल्या इंफ्रास्ट्रक्चर निदेशक के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर हाईकोर्ट ने 22 तक लगाई रोक

**रांची।** चर्चित अलकतरा घोटाला में 1.08 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी कौशल्या इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड के निदेशक महेश मेहरा के खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट ने पीड़क कार्रवाई पर रोक 22 मार्च तक जारी रखी है। महेश मेहरा की ओर से हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई है। हाई कोर्ट के न्याय मूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट में मामले के अगली सुनवाई 22 मार्च को होगी। दरअसल, कौशल्या इंफ्रास्ट्र^ र को परवा –गढ़वा रोड की 30 किलोमीटर की सड़क के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण का काम रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट, डालटनगंज की ओर से दिया गया था। आरोप लगाया गया है कि कंपनी द्वारा अलकतरा के करीब एक करोड़ 8 लाख रुपये का फर्जी बिल रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट में जमा किया गया। मामले में पहले सीबीआई जांच कर रही थी, बाद में ईडी ने इस मामले को अपने हाथों में लिया।

**आरोप पत्र पर कोर्ट ले चुकी है संज्ञान** : ईडी कोर्ट में मामले में ईडी ने 6 आरोपियों महेश मेहरा एवं नागवंत पांडेय सहित कौशल्या इंफ्रास्ट्र^ र डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड, कौशल्या टाउनशिप प्राइवेट लिमिटेड, कौशल्या निर्माण प्राइवेट लिमिटेड, बंगाल केडीसी हाउसिंग डेवलपमेंट लिमिटेड के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। जिस पर ईडी कोर्ट ने संज्ञान लिया है। इस मामले में ईडी ने ईसीआईआर 3/2023 दर्ज किया है। दरअसल , वर्ष 2021 में ईडी ने झारग्राम में कौशल्या हेरिटेज होटल को जप्त किया था. कंपनी ने 59 रसीद जमा की थी।

### छवि रंजन सहित नौ आरोपियों की हिरासत अवधि दो सप्ताह बढ़ी

**रांची।** सेना के कब्जेवाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद–बिक्री में संलिप्त निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन समेत नौ आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि कोर्ट से दो सप्ताह के लिए बढ़ा दी है। इससे पूर्व ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में जेल में बंद आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 30 मार्च निर्धारित की है। मामले में छवि रंजन चार मई 2023 से जेल में है। मामले में छवि रंजन के साथ बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, प्रदीप बागची, दलाल रिम्स कर्मी अफसर अली, इम्तियाज अहमदए सद्दाम हुसैन, तल्हा खान, फैयाज अहमद एवं अमित अग्रवाल की न्यायिक हिरासत अवधि 30 मार्च तक बढ़ा दी गई है।

### एक आइपीएस समेत चार डीएसपी का तबादला

**रांची।** राज्य सरकार ने एक आईपीएस और चार डीएसपी का तबादला किया है। इससे संबंधित आदेश झारखंड पुलिस मुख्यालय ने जारी किया है। जारी आदेश के मुताबिक, रांची ग्रामीण एसपी के पद पर पदस्थापित पीयूष पांडेय को जैप 10 होटवार रांची का कमांडेंट बनाया गया है। जबकि रांची ट्रैफिक एसपी सुमित अग्रवाल को रांची ग्रामीण एसपी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

**चार डीएसपी का तबादला** : डीएसपी सिमडेगा के पद पर पदस्थापित बैजू उरांव को पलामू डीआइजी ऑफिस में पदस्थापित किया गया। मुख्यालय डीएसपी बोकारो के पद पर पदस्थापित पवन कुमार को सिमडेगा डीएसपी बनाया गया। साहेबगंज डीएसपी के पद पर पदस्थापित बहामन टूटी को डीएसपी आईआरबी 9 गिरिडीह बनाया गया और आईआरबी 9 डीएसपी के पद पर पदस्थापित किशोर तिर्की को डीएसपी साहेबगंज के पद पदस्थापित किया गया।

स्पीड न्यूज

## जेपीएससी परीक्षा के 65 केंद्रों पर धारा 144

**धनबाद।** झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा (जेपीएससी) रविवार 17 मार्च को जिले के 65 केंद्रों पर होगी। अनुमंडल दंडाधिकारी उदय रजक ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर परिक्षेत्र में परीक्षा अवधि तक धारा 144 लागू रहेगी। परीक्षा दो शिफ्ट में होगी। पहली शिफ्ट सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं दूसरी शिफ्ट दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक होगी। सभी परीक्षा केंद्रों में कदाचार मुक्त, शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा का संचालन करने के लिए विधि व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक है। इसलिए निषेधाज्ञा के दौरान परीक्षा अवधि में परीक्षा केंद्रों के अगल-बगल में अनावश्यक भीड़ लगना, मटरगश्ती करना, लाउडस्पीकर का उपयोग करना एवं अनधिकृत रूप से हथियार लेकर चलने तथा कदाचार से संबंधित किसी प्रकार की वस्तु का उपयोग करने पर प्रतिबंध रहेगा।

## मुनीडीह में स्कूल बस खराब, अभिभावक व बच्चे रहे परेशान



**लोयाबाद।** इंडियन स्कूल ऑफ लर्निंग मुनीडीह स्कूल की बस शनिवार को लोयाबाद मोड के पास एकाएक खराब हो गई, जिससे बच्चों को भारी परेशानी हुई। बस के स्टाफ सहित कुछ अन्य लोग बस को ठेलते नजर आये। बस में छात्र एवं छात्राएं काफी परेशान थीं। उन्हें चिंता सता रही थी कि वे घर कैसे और कब पहुंचेंगे। जानकारों का कहना है कि स्कूल बस बिना मेंटेनेंस के अक्सर रास्ते में खराब होती रही हैं। इस पर प्रबंधन का ध्यान नहीं है।

## नीरज हत्याकांड में चंदन सिंह का आवेदन खारिज

**धनबाद।** पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों के हत्याकांड की सुनवाई शनिवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत में हुई। सुनवाई के दौरान अधिवक्ता मो जावेद एवं अपर लोक अभियोजक सुमित प्रकाश ने बहस की । उभय पक्ष को सुनने के बाद अदालत ने चंदन सिंह की याचिका खारिज कर दी है। 29 फरवरी को सतीश उर्फ चंदन की ओर से आवेदन देकर कहा गया था कि राम आह्लाद राय के घर से पुलिस ने कुछ प्लेट, बल्ब व बर्तन बरामद किए थे और उसका फिंगरप्रिंट लिया था। इसलिए फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को गवाही के लिए अदालत में बुलाया जाए। 21 मार्च 2017 के संध्या 7 बजे नीरज सिंह अपने फॉच्यूनर कार जेएच10एआर-4500 से सरायढ़ेला स्थित अपने आवास रघुकुल लौट रहे थे। वह ड्राइवर के साथ आगे सीट पर बैठे थे। पीछे की सीट पर उनका सहायक सरायढेला न्यू कॉलोनी निवासी अशोक यादव और दो निजी अंगरक्षक मुन्ना तिवारी आदि बैठे थे। स्टील गेट के पास बने स्पीड ब्रेकर पर नीरज की गाड़ी की रफ्तार कम होते ही 4 हमलावरों ने उनकी कार पर गोलियों की बरसात कर उनकी हत्या कर दी थी।

# ईडी ने बालू कारोबारी के कई ठिकानों पर की छापामारी

### कारोबार से जुड़े कई दस्तावेज किया जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** जिले के झरिया क्षेत्र के नामी बालू कारोबारी पुंज सिंह के ठिकानों पर शनिवार की सुबह ईडी पहुंची। कारोबारी के झरिया के हेटलीबांध स्थित आवास तथा धनबाद के धैया स्थित कृष्णा रेजिडेंसी में ईडी ने छापेमारी शुरू की। पूंज सिंह के भाई के आवास पर टीम जांच पड़ताल कर रहीं है। ईडी ने घर के अंदर मौजूद कई दस्तावेज जब्त कर लिये हैं। समाचार लिखे जाने तक छापामारी जारी थी। पूरा मामला बिहार में बालू कारोबार से जुड़ा बताया जा रहा ह। ईडी की कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है। बताया जाता है कि ईडी बिहार में करीब 250 करोड़ रुपये के बालू घोटाले की जांच कर रही है। बता दें कि पुंज सिंह ब्रॉडशान कमोडिटी प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स आदित्य मल्टीकॉम प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर हैं। वहीं सुरेंद्र जिंदल और मिथिलेश सिंह इस कंपनी के पार्टनर हैं। दोनों मोर मुकुट प्राइवेट लिमिटेड के भी पार्टनर हैं। साल 2023 में इन दोनों के ठिकानों पर भी ईडी ने छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान ईडी को कई दस्तावेज हाथ लगे थे।

### इससे पहले भी हो चुकी है छापामारी

इससे पहले ब्रॉडशान कंपनी के निदेशकों के ठिकानों पर आईटी की छापेमारी हो चुकी है, जिसमें करोड़ों की टैक्स चोरी का खुलासा हुआ था। बाद में ईडी ने बालू खनन घोटाले का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। जून 2023 में ईडी ने झारखंड में कुल 11 जगहों पर छापेमारी की थी। मोर मुकुट कंपनी के पार्टनर जगनारायण सिंह और उनके बेटे सतीश सिंह को ईडी ने पटना से गिरफ्तार किया था।

## पत्नी की हत्या का आरोपी दोषी करार सजा 21 को

**धनबाद।** पत्नी की चाकू से काटकर हत्या करने और साक्ष्य छिपाने की नीयत से उसके सिर को मूसल से कुचल देने के एक मामले में आज अदालत ने फैसला सुनाया। धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी उड़ीसा निवासी देवेंद्र साव को दोषी करार दिया। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 21 मार्च की तारीख तय की है। प्राथमिकी मृतक के भाई अमन कुमार वर्मा की शिकायत पर धनसार थाने में 29 सितंबर 20 को दर्ज की गई थी । प्राथमिकी के मुताबिक पिंकी की शादी देवेंद्र के साथ वर्ष 11 में हुई थी। शादी के बाद उन्हें दो बच्चे भी हुए। आरोप था कि देवेंद्र अपनी पत्नी पर शक करता था और इस कारण उसे बराबर मारता-पीटता रहता था।

## पूर्व मंत्री सत्यनारायण दुदानी की पत्नी का निधन, शोक व्यक्त

### अंत्येष्टि में शामिल हुए कई गणमान्य और विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोविंदपुर।** एकीकृत बिहार के पूर्व मंत्री सत्यनारायण दुदानी की धर्मपत्नी लीलावती दुदानी का शनिवार सुबह निधन हो गया। वह लगभग 91 वर्ष की थी। वह बड़े पुत्र समाजसेवी शरत दुदानी तथा चार पुत्रियां उषा, किरण, अनुपमा एवं कुमुद सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। छोटे पुत्र हेमंत दुदानी का निधन कई वर्ष पूर्व हो चुका है। उनके निधन की खबर सुनकर पूर्व विधायक फूलचंद मंडल, भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, महानगर अध्यक्ष श्रवण राय, प्रदेश सदस्य ज्ञान रंजन सिन्हा, विक्रम पांडेय, विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी, विक्रांत उपाध्याय, मीडिया प्रभारी रतिरंजन गिरि, मोहन कुम्भकार, बलराम साव, सुमिता दास, संजीव राणा, तालेश्वर साव, आप पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डीएन सिंह, मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल, झामुमो नेता धरनीधर मंडल, एजाज अहमद, जिप सदस्य सोहराब अंसारी, राजकमल विद्यालय के अध्यक्ष विमल तुलसियान, सचिव संजीव अग्रवाल, धनबाद पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष कैलाश प्रसाद अग्रवाल, सचिव अनिल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पवन लोधा, राजकुमार अग्रवाल, किशन अग्रवाल, डॉ यूएल विश्वकर्मा, राजेंद्र बंसल, सुनील सरिया आदि उनके आवास पहुंचे एवं संवेदना जताई। मारवाड़ी महिला सम्मेलन, मारवाड़ी सम्मेलन, मारवाड़ी युवा मंच, नागरिक समिति, लायंस क्लब, झारखंड पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन आदि संगठनों के सदस्यों ने संवेदना प्रकट की है। शाम में खुदिया घाट में अंतिम क्रिया हुई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

## शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराना सभी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी

### पुलिस अधिकारियों संग बीडीओ की बैठक

**मैथन।** निरसा विधानसभा निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह एग्यारकुंड प्रखंड के बीडीओ मधु कुमारी ने लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखंड सभागार में शुक्रवार की देर शाम पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में निरसा विधानसभा क्षेत्र के सभी थाना एवं ओपी प्रभारी मौजूद थे। बीडीओ ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराना सभी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है। इसके लिए प्रखंड क्षेत्र के सभी थाना व ओपी क्षेत्र के वैसे लोगों की सूची बनाकर कार्रवाई करने की जरूरत है, जो चुनाव में गड़बड़ी कर सकते हैं। उन्होंने ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ाई से निपटने का निर्देश दिया। कहा कि क्रिटिकल एवं वीएम बूथों की रिपोर्ट 20 मार्च तक हर हाल में दे दें। बैठक में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गड़बड़ी करनेवाले लोगों के खिलाफ भारतीय दंड विधान के धारा 107/ 108/ 109/ 110/ 116/ 151 के तहत कार्रवाई की समीक्षा की गई। पुलिस पदाधिकारियों ने बताया कि अभी तक कुल 425 लोगों के खिलाफ धारा 107 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। निरसा थाना क्षेत्र में 11, चिरकुंडा थाना में 52, मैथन ओपी में 27, कुमारधुबी ओपी में 116, गलफरबाड़ी ओपी में 39, पंचेत ओपी में 51 के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है।

## रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं : अरूप चटर्जी

### रक्तदाताओं के बीच बांटे सर्टिफिकेट

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** 18वां मैथन उत्सव के तीसरा दिन शनिवार को डीवीसी रिक्रिएशन क्लब में ब्लड डोनेशन कैंप कैंप का उद्घाटन पूर्व विधायक अरुप चटर्जी एवं उनकी पत्नी अनंदिता चटर्जी ने शहीद गुरुदास चटर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। ब्लड डोनेशन में 50 लोगों ने अपना रक्तदान किया। दर्जनों लोगों ने रक्त जांच भी कराई। रक्तदानकताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

मौके पर पूर्व विधायक अरुप चटर्जी ने कहा कि यह सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, इससे बड़ा कोई भी दान नहीं होता। आपके रक्त से यदि किसी का जिंदगी बच सकता है, इससे बड़ा कोई पुनीत कार्य नहीं हो सकता है। इसीलिए सभी रक्तदान कर खुद को गौरवान्वित महसूस करें। मौके पर चंडीचरण चक्रवर्ती, चिन्नू घोष, रवि साहनी, सुभाष अड्डी, चितरंजन साहा, गोपी रंजन घोष, चितू विश्वकर्मा, पप्पू रहमान, मो. अलाउद्दीन, बाबू लोहार, आलोक भट्टाचार्य, दीपक सिंह, मानव नस्कर, रामजी यादव आदि मौजूद थे।



रक्तदाता का हालचाल पूछते पूर्व विधायक अरूप चटर्जी।

## एक नजर में

### शहीद गुरुदास चटर्जी के जन्मदिवस पर मैथन उत्सव शुरू




**कुमारधुबी।** शहीद गुरुदास चटर्जी के जन्मदिवस पर पांच दिवसीय मैथन उत्सव शुरू हो गया। शनिवार को मैथन स्टेशन क्लब में शहीद गुरुदास चटर्जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर रक्तदान शिविर लगाया गया। पांच दिवसीय मैथन उत्सव के बाद ड्राइंग प्रतियोगिता, डांस प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। शिविर में लगभग 1 बजे तक 31 लोगों ने रक्तदान किया। पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने सभी लोगों को सर्टिफिकेट भी दिया। उन्होंने कहा कि यह मैथन उत्सव 5 दिनों तक चलेगा, जिसमें कई तरह के कार्यक्रम हेंगे। 19 मार्च को सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया जाएगा। बच्चों के लिए कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा व डांस का प्रोग्राम भी रहेगा, जिनमें बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा।

### आवासीय बालिका विद्यालय लटानी के नए भवन का उद्घाटन

**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय लटानी के नए भवन का उद्घाटन शनिवार को लगभग साढे ग्यारह बजे टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो व जिला सांसद प्रतिनिधि रामप्रसाद महतो ने किया। विधायक ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई मन लगा कर करें, ताकि राज्य टॉपर में आप सभी का नाम आए। विद्यालय की वार्डन लुइस हेंम्ब्रम ने शिक्षक की कमी की समस्या बताई। उन्होंने विद्यालय से लगभग 200 फीट की दूरी तक सड़क निर्माण की मांग भी की। इस अवसर पर बीडीओ अमृता सिंह, सीओ देवराज गुप्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राजीव रंजन,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष गिरीलाल किस्कु, प्रखंड उपाध्यक्ष दिनेश रजक, झामुमो नेता अजीत मिश्रा, पूर्व जिप सदस्य सुनील मुर्मू, बीआरसी कार्यालय के सीआरपी मधुसूदन गोराई, शिक्षिका मुनमुन गोराई, कविता कुमारी आदि मौजूद थे।

### सिंदरी पुलिस ने पकड़ा छाई लदा चार हाइवा

**सिंदरी।** सिंदरी पुलिस शनिवार को नीमटांड़ से सिंदरी बलियापुर मुख्य मार्ग पर खड़े एफसीआई के छाई लदे चार हाइवा को पकड़कर थाना ले आई। समाचार लिखे जाने तक पुलिस चारों वाहनों के कागजात की जांच कर रही थी। एफसीआईएल सिंदरी के संपदा अधिकारी देबदास अधिकारी ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया के तहत छाई की बिक्री की जा रही है। गोविंदपुर के जयलक्ष्मी ट्रांसपोर्ट को यह टेंडर दिया गया है। सिंदरी एसडीपीओ भूपेंद्र प्रसाद राउत ने बताया कि शक के आधार पर वाहनों को पकड़ा गया है। कागजात की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सविमं सिनीडीह क्षेत्र का नाम कर रहा रोशन

### प्राचार्य ने अभिभावकों से की बच्चों का नामांकन शीघ्र कराने की अपील

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में शनिवार को कक्षा दशम के अभिभावकों की गोष्ठी आयोजित की गई। उद्देश्य था जानना कि दशम उत्तीर्ण करने के बाद छात्र किस क्षेत्र में जाना चाहते हैं। अभिभावकों के साथ चर्चा हुई कि यह विद्यालय धनबाद क्षेत्र में विशिष्ट स्थान रखता है। यहां से स्टेट एवं जिला टॉपर विद्यार्थी भी निकले हैं। अतः प्रत्येक अभिभावक कक्षा एकादश में अपने बच्चों का इसी विद्यालय में नामांकन कराएं। विद्यालय के प्राचार्य राकेश सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के मानदंडों पर अपना विद्यालय शत-प्रतिशत खरा उतरता है। अतः अभिभावकों को विश्वास करना होगा कि उनका सपना यह विद्यालय अवश्य पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि नए सत्र के लिए कक्षा नर्सरी से अष्टम तक में नामांकन हेतु निर्धारित तिथि को एडमिशन टेस्ट हो रहा है। अतः जिन अभिभावकों के यहां छोटे बच्चे हैं, वे यथाशीघ्र नामांकन इस विद्यालय में अवश्य कराएं। अपने अध्यक्षीय भाषण में समाजसेवी विनोद कुमार सिंह ने कहा कि वह बर्षों से इस विद्यालय से जुड़े हुए है और इसकी प्रत्येक गतिविधि को देखते आ रहे हैं। हर वर्ष इस विद्यालय ने आइआइटी, जेईई,आईपीएस सहित राज्य स्तरीय वअन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में भी इस विद्यालय ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अतः सभी अभिभावक निःसंकोच बच्चों का नामांकन इस विद्यालय में कराएं।

कक्षा दशम के छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार रखते हुए सहमति जताई। कक्षा दशम के कक्षाचार्य धर्मेंद्र तिवारी ने विषय वस्तु अभिभावकों के सामने प्रस्तुत की। मंच संचालन विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका डॉ निशा तिवारी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## जलापूर्ति के अवैध कनेक्शन की जांच शुरू, होगी कार्रवाई

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र में शहरी जलापूर्ति का अवैध कनेक्शन लिए लोगों की अब खैर नही है। विभाग द्वारा अभी तक 9 वार्डों में सर्वे किया गया है, जिसमें 100 घरों में पानी का अवैध कनेक्शन पाया गया, जिन्हे नोटिस दिया गया है। विभाग के कार्यपालक पदाधिकारी संदीप कुमार पासवान ने कहा कि नगर परिषद के वार्ड संख्या 1 से 6 तक तथा वार्ड संख्या 14,15 व 16 में विभाग की टीम ने पेय जलापूर्ति के अवैध कनेक्शन की जांच की और करीब 100 घरों में जलापूर्ति का अवैध कनेक्शन पाया गया। उन्होने कहा कि इन वार्डों में अवैध कनेक्शन लिए लोगों को नोटिस दे कर एक सप्ताह के अंदर नगर परिषद कार्यालय में कनेक्शन वैध कराने को कहा गया है।

## झारखंड धाम मंदिर में श्री रामचरित मानस यज्ञ 18 से

**सिंदरी।** झारखंड धाम मंदिर रांगामाटी सिंदरी में तीन दिवसीय श्री श्री 108 श्री रामचरित मानस यज्ञ 18 मार्च को शुरू होगा। शनिवार को प्रेसवार्ता में यह जानकारी देते हुए मंदिर के अध्यक्ष विजय अंबेडकर ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह यज्ञ के आयोजन के लिए तैयारी पूरी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि 18 मार्च को जलयात्रा व पूजन मंडप प्रवेश, 19 मार्च को अग्नि मंथन द्वारा वेदी पूजन व हवन अखंड रामायण पाठ तथा 20 मार्च को पूर्णाहुति भंडारा के साथ होगा।

## विजयी हुई तो बिचौलियावाद का करेंगी खात्मा

### धनबाद लोकसभा सीट से सुनैना किन्नर भी लड़ेगी चुनाव

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** अखिल भारतीय किन्नर समाज की जिला अध्यक्ष सुनैना किन्नर ने शनिवार को कहा कि लोकतंत्र ने उन्हें भी कई अधिकार दिए हैं, उसका सम्मान करते हुए इस बार लोकसभा का चुनाव धनबाद सीट से चुनाव लड़ेंगी। कहा कि जनता का आशीर्वाद मिला तो सबसे पहले समाज के कमजोर वर्ग के लिए काम करेंगी और जिले के विकास कार्यों को आगे बढ़ाएंगी। प्रेस बयान जारी कर उन्होंने बताया कि वह धनबाद के मनईटांड़ कुम्हार पट्टी की रहने वाली है। इस बार चुनाव में जीत दर्ज कर इतिहास रचना चाहती हैं। क्योंकि अब लोगों का रुझान किन्नर समाज की तरफ बढ़ रहा है, जो समाज में निः स्वार्थ भाव से सेवा करता है। हमारे समाज में कोई भाई भतीजा वाद नहीं है। हमारा जो भी है वह हमारा यजमान है, जिसकी खुशी में ही हमारी खुशी झलकती है। सुनैना ने आगे बताया कि उनका मार्गदर्शन अखिल भारतीय किन्नर समाज की झारखंड प्रदेश अध्यक्ष छम छम देवी किन्नर कर रही हैं। उन्हीं के सिद्धांतों पर वह चलती हैं। उनका सोच अलग है, जिसे धनबाद ही नहीं, पूरा झारखंड जानता है। सुनैना ने बताया कि उन्होंने आज जो भी मुकाम हासिल किया है, उसके पीछे उनकी गुरु छमछम देवी का हाथ है। उन्होंने बताया कि हर जगह पर बिचौलिया हावी है। अगर हमारे यजमानों ने मौका दिया तो बिचौलिया वाद का खात्मा करेंगी और यहां उन्हीं का राज चलेगा।

## पूर्व डीआईजी संजय रंजन हुए आजसू में शामिल, भव्य स्वागत



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** आजसू के जिला अध्यक्ष मंटू महतो के नेतृत्व में शनिवार को लुबी सर्कुलर रोड स्थित एक होटल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यकर्ताओं ने पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारी केन्द्रीय महासचिव सह पूर्व डीआईजी संजय रंजन सिंह का जोरदार स्वागत किया। महासचिव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमलोग एक बड़े बंदूक की महत्तवपूर्ण हिस्सा गोली के रूप में पहचाने जाते हैं। हमें उसी गोली की भांति जनहित का कार्य करना होगा। झारखंड का चौमुखी विकास सुदेश कुमार महतो के नेतृत्व में सिर्फ आजसू पार्टी ही कर सकती है। इसीलिए जनता को आजसू पार्टी पर विश्वास करते हुए अपार सहयोग की अपेक्षा करते हैं।

### समारोह में थे मौजूद

समारोह में केन्द्रीय महासचिव राधेश्याम गोस्वामी, विनय सिंह,हलधर महतो, रमेश मुनी, हीरा लाल महतो, विशाल महतो,भगवान दास शर्मा, सुभाष रवानी, रतिलाल महतो, कुल्लू चौधरी, राकेश गयाली, विकाश कुमार, रिंकू महतो,दयानंद महतो, मुकेश महतो, राजेश उरांव, सुनील शर्मा, प्रेम कुमार आदि मौजूद थे।

# बाघमारा सीओ ने आदर्श आचार संहिता के पालन की दी नसीहत

### लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ हुई बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**बाघमारा।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बाघमारा अंचल कार्यालय में शनिवार को अंचलाधिकारी (सीओ) की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के सभी राजनीतिक दलों से जुड़े कार्यकर्ताओं व नेताओं ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए सीओ रवि भूषण प्रसाद ने आदर्श आचार संहिता (मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट) का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव से संबंधिता आदर्श आचार संहिता की सभी गाइड लाइन का पालन करना आवश्यक है। उल्लंघन करने पर कार्रवाई हगी। बैठक में कई सवाल भी किये गए, जिसका सीओ ने जवाब भी दिया। बैठक में भाजपा, कांग्रेस, जेएमएम, आर जे डी, माकपा आदि दलों के अशोक लाल, हलधर महतो, बच्चू राय, राजू शर्मा, बैजनाथ यादव,अनिल उपाध्याय, रोहित यादव, केशव पासवान, अजमूल अंसारी, अजीत पांडे, रितेश अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## ईडी के रडार पर आए गोविंदपुर सीओ, हुआ तबादला

**धनबाद।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ताबड़तोड़ कार्रवाई के बाद राज्य सरकार ने गोविंदपुर अंचलाधिकारी (सीओ) शशिभूषण सिंह का तबादला कर दिया है। धर्मेंद्र कुमार दुबे को स्थानांतरित करते हुए गोविंदपुर अंचलाधिकारी के पद पर पदस्थापित किया गया है। ज्ञात हो कि भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विनय कुमार सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सीओ के खिलाफ वासेपुर गैंगस्टर प्रिंस खान के सहयोग से अकूत संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया था। इसके बाद ईडी ने सीओ की कुंडली खंगालना शुरू किया। सीओ के कई ठिकानों से लाखों रुपये नगद सहित जमीन से जुड़े कई अहम दस्तावेज बरामद हुआ है। इतना ही नहीं, सीओ पर सरकारी जमीन का गड़बड़ झाला का लगातार आरोप लगता रहा है। रांची और हजारीबाग में उनपर आय से अधिक संपत्ति सहित कई मामले चल रहे हैं। साथ ही सीओ आफिस के कर्मचारियों का दुबई के अंडरवर्ल्ड नेटवर्क से संबंध होने का दावा किया जा रहा है। कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के साथ भी सीओ का नाम जुड़ चुका है। वहीं भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने सीओ के रांची स्थित संपत्ति का ब्योरा एक्स पर जारी करते हुए यह दावा किया है कि रांची के नामकुम, अरगोड़ा, हेसाग, हटिया और तुपुदाना अंचल में शशिभूषण की पत्नी गीता देवी, भतीजी पूजा सिंह, बेटी रिया सिंह, भांजे की पत्नी प्रीति सिंह, मित्र मतबर सिंह, मनीष सिंह, मकसूदन सिंह, भांजा धनंजय सिंह, साला की पत्नी सुमन कुमारी, दोस्त की पत्नी रेणु सिंह, बलवीर जैन, निशांत कुमार, दिव्या कुमारी, नेहा कुमारी, अशोक कुमार और विक्की कुमार के नाम पर कई एकड़ जमीन खरीदी गई है। ईडी ने सीओ के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है, उनसे पूछताछ के लिए 2 अप्रैल की तारीख तय की है। ईडी ने पूछताछ को लेकर समन भी जारी कर दिया है।

## स्पीड न्यूज

### पहाड़ी माता मंदिर का द्वादश वार्षिकोत्सव आज



**गोविंदपुर।** धनबाद रोड नारायणी धाम स्थित पहाड़ी माता मंदिर का द्वादश वार्षिकोत्सव कल रविवार को मनाया जाएगा। शनिवार को पहाड़ी माता भक्त परिवार की बैठक मंदिर परिसर में किशन केजरीवाल की अध्यक्षता में हुई, जिसमें तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। धनबाद रोड में खुला भंडारा लगाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर सुबह ज्योति पूजा के बाद माता की महिमा पाठ किया जाएगा ।पाठ में बड़ी संख्या में महिलाएं भाग लेंगी। गुरप्रीत सिंह महिमा कराएंगे ।इसके बाद भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें तथा गुप्ता,आयुष तिवारी एवं हरीश कजारिया भजन प्रस्तुत करेंगे ।बैठक में आनंद प्रकाश केजरीवाल, मनोज केजरीवाल, ललित अग्रवाल, प्रकाश लाडिया समेत दर्जनों भक्त मौजूद थे।

### 15वें वित्त मद से तीन योजनाओं का हुआ शिलान्यास



**बोकारो/कसमार।** बोकारो जिला परिषद के 15वें वित्त मद के आबद्ध अनुदान योजना से कसमार एवं गर्री में तीन योजनाओं का शिलान्यास स्थानीय जिप सदस्य अमरदीप महाराज व अन्य पंचायत प्रतिनिधियों ने किया। इसमें कसमार टोला के शिवराम बांध में पीसीसी पथ निर्माण व वट वृक्ष के नीचे चबूतरा निर्माण कार्य एवं गर्री दरगाह के सामने शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। मौके पर गर्री पंचायत की मुखिया गीता देवी पंसस प्रतिनिधि राजेश कपरदार धनलाल कपरदार राजू महतो शकुर अंसारी सोहेल रिजवी सरफराज अहमद सुरेंद्र गंझू रविन्द्र गंझू जागरण करमाली गोलू मिश्रा समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### उपाध्यक्ष राम पुकार राम का बोकारो थर्मल स्थित आवास पर अकास्मिक निधन




**बेरमो।** बोकारो थर्मल में कैंसर से पिड़ित भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राम पुकार राम का अपने आवास पर अकास्मिक निधन से मर्माहत, भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष भरत यादव के साथ भाजपा नेता श्रवण सिंह, संजय प्रसाद, मोती महतो, भैरव महतो,शिवकुमार राम,हरदीप राम, सीमा देवी,पी जी सेन आदि उपस्थित होकर परिजनों को सांत्वना दिया और भाजपा का ध्वज एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। उक्त आलोक में भरत यादव ने कहा कि, राम पुकार राम भाजपा के एक कर्मठ, निष्ठावान सच्चे सिपाही थे। इनका निधन भाजपा परिवार के लिए भारी क्षति है। ईश्वर उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान और परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। भाजपा परिवार राम पुकार राम के परिवार के साथ सदैव रहेगा।

### वयोवृद्ध आयुष हेल्थ कैंप द्वारा चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन



**बेरमो।** गोमिया, हजारी पंचायत के ग्राम गैरमजरूवा बस्ती में झारखण्ड सरकार स्वास्थ्य, चिकित्सा वयोवृद्ध आयुष कैंप द्वारा होमियोपैथी डॉक्टर एस के वर्मा सह सहिया दीदी के सहयोग से आज शनिवार को जांच शिविर लगाया गया जिसमें मरीजों की निशुल्क जांच के साथ दवा भी दी गई। यहां जांच के दौरान पता चला कि लगभग दर्द से पीड़ित मरीजों की संख्या अधिकतम है। यह जांच शिविर सहिया दीदी द्वारा 1 क्षेत्र का सर्वे कर प्रत्येक महीने के तीसरे शनिवार को लगाया जा रहा है जिसमें मुफ्त जांच और दवा शामिल है। आज गैरमजरूवा बस्ती के लगभग सैकडो लोग उपस्थित होकर इस शिविर से लाभान्वित हुए।

### शिवानी गोयल को भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने किया सम्मानित



**बेरमो।** बेरमो विधानसभा क्षेत्र के नया रोड़ फुसरो निवासी सुरेंद्र गोयल व अनुराधा गोयल की सुपुत्री सुश्री शिवानी गोयल ने 19 वर्ष की उम्र में 200 घंटे का उड़ान भरकर कमर्शियल पायलट का लाइसेंस लेते हुए पायलट बनने पर बेरमो कोयलांचल का शान बढाई पायलट बनी शिवानी गोयल को भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने सम्मानित किया। सुश्री शिवानी गोयल ने अपने माता पिता व समाज के साथ साथ बेरमो कोयलांचल सहित पूरे झारखंड राज्य का नाम रोशन किया है। वही सुश्री शिवानी गोयल ने कहा कि माता-पिता पूरे परिवार का सहयोग तथा प्रोत्साहन से सफलता मिली है। बताया कि उन्होंने दसवीं की पढ़ाई कार्मेल स्कूल करगली से की थी और प्लस टू की पढ़ाई रांची सेंट्रल एकेडमी से कि है। हमें पायलट बनने का विचार आया अंततः उसने गोदिया महाराष्ट्र में 2022 में इसकी एडमिशन कराया जाए। 19 माह के ट्रेंनिंग पीरियड से पहले ही उन्हें कोर्स कंप्लीट कर 200 घंटे का ट्रेनिंग उड़ान सफलता से उड़ाकर अपना परचम लहराया। मुख्य रूप से भाजपा भाई नेता मनोज गोयल व अंजनी सिंह, सुशांत राइका, गोलू पांडेय के अलावे परिवार के लोग उपस्थित थे।

## टासरा प्रोजेक्ट का जनता मजदूर संघ ने किया 7 घंटे जाम, आचार संहिता के बाद हटे

# रैयतों के साथ हैं, परंतु बाहरी किसी दलों से वार्ता नहीं करेंगे : टी रमेश

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** टासरा प्रोजेक्ट की 224 एकड़ भूमि एकमुश्त अधिग्रहण व नियोजन सहित 13 सूत्री मांगों को लेकर जनता मजदूर संघ (कुंती गुट) ने टासरा प्रोजेक्ट को शनिवार को लगभग 7 घंटे चक्का जाम किया। चिलचिलाती गर्मी में भी टासरा प्रोजेक्ट के दर्जनों महिला पुरुष प्रोजेक्ट को बंद कर बैठे रहे। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी सह दण्डाधिकारी डॉ अभिषेक सिंह मुंडा को पत्र देकर जमसं ने आंदोलन समाप्त किया।

पूर्वघोषित कार्यक्रम के तहत अनिश्चितकालीन बंदी का नेतृत्व कर रहे जमसं टासरा अध्यक्ष बिरजू सिंह ने कहा कि आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए धरना को समाप्त कर दिया गया है। लड़ाई जारी रहेगी। जमसं सिंदरी शाखा अध्यक्ष रुपेश कुमार उर्फ मुन्ना मुखिया ने बताया कि सेल प्रबंधन रैयतों के साथ अन्याय कर रहा है। प्रबंधन उनकी जमीन पर कब्जा करने की मंशा स्पष्ट नहीं कर रहा है। प्रबंधन जनता मजदूर संघ के साथ वार्ता नहीं करना चाह रहाहै और रैयतों को बरगलाया जा रहा है। बार बार बैठकों में रैयतों से वार्ता के नाम पर दलालों को बुला लिया जाता है। उन्होंने कहा कि जबतक रैयतों को न्याय नहीं मिलेगा, तबतक प्रोजेक्ट का अनिश्चितकालीन चक्का जाम रहेगा। टासरा के राकेश बाउरी और धनराज सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता के बाद भी ग्रामीण अपने हक और अधिकार के लिए शांतिपूर्ण ढंग से धरने पर बैठे रहेंगे।

सेल के एमडीओ के सहयोगी सह टासरा रोहड़ाबांध ग्रामीण संघर्ष समिति के नेतृत्वकर्ता गोवर्धन मंडल ने कहा कि जमसं के साथ कंपनी वार्ता करती है तो रैयत अपनी भूमि नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि रैयत ग्रामीण क्षेत्र का विकास करना चाहते हैं और प्रोजेक्ट में कोल खनन व डिस्पैच चाह रहे हैं। इसमें बाहरी नेताओं की नेतागीरी नहीं चलेगी। लोग माफियाओं को भगाओ की तख्ती लेकर शामिल हुए।

टासरा के एमडीओ केटीएमपीएल के प्रोजेक्ट निदेशक टी रमेश ने कहा कि धारा 8 की अधिसूचना के तहत भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है। सीएसआर योजना के तहत टासरा और रोहड़ाबांध मौजा के ग्रामीणों द्वारा चिन्हित 50 हैंडपंप की रिपेयरिंग, चबूतरे के निर्माण, पानी टंकी के साथ 10 सामुदायिक शौचालय, पूर्व के दरार पड़े घरों की मरम्मत, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, आँगनवाड़ी की मरम्मत की गई है। इसके अलावा पूजास्थलों की मरम्मत सहित 20 सोलर टंकी की व्यवस्था ग्रामीणों के लिए की जा रही है। बच्चों के लिए खेलने के सामान दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की अन्य समस्याओं को भी सुलझाने का काम किया जाएगा। निःशुल्क दवा सहित मेडिकल सुविधा ग्रामीणों को दी जा रही है। प्राथमिक से पांच कक्षा तक के दो स्कूलों को गोद लेकर उनकी सुविधाओं को सुधारने की प्रक्रिया की जा रही है। उन्होंने कहा कि रैयतों के लिए हर संभव कार्य किया जाएगा, परंतु बाहरी व किसी भी दलों से वार्ता नहीं करेंगे। दण्डाधिकारी ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के तहत जमसं ने शांतिपूर्ण ढंग से बंदी को तत्काल प्रभाव से हटा लिया है।

## कुमार अमित ने काशी झरिया के कुरमा में किया लाभार्थियों से सम्पर्क

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने चास प्रखंड के काशीझरीय पंचायत अंतर्गत कुरमा गाँव में केन्द्रीय योजनाओं के लाभार्थियों के घर जाकर लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश के साथ केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को बताया। अमित ने मोदी सरकार के समर्थन में इन लोगों से मिस्ड कॉल भी करवाई एवं लाभार्थियों के दरवाजों पर पार्टी का स्टिकर चिपकाया। अमित ने गांव के लाभार्थियों से कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नीतियों के कारण आज केन्द्र सरकार के अनेक योजनाओं का लाभ गांव के लोगों को मिल रहा है। इन योजनाओं से बिचौलियों का प्रभाव समाप्त हुआ है। उन्होंने कुरमा गावं के निवासी और बोकारो के शिक्षा क्षेत्र में योगदान देने वाले एसएस कॉलेज चास के पूर्व प्राचार्य गुणाराम महथा चिकित्सा क्षेत्र में सेवा देने वाले बबलू प्रमाणिक कृषि क्षेत्र से हरिपद गोप और सेवा के लिए भोला प्रमाणिक के घर जाकर इनलोगों को अंग वस्त्र से सम्मानित भी किया। इस दौरान भाजपा के किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष हरिपद गोप पिंड्राजोरा मंडल महामंत्री रतन महतो चास के महामंत्री प्रकाश प्रमाणिक सुजीत बाउरी लालबाबू चंद्रप्रकाश राकेश बाउरी पंकज तुरी किशोर बाउरी रोहीत बाउरी रामनाथ महथा विजय महथा फि रोज तुरी भीम सिंह बीरू और सागर आदि उपस्थित थे।

## अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता में तीसरे दिन 6 मैच

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** रेलवे स्टेडियम में अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन 6 मैच खेले गए। पहले मैच में इलेक्ट्रिक (ओपी) की टीम ने पहले बल्लेबाजी की, निर्धारित 10 ओवरों में दो विकेट खोकर 205 रन बनाए। जवाब में कंस्ट्रक्शन की टीम 8 ओवर मैं 24 रन बनकर ऑलआउट हो गई। इलेक्ट्रिकल (ओपी) के बल्लेबाज आदित्य कुमार ने 21 गेंदों पर शानदार 89 रन बनाए। इस तरह से इलेक्ट्रिकल (ओपी) यह मैच 181 रन के बड़े अंतर से जीत गई।

दूसरा मैच पर्सनल और कोल कॉमर्शियल के बीच खेला गया। कोल कॉमर्शियल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 8 विकेट खोकर 116 रन बनाए। जवाब में पर्सनॉल की टीम 95 रन ही बना सकी। तीसरा मैच मेडिकल और स्टोर की टीम के बीच खेला गया, स्टोर की टीम ने 10 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 100 रन बनाए, जवाब में मेडिकल की टीम 9.1ओवर में 6 विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल कर लिया। इस तरह से मेडिकल ने याह मैच 4 विकेट से जीत लिया।

मेडिकल के रमाकांत ने 24 गेंदों पर 45 रन की मैच जिताऊ पारी खेली। चौथा मैच आरपीएसएफ और डीएलएस/पतरातू के बीच खेला गया। आरपीएसएफ की टीम ने 10 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 154 रन बनाए। जवाब में डीएलएस/पतरातू 10 ओवर मे 7 विकेट के नुकसान पर 108 रन ही बना सकी। इस तरह आरपीएसएफ की टीम यह मैच 46 रन से जीत गई।

दिन का 5वां मैच अकाउंट और एस एंड टी के बीच खेला गया। एस एंड टी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 125 रन बनाए। जवाब मे अकाउंट्स की टीम 10 ओवर मे 7 विकेट खोकर 59 रन ही बना सकी। इस तरह एस और टी ने यह मैच 66 रन से जीत लिया। मैच में एस एंड टी के कुतुबुद्दीन ने 11 गेंदों पर 37 रन की पारी खेली और आखिरी मैच इंजीनियरिंग और कॉमर्शियल के बीच खेला गया। इंजीनियरिंग की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरों में 9 विकेट खोकर 108 रन बनाए। जवाब में कॉमर्शियल की टीम 10 ओवरों में 80 रन ही बना सकी। इस तरह यह मैच इंजीनियरिंग टीम 28 रन से जीत गई ।

मैच देखने के लिए सभी टीम के अधिकारी भी आ रहे हैं, जो टीम का उत्साह बढ़ा रहा है। रेलवे स्टेडियम में माहौल पूरी तरह क्रिकेटमय हो गया है।

## धनबाद में 25 मई को मतदान, 20 लाख से अधिक मतदाता देंगे वोट : उपायुक्त

**असामाजिक तत्वों व अफवाह फैलानेवालों की खैर नहीं**

**आचार संहिता लागू, नये विकास कार्यों पर लगी रोक**



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव की घोषणा आज शनिवार को कर दी है। चुनाव 19 मई से 1 जून तक कुल सात चरणों में होगा। धनबाद जिले के चुनाव की तारीख 25 मई है। इस बार जिले के कुल 20 लाख 26 हजार 792 मतदाता मतदान में भाग लेंगे, जिनमें पुरुष 10 लाख 62 892 तथा महिला 9 लाख 63 हजार 852, दिव्यांग 27, 793,19 से 19 वर्ष के युवा 46, 997, 85 वर्ष से अधिक उम्र के 6,838 तथा थर्ड जेंडर 48 मतदाता शामिल हैं।

उक्त बातें शनिवार को समाहरणालय में पत्रकार वार्ता आयोजित कर उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कही। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर पिछले एक माह से जो तैयारियां चल रही थी, वह लगभग पूरी हो चुकी हैं। जल्द ही रेलवे, आरपीएफ, सीआईएसएफ सहित अन्य संस्थानों के साथ बैठक कर चुनाव से जुड़े दिशा निर्देश देंगे। इसके अलावा राजनीतिक दलों के साथ भी बैठक कर चुनाव से जुड़े नियमों को साझा किया जाएगा। आचार संहिता लागू होने के बाद जिले में कोई नया विकास कार्य नहीं होगा। जो काम पहले से चल रहा है या आवंटित हो चुका है, वह चलता रहेगा। सुरक्षा व्यवस्था पर कड़ी नजर रखी जाएगी, नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटा जाएगा। एसएसपी एचपी जनार्दन ने कहा चुनाव को देखते हुए इंटर स्टेट चेकपोस्ट पर जांच बढ़ा दी गई है। कल ही एक गाड़ी से 10 लाख रुपया पकड़ाया। जांच में कुल 63 टीम लगाई गई है। पूर्व में क्राइम के ग्राफ को देखते हुए एसे लोगों पर सख्त नजर रखी जा रही है। अपराधियों पर सीसीए लगकर कार्रवाई की जा रही है। धनबाद जिले में कुल 6 विधानसभा क्षेत्र हैं, जिनमें धनबाद, झरिया और बाघमारा अति संवेदनशील है। इसपर विशेष निगरानी रहेगी।

सोशल मीडिया पर आपत्ति जनक पोस्ट करने वालों पर नजर रहेगी। समाज में भ्रम फैलाने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। मीडिया कर्मियों से भी सहयोग की अपेक्षा है। चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण कराने के लिए गृह मंत्रालय से 27 से अधिक कंपनियों की मांग की गई है। साथ ही जिले की केंद्रीय एजेंसियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं।

## विद्यापति परिषद सिंदरी में मना विद्यापति स्मृति पर्व समारोह 2024



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** मैथिल कवि कोकिल विद्यापति को माल्यार्पण कर विद्यापति परिषद सिंदरी में शनिवार को विद्यापति स्मृति पर्व समारोह 2024 मनाया गया। इस मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मिथिला प्रतीक ध्वज अध्यक्ष अजीत कुमार मिश्र द्वारा फहराया गया। वहीं डॉ भास्कर झा ने माता जानकी की पूजा अर्चना की और हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया।

मैथिली सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीआईटी सिन्दरी के निदेशक डॉ पंकज राय ने मिथिलावासी के आचार विचारए लौकिक परंपरा तथा व्यवहार के बारे में बताया। राष्ट्र के सांस्कृतिक उत्थान में मैथिली परंपरा के अहम योगदान का भी उन्होंने उल्लेख किया। अध्यक्ष अजीत कुमार मिश्र ने अपने वक्तव्य में मिथिला संस्कृति तथा उसके गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला।

दिल्ली से आए हुए कलाकार श्री अवनिंद्र ठाकुरए कुमकुम मुखर्जी तथा धनबाद के कलाकार आशा झाएकनक झा और वन्दना झा ने एक से बढ़कर एक मैथिली गीतों को प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में एसीसी सिन्दरी के लाजिस्टिक हेड आर के झाए बीआईटी सिन्दरी के पूर्व प्राध्यापक डॉ विश्वभर झाए संरक्षक डी सी चौधरीए महासचिव चंद्रशेखर झाए नीरज मोहन झाए उपाध्यक्ष डॉ भास्कर झा व राज गोविन्द झाए हेमंत कुमार ठाकुरए कोषाध्यक्ष संतोष कुमार झाए दिलीप झाए संगीत ठाकुरए चंद्रभूषण झाए रूपक ठाकुरए बनमाली झाए राकेश सुमनए अभिराम मिश्र ए संजय झा सहित परिषद के कई सदस्य मौजूद थे।

# एससी-एसटी, ओबीसी व अल्पसंख्यकों की एकजुटता जरूरी : डॉ ओम सुधा

**सभी की समस्याएं एक जैसी, एकता के बिना सुधार संभव नहीं**

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद।** एससी, एसटी, ओबीसी व अल्पसंख्यक समुदाय की समस्याएं लगभग एक जैसी है। जबतक यह वर्ग एकजुट नहीं होगा, समस्या बरकरार रहेगी और विकराल भी होगी। उक्त बातें दिल्ली से आए वरिष्ठ सामाजिक चिंतक डॉ ओम सुधा ने शनिवार को उर्मिला रेजिडेंशियल टावर में आयोजित राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में कही।

डॉ. सुधा ने कहा कि तीनों सामाजिक समूह के आपस में मिल-जुल कर रहने से ही देश और समाज कि तरक्की संभव है। चुनाव के संबंध में उन्होंने कहा कि सभी समस्याओं कीजड़ ईवीएम है। ईवीएम से पारदर्शी और स्वच्छ चुनाव नहीं हो सकता है। सरकार किसान, नौजवान, विद्यार्थी समूह की समस्या को गंभीरता से नहीं लेती है। विरोध करने वाले से दुश्मन जैसा व्यवहार करती है।

कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय ओबीसी, एससी, एसटी माइनॉरिटी मोर्चा के गोपाल यादव ने कहा कि आज जिस तरह चारों वर्ग के प्रतिनिधि पहुंचे हैं, वह झारखंड के लिए मील का पत्थर साबित होगा। दामोदर प्रसाद ने राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में 15 सूत्री प्रस्ताव रखा जिसे एक स्वर से ध्वनि मत से पारित किया गया। प्रस्ताव में जातीय जनगणना करने, ईवीएम के बदले बैलेट पेपर से चुनाव कराने, सारनाथ कोड लागू करने, उत्तर प्रदेश में 69000 शिक्षक नियुक्ति में आरक्षण घोटाले के विरुद्ध 2 साल से आंदोलन रत एससी, ओबीसी छात्रों को न्याय देने, एससी एसटी ओबीसी के आरक्षण की व्यवस्था को अक्षरतः लागू करने, ओबीसी आरक्षण में असवैधानिक क्रीमी लेयर मान दंड को हटाने सरकारी, संस्थाओं के निजीकरण पर तुरंत रोक लगाने, सरकारी पदों पर अनुबंध लैटरल एंट्री एवं आउटसोर्सिंग की व्यवस्था समाप्त करने, ओबीसी को प्रमोशन में आरक्षण के लिए संविधान में संशोधन करने एससी-एसटी और ओबीसी के बैकलॉग पदों को भरने मंडल कमीशन की सभी अनुशंसाओं को लागू करने, वन नेशन वन एजुकेशन एंड हेल्थ की मांग शामिल है। गुड़िया देवी ने कहा कि निजीकरण से देश कमजोर हो रहा है। इसे सरकार को तुरंत बंद कर देना चाहिए। राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता मोर्चा के अध्यक्ष अधिवक्ता अमित भगत एवं संचालन गोपाल यादव ने की।

कांफ्रेंस में राजेश कुमार गुप्ता,रेखा मंडल,गनपत महतो, कृष्णदेव कुमार पासवान, रामप्रवेश यादव, नवल किशोर प्रसाद, अरुण प्रसाद, ओम प्रकाश साह, संजय राम, रजनी देवी, गायत्री देवी समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### बोकारो पुलिस द्वारा भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद

**बोकारो।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर समकालीन अभियान चलाकर बोकारो पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से अवैध विदेशी शराब देशी शराब एवं अवैध महुआ शराब जब्त किया। इसमें कसमार थाना क्षेत्र से 700 केजी जावा महुआ एवं 75 लीटर महुआ शराब हरला थाना क्षेत्र से लगभग 50 केजी जावा महुआ नष्ट किया गया सेक्टर 4 थाना क्षेत्र अंतर्गत 12 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया अमलाबाद थाना क्षेत्र से 35 केजी जावा महुआ बरामद कर नष्ट किया गया आईईएल थाना क्षेत्र से जावा महुआ 12 केजी एवं अहमदाबाद थाना से 35 केजी जावा महुआ बरामद कर नष्ट किया गया। चास थाना क्षेत्र से 180 एमएल तूफानी ब्रांड की 240 बोतल एवं 600 एमएल दिलखुश ब्रांड की 15 बोतलें देशी शराब की बरामद की गई। पेटरवार थाना क्षेत्र के पोरदाग स्थित रेड चिल्ली नामक लाइन होटल में छापामारी कर 180 एमएल विभिन्न विदेशी ब्रांडों की 24 बोतल 375 एमएल की 16 बोतल 750 एमएल की 9 बोतल 650 एमएल की बियर 11 बोतल तथा 500 एमएल की बियर 4 केन बरामद की गई।

### फुसरो में खत्म तरावीह की नमाज अदा की गई



**बेरमो।** मुसलमानो का पवित्र महीना रमजान को लेकर विभिन मस्जिदों में तरावीह की नमाज शुरू की गई थी। जिसमें भारी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग जमात के साथ नमाज अदा किये। मेघदूत मार्केट फुसरो में शुक्रवार को नवादा के हाफिज कारी मो. सज्जाद ने खत्म तरावीह की नमाज पढ़ाया। खत्म तरावीह की नमाज को लेकर मस्जिद में लोगों की भारी भीड़ जुटी रही। बाद में मस्जिद कमेटी के द्वारा हाफिज मोजफ्फर को बुके व शॉल ओढ़ कर सम्मानित किया। आयोजको ने हाफिज को 55100 नजराना के तौर पर दिया। मौके पर कश्मीर वस्त्रालय के जनाब महमूद आलम जनाब सत्तार हुसैन, मुंतशीर (भारत मोबाइल) मोहम्मद आशिक, मोहम्मद नदीम, अब्दुल फरहा, मोहम्मद इरशाद, मोहम्मद कुर्बान मोहम्मद सत्तार, चुन, बिलाल, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद भोलू भाई, एमडी, सरफराज, टिंकू आदि मुख्य रूप शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## चुनाव को लेकर राजमहल एसडीपीओ ने बूथों का निरीक्षण किया



**तालझारी।** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने शनिवार को तालझारी थाना क्षेत्र के बूथों का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में उपस्थित तालझारी थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सुधांशु के साथ कन्या उच्च विद्यालय तालझारी, महराजपुर आदि बूथ का निरीक्षण किया। इस क्रम में बूथ पर बिजली, पानी, शौचालय, भवन की स्थिति सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। साथ ही उन्होने थाना प्रभरी को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## टोटो और कार की टक्कर, महिला की मौत



**बरहेट।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विगत शुक्रवार को पंचकठिया-रांगा के बीच टोटो और कार के बीच हुई टक्कर से 9 घायल हुआ था। जिसमे 3 गंभीर रूप से जख्मी होने के कारण बेहतर इलाज हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था। वहीं उक्त 3 में से हरिश्चंद्रपुर निवासी शोभा बेवा उम्र 60 वर्ष दुमका स्तिथ फूलो झानों अस्पताल में इलाज के क्रम में शनिवार को मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शोभा बेवा का दोनो पैर टूट गया था। वहीं पार्थिव शरीर को एंबुलेंस के माध्यम से मृतक के निवास स्थल पंचकठिया संथाली स्तिथ हरिश्चंद्रपुर लाया गया। शव आने के बाद परिजन दहाड़े मार रोने लगे एवं गांव में मातम छा गया। खबर लिखे जाने शव घर पर ही था।

## हाईवा गाड़ी मलिकों ने 22 चक्का ट्रक टिपर लोडिंग का किया विरोध



**बेरमो।** हाईवा कोयलांचल ऑनर एसोसिएशन बेरमो के सदस्यों 22 चक्का ट्रक टिपर लोडिंग का विरोध किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष मंटु नायक ने कहा की बेरमो की गाड़ी को प्राथमिकता दी जाय एवं जबतक रेट कोट नही हो जाती है तबतक ट्रांसपोर्टिंग बन्द रहेगी। यह काम मेसर्स राजीव ट्रान्सपोर्ट कोल एजेंसी रामगढ़ है जो अमलो से कुजू, घाटो का ट्रांसपोर्टिंग कार्य है। मौके पर अंशु राय गुलाबचंद महतो, मंटु मिश्रा, कार्तिक मिश्रा, प्रदीप ठाकुर, यसुफ अंसारी, कुणाल महतो, युगल साव, मोहम्मद टुनटुन, अरुण राजू, माणिक साव, आदि लोग मौजूद रहे।

## यज्ञ से वातावरण में नई ऊर्जा का संचार होता है : अमर सोनी



बेरमो/गोमिया। गोमिया प्रखंड के स्वांग उत्तरी पंचायत स्थित स्वांग महावीर स्थान में पांच दिवसीय श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ के पांचवे दिन शनिवार को पूर्णाहुति कन्या पूजन और विशाल भंडारे के साथ संपन्न हो गया, इस दौरान हवन, पूजन वा यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर यज्ञ मंडप में हवन, पूजन, बेदी पूजन, शिव पुराण कथा, साध्य आरती, पुष्पांजलि, मंडप परिक्रमा आदि का कार्यक्रम लगातार पांच दिनों तक चलता रहा। संध्या में प्रयागराज के मानस कोकिला मंदाकिनी सावित्री जी द्वारा प्रवचन का कार्यक्रम किया जा रहा है। जिसका शनिवार 16 मार्च को विराम दिवस है, वही 17 मार्च को मां छिन्नमस्तिका बिक्की बनर्जी जागरण ग्रुप द्वारा भक्ति जागरण का कार्यक्रम किया जाएगा। शनिवार को भंडारे के विशाल आयोजन केआयोजक प्रसिद्ध समाज सेवी अमर सोनी जिप सदस्य अकास लाल सिंह सहित मुखिया बिनोद विश्वकर्मा द्वारा द्वारा सयुक्त रुप से महा प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें लगभग 5000 श्रद्धालु भक्त शामिल होकर महाप्रसाद ग्रहण किया इससे पूर्व समिति के अध्यक्ष बिट्टू कुमार रवानी सचिव संजय कुमार कोषाध्यक्ष सहित समिति के सदस्यों ने मुख्य अतिथि अमर सोनी, जिप सदस्य अकास लाल सिंह सहित सभी अतिथियों को अंगवस्त्र औरपुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया, महायज्ञ में यज्ञ आचार्य संजय पांडेय व कृष्णानंद शास्त्री,वेदाचार्य पंडित चंदन शास्त्री,आदित्य पांडेय, पंकज पांडेय, राहुल शास्त्री, आशीष शास्त्री सहित यज्ञ कमेटी के सदस्य बिट्टू रवानी, संजय कुमार,अमृतलाल, संजय सिंह, ऋषि रवानी,अभय सिंहा, प्रदीप रवानी,अभय रवानी, सानू, गौतम, ललित यादव, द्वारिका रवानी,पंकज कुमार आदि सक्रिय रहें।

# फुलवरिया अग्नि पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए विधायक दीपिका पांडे और समाजसेवी आगे आये

**पीड़ित परिवारों के सभी सदस्यों को उनके अनुसार पहने जाने वाले पोशाक के साथ-साथ कंबल और त्रिपाल का भी वितरण किया**

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड के फुलबड़ीया गांव में अग्नि पीड़ितों के बीच क्षेत्रीय विधायक दीपिका पांडे सिंह के द्वारा सहयोग उपलब्ध कराया गया। बर्तन सेट कांग्रेस सह बीस सूत्री सूत्री प्रखंड अध्यक्ष अवधेश ठाकुर और झामुमो नेता सुबल मुर्मू ने वितरित किया। बर्तन सेट में से भोजन पकाने, खाने, भोजन पका कर रखने, पानी रखने, पानी पीने आदि बर्तन शामिल है।

बताते चलें कि विधायक दीपिका पांडे सिंह के पहल पर सर्वप्रथम तो काफी तेजी से विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संसाधनों से आग बुझाई गई। फिर अग्नि पीड़ितों को सुरक्षित रखने के बाद खाद्य सामग्री, खाद्यान्न सामग्री, कंबल, प्लास्टिक, कपड़ा आदि उपलब्ध कराया गया था। और फिर जब अग्नि पीड़ितों को बर्तनों की समस्या हो रही थी तो विधायक दीपिका पांडे ने सिंह ने देर न करते हुए तुरंत गुरुवार को ही अपने प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ताओं के माध्यम से समुचित बर्तन सेट अग्नि पीड़ितों को उपलब्ध कराया। ताकि वह परिवार बच्चों के साथ अच्छे ढंग से खाना पका कर खा सके और गुजर बसर कर सके। इस अवसर पर इंडिया महागठबंधन के कई कार्यकर्ता, समर्थक और दर्जनों ग्रामीण, गणमान्य, शिक्षाविद, बुजुर्ग, समाजसेवी, सामाजिक कार्यकर्ता आदि शामिल थे।

अग्नि पीड़ित परिवारों के बीच मेहरमा प्रखंड क्षेत्र के अमौर पंचायत की मुखिया मधुबाला सिन्हा ने पोशाक, कंबल, ट्रिपाल आदि वितरित किया। सभी अग्नि पीड़ित परिवारों के सभी सदस्यों को उनके अनुसार पहने जाने वाले पोशाक के साथ-साथ कंबल और त्रिपाल का भी वितरण किया। बताते चले कि मेहरमा प्रखंड क्षेत्र के अमौर पंचायत की मुखिया मधुमाला सिन्हा महागामा विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी सह भाजपा नेता निरंजन कुमार सिंह की धर्मपत्नी है। दोनों पति-पत्नी अग्निकांड के दिन फुलबड़ीया पहुंचे थे और सभी अग्नि पीड़ितों को एक एक हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की थी ।उस समय अग्निपथ परिवारों को दोनों ने सांत्वना दिया था कि वह सभी अग्नि पीड़ित परिवार के सदस्यों को पोशाक,कंबल, त्रिपाल आदि उपलब्ध कराएंगे।

समाजसेवी सह भाजपा नेता निरंजन कुमार सिन्हा के क्षेत्र से आवश्यक काम से बाहर रहने के कारण उनकी धर्मपत्नी मेहरमा प्रखंड क्षेत्र के अमौर पंचायत की मुखिया मधुबाला सिन्हा ने फुलबड़ीया गांव आकर अग्नि पीड़ितों को पोशाक, कंबल, त्रिपाल आदि वितरित किया। इस अवसर पर कई गणमान्य, शिक्षाविद, बुजुर्ग,समाजसेवी, सामाजिक कार्यकर्ता व दर्जनों ग्रामीण थे।

एक नजर में

## मंत्री बेबी देवी के आवास पर पोषण सखी का अनिश्चितकालीन धरना पांचवें दिन भी जारी



**बेरमो।** झारखंड राज्य के एकीकृत पोषण सखी संघ के बैनर तले डुमरी विधानसभा के भंडारीदह में मंत्री बेबी देवी के आवास पर पोषण सखी का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन लगातार पांचवें दिन भी जारी रहा। बताया गया की 1 अप्रैल 2022 से निर्गत निरस्त लेटर को लेकर सभी पोषण सखी वापस अपने कार्यों पर आने के लिए आंदोलनरत है। इनके मुख्य मांगों में राज्य सरकार जो लगातार आश्वासन देते आ रही है उसको पूरा करें शामिल है। जिस तरह से स्वयंसेवक को नाम चेंज करके पुनः नौकरी में रखा गया। इस तरह पोषण सखियों को नौकरी वापस करें। प्रदेश महासचिव प्रमिला कुमारी ने कहीं की हम लोगों की मांगों को लेकर पूर्व में भी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से वार्ता हुई थी। 12 मार्च को पुनः प्रदेश प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से सकारात्मक वार्ता किए हुए हैं मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि विभागीय सचिव से मिलकर सभी के हित में काम किया जाएगा लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है इन्होंने कही कि जब तक ठोस पहल नहीं होती है तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर प्रमिला देवी, कल्पना कुमारी, सीमा कुमारी, सरिता कुमारी, मीना कुमारी, सोनाली कुमारी, मनीषा कुमारी, अंजली, सोनी, डिंपल चौबे, राजिया खातून आदि शामिल थी।

## सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन



बेरमो। जारीडीह बाजार स्थित अवध बिहारी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में पूर्व प्रधानाचार्य कमलजीत सिंह का विदाई सह सम्मान समारोह मनाया गया कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रजनन के साथ किया गया जिसमें समिति के सचिव अनिल अग्रवाल अनुपाती के सचिव अमित सिंह विद्यालय के अचार बंधु भगिनी एवं भैया बहने सम्मिलित हुए सुभाष आचार्य जी शकुंत, पूर्व आचार्य जो के कर्मठ कार्यों के चर्चा की गई बानो द्वारा विदाई गीत तथा तनु अपने अनुभव व्यक्त किये। इसके बाद गीतों ने माहौल को गमगीन बना दिया बताया की कमलजीत सिंह जी का कार्यकाल इस विद्यालय में 9 वर्षों का रहा इन नव वर्षों में वह इस विद्यालय परिवार का एक हिस्सा बने रहे उनके जाने के गम सबके आंखों में दिख रहा था सिंह अपने वक्तव्य में भाऊक होते हुए कहा कि जो चमक इस विद्यालय में देखने को मिली मिलती थी हम सभी को एक उम्मीद है कि वो हमेशा बरकरार रहेगी कहा कि मैं कुछ नहीं करता था सिर्फ आप लोग के बीच खड़ा रहता था परंतु वास्तविकता है कि वह जिस भाव से खड़े रहते थे या सक्रिय रहते थे। जिसका परिणाम है कि विद्यालय उन्नति की ओर उन्मुख है सचिव अनिल अग्रवाल ने कहा कि उनकी प्रशंसा में कहा कि अनेक साथ काम करने में आनंद आया और आनंद तब आता है जब काम सक्रिय विद्यालय के विकास के और अग्रसर रहता है। वर्तमान प्रधानाचार्य डॉ अजय कुमार पाठक को भी अपने शब्दों से सबके मन में ऊर्जा का संचार किया। कहा कि विदाई ने एक प्रक्रिया है। कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका आचार्य बंधु भगनी वरिष्ठ आचार्य सुरेश जी सुभाष जी नीता, पिंकी, स्वेता, धीरज, दीक्षा, खुशबू, कृष्ण गुप्ता, अरुण, सुमित आदि उपस्थित रहे।

# सीसीएल के सुरक्षाकर्मियों की छापेमारी से कोयला चोरो मे हड़कंप





खबर मन्त्र संवाददाता

**जरांगडीह कोलियरी, कांटा घर एवं जरंगडीह क्रेसर के बगल में कोयला चोरों के विरुद्ध औचक छापामारी अभियान चलाया गया**

**बेरमो/जारंगडीह/कथारा।** शनिवार सुबह लगभग 6 बजे कथारा मुख्य महाप्रबंधक के आदेशानुसार बोकारो थर्मल थाना गस्ती दल, क्षेत्रीय गस्ती दल एवं जरंगडीह कोलियरी गस्ती दल संयुक्त रूप से जरांगडीह कोलियरी, कांटा घर एवं जरंगडीह क्रेसर के बगल में कोयला चोरों के विरुद्ध औचक छापामारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान गस्ती दल को देखते ही कोयला चोर भाग खड़े हुए। जिसमे अवैध कोयला से लदा 1 मोटर साइकिल एवं 2 साइकिल को जप्त कर पूर्ण रूप से छतिग्रस्त कर दिया गाय।

इसके पश्चात लगभग 40 से 45 अवैध कोयला से भरा बोरा को फाड़ दिया गया साथ ही बरामद कोयला को जरांगडीह कोयला स्टॉक में गिरा दिया गया, जिसका वजन लगभग 5 टन बताई गई है।

इस छापेमारी दल मे इबरार हुसैन क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभारी कथारा क्षेत्र नागेश्वर नोनिया एएसएसआइ देवांसु कुमार, एचएसजी हेलेरियस कुजूर, जरांगडीह कोलियरी सुरक्षा प्रभारी मुकेश सिंह, जेएचजी सरस्वती हंसदा, जेएचजी चमेली कुमारी, जेएचजी सक्रिया कुमारी, जेएचजी एवं बीटीपीएस थाना गस्ती दल भी शामिल थे।

## साहिबगंज जिला को वन स्टॉप वाहन की मिली सौगात



**बरहेट।** शनिवार को समाहरणालय से उपायुक्त हेमंत सती ने हरी झंडी दिखाकर महिला जनकल्याण के लिए सखी वन स्टॉप वाहन को रवाना किया। झारखंड महिला विकास समिति झारखंड द्वारा मिशन शक्ति योजना के उपयोजना सामर्थ्य अंतर्गत संचालित वन स्टॉप वहान है। वन स्टॉप सेंटर (सखी) का उद्देश्य सभी प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को एक ही छत के नीचे सहायता उपलब्ध कराना है। इसका उद्देश्य हिंसा पीड़ित महिलाओं का समर्थन करना है जिसका सामना वे परिवार के भीतर या कार्यस्थल पर या समुदाय के भीतर निजी या सार्वजनिक स्थानों पर कर सकती हैं।वन स्टॉप सेंटर योजना (सखी), निजी और सार्वजनिक दोनों जगहों पर महिलाओं के खिलाफ होने वाली हिंसा और अपराध को रोकने और पीड़ित महिलाओं और बालिकाओं को सहायता प्रदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इसके तहत हिंसा प्रभावित महिलाओं को एक ही स्थान पर एकीकृत रुप से सहायता प्रदान करने के लिए वन स्टॉप सेंटर सिद्धू कानू स्टेडियम के पास संचालित है।

## कुरपनिया मे रोजेदारो के बीच बांटे गये इफ्तार कीट



बेरमो /रोजा जिस तरह चरित्र निर्माण करता है वह और किसी तरह संभव नहीं, उपरोक्त बाते यूनाईटेड मिल्ली फोरम के प्रदेश महासचिव अफजल अनीस ने कुरपनिया में रोजेदारों के बीच इफ्तार किट वितरण कार्यक्रम के दौरान कही। श्री अनीस ने कहा कि एक अच्छे और स्वच्छ समाज में क्या-क्या गुण होना चाहिए, रोजा वह सब कुछ प्रदान करता है। यह चरित्र निर्माण की ट्रेनिंग का महिना है। यूनाईटेड मिल्ली फोरम बेरमो इकाई द्वारा कुरपनिया मिल्लत क्लब के समीप 50 जरूरतमन्द रोजेदारों के बीच इफ्तार किट (सूखा राशन) का वितरण किया गया। ईफ़्तार किट में आटा, चावल, दाल, चना, चीनी, चायपत्ती, बेसन, नमक, खजूर, और सरसो का तेल दिया गया। यूएमएफ बेरमो के संरक्षक मो नौशाद अख्तर ने कहा फोरम पिछले 18 वर्षों से बेरमो क्षेत्र में आर्थिक रूप से पिछड़े जरूरतमन्द रोजेदारों को ईफ़्तार किट उपलब्ध कराती रही है। इस बार आइडियल रिलिफ ट्रस्ट के द्वारा प्राप्त 50 ईफ़्तार किट रोजेदारों के बीच वितरण किया गया है। इफ़्तार किट वितरण करने में फोरम के मो जावेद अंसारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## किसानों के बीच किया गया मुंग बीज वितरण



बरहेट। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत 60-60 किसानों के बीच 4 से 8 किलोग्राम गरमा मूंग बीज का वितरण किया गया। वहीं वितरण प्रखंड विकास पदाधिकारी अंशु कुमार पांडे, 20 सूत्री अध्यक्ष राजा राम मरांडी, उपाध्यक्ष मुजीबूर रहमान ने संयुक्त रूप से किया। प्रखंड तकनीकी सहायक अनवर उल अंसारी ने बताया कि वैसे किसानों को मूंग बीज का वितरण किया जा रहा है जिन किसानों के खेतों के लिए सिंचाई की सुविधा उपलब्ध है।

## स्वीपिग मशीन से होगी फुसरो के सड़कों की सफाई



बेरमो। फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के सड़को में अब साफ सफाई के लिए लोगों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। इसके लिए 5 करोड़ 24 लाख रुपये की लागत से मैकेनिक रोड स्वीपिग झाड़ू मशीन खरीदी गई है, जो प्रतिदिन 30 किलोमीटर तक के सड़क की साफ सफाई करेगी। प्रतिदिन दस से 12 घंटे तक काम करने वाली यह मशीन आधुनिक सुविधाओं से लैस है। बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने डीएमएफटी मद से 5 करोड़ 24 लाख रुपए की सेल्फ प्रोपेल्ड रोड स्वीपिंग मशीन का ऑनलाइन उद्घाटन कर लोकार्पण किया। कहा कि बेरमो का विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता है। मजदूर नेता गिरजाशंकर पांडेय सहित छेदी नोनिया, कृष्ण कुमार चांडक, शिवनंदन चौहान, सचिनदर सिह, परवेज अख्तर ने गुरूवार को इस मशीन को हरी झंडी दिखाकर बीएडके एसओ ईएंडएम जी मोहंती और ढोरी एसओपी प्रतुल कुमार और एसओ ईएंडएम जयशंकर प्रसाद को सौपा। कार्यपालक पदाधिकारी गोपेश कुंभकार ने बताया कि यह मशीन बहुत ही कारगर साबित होगी। जीपीएस व कैमरे से लैस आधुनिक मशीन है जो 10 से 12 घंटे रोजाना काम कर सकती है। उन्होंने बताया कि एक ऑपरेटर और एक सहयोगी की मदद से इस मशीन को चलाया जा सकता है। मशीन की खासियत यह है कि 80 लोग जितनी सफाई करते हैं उतना यह मशीन एक बार में अकेले करेगी। इसे एक ऑपरेटर और हेल्पर की मदद से ऑपरेट जा सकेगा। यह मशीन शहर के मेन सड़कों की साफ-सफाई करेगी। जबकि गलियों व अन्य जगहों की साफ सफाई की जिम्मेदारी नगर परिषद् के कर्मचारियों पर होगी। इस मौके पर मजदूर नेता गिरजाशंकर पांडेय व नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष छेदी नोनिया ने कहा कि विधायक कुमार जयमंगल सिंह के सहयोग से फुसरो शहर को एक साफ सुथरा शहर बनाया जा रहा है। फुसरो शहर की गिनती एक साफ-सुथरे शहरों में होती है। इस मौके पर इंजीनियर वीरेंद्र कुमार और अभिषेक कुमार सहित कांग्रेसी नेता केदार सिंह,भास्कर सिंह, अरूण सिंह, शक्ति सिंह, संतोष सिंह, सत्येंद्र सिंह, महेश महतो, विजय कुमार, अभिषेक सिंह, हरेंद्र कुमार, राजीव कुमार सिंह, नारायण शर्मा, दिलीप सिंह, कामोद चौहान आदि उपस्थित थे।

# सीबीएसइ बीएसएल स्कूलों की आउटसोर्सिंग डीएवी कॉलेज ट्रस्ट को



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल के 08 सीबीएसई से और एक झारखंड एकेडमिक काउंसिल से संबद्ध 09 स्कूलों जिनमें लगभग 3300 बच्चे नामांकित हैं, को अनुभवी और सक्षम एजेंसी को आउटसोर्स करने की आवश्यकता थी। ज्ञातव्य है कि बीएसएल के इन स्कूलों के संचालन की आउटसोर्सिंग के लिए टेंडर जारी किया गया था। टेंडर प्रक्रिया के बाद डीएवी ग्रुप को चुना गया। तदनुसार, अब बीएसएल के सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध स्कूलों के दैनिक कामकाज को डीएवी समूह को आउटसोर्स करने का निर्णय लिया गया है। इस व्यवस्था के तहत बीएसएल और डीएवी दोनों के सदस्यों और बीएसएल के एक वरिष्ठ अधिकारी की अध्यक्षता वाली एक सेंट्रल एडवाइजरी कमेटी स्कूलों के कामकाज की मॉनिटरिंग करेगी जबकि स्कूल के दैनिक प्रबंधन का कार्य डीएवी द्वारा किया जाएगा। स्कूलों के संचालन से संबंधित वित्तीय भार का वहन बोकारो स्टील प्लांट द्वारा किया जाता रहेगा। नई व्यवस्था अप्रैल 2024 से लागू हो जाएगी और इस नई व्यवस्था के तहत संचालित स्कूल अब डीएवी इस्पात विद्यालय के नाम से जाने जाएंगे। प्रबंधन के सूत्रों ने कहा कि बीएसएल इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को नवीनतम पाठ्यक्रम और शिक्षा नीति के अनुरूप आधुनिक शैक्षणिक पद्धतियों की भी उपलब्धता होगी।

# ईएसएल प्रबंधन ने प्रदर्शनकारियों के धरना प्रदर्शन को ब्लैकमेल करने का प्रयास बताया

**प्रबंधन के अनुसार ईएसएल स्टील लिमिटेड पूर्ववर्ती इलेक्ट्रोस्टील लिमिटेड से विरासत में मिले किसी भी मुद्दे के लिए त्रिपक्षीय समझौतों के अनुसार कार्य करने के लिए बाध्य नहीं है**

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** स्थानीय ग्रामीणों द्वारा अलकुसा मोड़ के पास प्लांट परिसर की यात्रा को बाधित करना प्लांट जा रहे भारी वाहनों को रोक देना जमीन बेचने के बाद रोजगार नहीं मिलना नाकाबंदी और अनिश्चितकालीन धरना देने को ईएसएल प्रबंधन ने ब्लैकमेल करने का प्रयास बताया है।

प्रबंधन के अनुसार ईएसएल स्टील लिमिटेड पूर्ववर्ती इलेक्ट्रोस्टील लिमिटेड से विरासत में मिले किसी भी मुद्दे के लिए त्रिपक्षीय समझौतों के अनुसार कार्य करने के लिए बाध्य नहीं है फिर भी यह ऐसे सभी मामलों का सम्मान करने की कोशिश कर रहा है। वेदांता समूह का ईएसएल स्टील लिमिटेड सामाजिक और सामुदायिक विकास के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता रखती है और जारी रखेगी। वह हमेशा आमने सामने बैठ कर सौहार्दपूर्ण माहौल में चर्चा के लिए तैयार है। ईएसएल ने विभिन्न व्यावसायिक साझेदारों के तहत 779 रोजगार प्रदान किए हैं।

इसके अलावा आंदोलन पश्चात 28 नवंबर को समझौते के बाद स्थानीय निवासियों को 317 रोजगार प्रदान किए हैं। अक्सर पाया गया है कि रैयत होने का दावा करने वाले इन ग्रामीणों में से अधिकांश की मांगें वास्तविक नहीं हैं और ईएसएल को दोष देना उनकी आदत है। कई अवांछनीय मामलों को आगे बढ़ाया जा रहा है - जिनमें वे मामले भी शामिल हैं।

जिनकी भूमि माप उन्हें नौकरी का आश्वासन नहीं दे सकती है या नौकरी पहले से ही परिवार के किसी अन्य सदस्य को प्रदान की गई है या ऐसी जमीन का जिक्र भी है जो बेची नहीं गयी है या अधिग्रहित नहीं की गई है।

# सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और विधायक लंबोदर महतो ने विविध योजनाओं का किया शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के मुरहुलसुदी, सिंहपुर, दुगार्पुर, मंजूरा, सोनपुरा एवं बगदा पंचायत क्षेत्र में ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, बोकारो के तहत 14 करोड़ की लागत से बननेवाली 9 सड़क निर्माण कार्य योजना का शिलान्यास शुक्रवार को गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, स्थानीय विधायक डॉ लंबोदर महतो एवं जिप सदस्य अमरदीप महाराज ने किया।

इसमें आरईओ रोड से सोनहर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य आरईओ रोड मंजुरा से मखतब टोला अंसारी टोला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य मरहुलसुदी पंचायत के चौड़ा ग्राम आरईओ रोड देशवल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य आदि का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर सांसद एवं विधायक ने बताया कि क्षेत्र के किसी भी गांव या टोला में कोई भी जर्जर पथ अब नहीं रहेगा।

मौके पर जिप सदस्य अमरदीप महाराज, महेंद्र महतो, गर्री मुखिया गीता देवी, पंसस प्रतिनिधि राजेश कपरदार, धनलाल कपरदार विक्की सरदार, राजेश मिश्रा मिथिलेश झा, जितेंद्र प्रजापति, मंटू यादव, महेश सिंह, अरविंद सिंह सोहन सिंह, अशोक मुर्मू, वीरेंद्र यादव, नंदू मरांडी, शकुर अंसारी सोहेल रिजवी, सरफराज अहमद सुरेंद्र गंझू, रविन्द्र गंझू, जागरण करमाली, गोलू मिश्रा अबुल कलाम समेत ग्रामीण मौजूद थे।

# मजदूर का बेटा किसी से डरेगा नही : प्रकाश सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** बेरमो थाना में शनिवार को काफी गहमागहमी का माहौल रहा। यहां भाजपा नेता प्रकाश सिंह पुलिस के नोटिस का जवाब देने पहुंचे थे। बेरमो थाना में करीब आधा घंटा तक हुई इस पूछताछ के दौरान भाजपा नेता ने कहा कि हम भाजपा के कार्यकर्ता कानून का पालन करने वाले अनुशासित लोग हैं। ऐसे में उन पर जो आरोप लगाए गए हैं, वह बेबुनियाद है। बताते चले कि बेरमो विधायक कुमार जय मंगल सिंह के निजी सहायक रोशन सिंह ने बेरमो थाना में 10 मार्च को आवेदन देकर प्रकाश कुमार सिंह पर सोशल मीडिया के माध्यम से बेरमो विधायक की छवि धूमिल करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज करवाया था। वहीं प्रकाश ने कहा है कि क्षेत्र में उनके बढ़ते प्रभाव से विरोधी परेशान है और कभी भी उनको नुकसान पहुंचा सकते हैं। मैं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने प्रशासन से अपनी सुरक्षा की गुहार लगाते हुए सुरक्षा मुहैया करने की मांग की है। कहा कि मजदूर का बेटा किसी से डरेगा नहीं। भाजपा फुसरो नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव, टुनटुन तिवारी, रमेश स्वर्णकार, अंजनी सिंह, रामु तांती, चंदन राम, गुरूवारी देवी,गीता देवी, पुष्पा देवी, कौशल, चंदन चौहान, अभिषेक पांडेय आदि मौजूद रहें।

## समय संवाद

ओरल समस्याओं के लिए फायदेमंद है। इसमें एंटी कैंसर एजेंट पाए जाते हैं। बालों को स्वस्थ रखने में मदद करता है। इसके पत्तों को घिसकर हल्दी के साथ लगाने से पिंपल्स की समस्या से भी निजात पा सकते हैं। पान की बेल को कटिंग से आसानी से लगाया जा सकता है और मनीप्लांट की तरह मॉस स्टिक पर चढाया जा सकता है। इसकी पत्तियों में मौजूद जैल बालों और त्वचा संबंधी कई समस्याओं में उपयोगी है। लो ब्लड प्रेशर, लो शूगर लेवल को मेंटेन करने में मददगार है। फंगल इंफेक्शन या एलर्जी होने पर ऐलोवेरा पत्ती काटकर निकले जैल को रगड़ने से आराम मिलता है। ऐलोवेरा रेतीली मिट्टी में आसानी से लगाया जा सकता है।

# औषधीय पौधे : बगिया महके, सेहत भी चमके

**मनोज शर्मा**

**फल,** फूल, सब्जी और हरियाली के लिए तो हम पौधे लगाते ही हैं, लेकिन अगर कुछ औषधीय पौधे भी लगाए जाएं तो इसके दोहरे फायदे हैं। एक तो बगिया महकेगी और आपकी सेहत भी चमकेगी। जी हां, कई पौधे ऐसे होते हैं जिनकी पत्तियों का इस्तेमाल खुद को स्वस्थ रखने के लिए किया जा सकता है। अगर आप हेल्थ कॉन्शियस हैं और छोटी-मोटी बीमारियों में मेडिसिन लेने से डरते हैं तो कुछ औषधीय पौधे आपके लिए काफी फायदेमंद होंगे।

**अजवाइन या कैरम प्लांट :** यह पाचन प्रक्रिया में सुधार लाता है। कफ, पेट दर्द जैसी समस्याओं में इसके पत्ते लाभदायक होते हैं। यह वजन कम करने में भी सहायक है। ब्लड प्रेशर को रेगुलेट करता है। त्वचा संबंधी समस्याओं को दूर करने में अजवाइन के पत्ते का पानी पीना और लगाना उपयोगी है। इसका पौधा आप घर पर आसानी से लगा सकते हैं। ध्यान रहे यह पौधा रसोई में मिलने वाली अजवाइन से अलग होता है। कटिंग से भी लगता है और पानी बहुत कम चाहिए होता है।



**तुलसी :**यह पौधा आमतौर पर सभी के घर में होता है। तुलसी इम्यूनिटी बूस्टर का काम करती है। खांसी-जुकाम, बुखार में तुलसी की चाय पीना फायदेमंद है। इंसेक्ट्स द्वारा काटे जाने पर इसके पत्ते घिसकर लगाने पर हीलिंग में मदद करता है। तुलसी के निरंतर सेवन ब्लड प्यूरीफायर का काम भी करता है। ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में भी मददगार है। यह पौधा थोड़ी सी देखभाल में आसानी से लग जाता है।

सदाबहार :डायबिटीज के मरीजों के लिए बहुत मददगार है। बालों को हेल्दी बनाता है। चेहरे पर पड़ने वाले दाग-धब्बों पर सदाबहार की पत्तियों को पीसकर लेप लगाने से आराम मिलता है। ब्लड सकुर्लेशन बढ़ाता है। यह पौधा कटिंग या बीज से भी आसानी से ग्रो किया जा सकता है।

**तेजपत्ता :**खाने का स्वाद तो बढ़ाता ही है, स्वास्थ्यवर्धक भी है। चोट लगने पर हीलिंग में मदद करता है। बालों की ग्रोथ बढ़ाता है। इसके ताजे पत्तों को उबालकर और छानकर इस्तेमाल कर सकते हैं या फिर सूखे पत्तों को तेल में गर्म करके मालिश भी कर सकते हैं। तेजपत्ता का पौधा गमले में आसानी से लगा सकते हैं।

**शतावरी :** इस पौधे की पत्तियों और जड़ का इस्तेमाल किया जाता है। कहते हैं कि यह किडनी में स्टोन, ट्यूमर, यूरीनरी समस्या आदि में सहायक है। दूध के साथ इसकी जड़ का 6-7 ग्राम पाउडर और थोड़ी-सी मिश्री मिलाकर लें। शतावरी की पौध को आप गमले या मिट्टी में आसानी से लगा सकते हैं।

**करी पत्ता :**

यह खाने के टेस्ट को तो बढ़ाता ही है, हेल्थ के लिए बहुत ज्यादा मददगार है। लो आई साइट को ठीक करता है, ब्लड सकुर्लेशन को बढ़ाता है, बालों संबंधी समस्याओं को कम करता है और बालों को स्वस्थ बनाता है। करी पत्ते का पौधा कटिंग या सीड्स से भी आसानी से ग्रो हो जाता है।

**पुदीना :**पेट की बीमारियों में फायदेमंद है। स्ट्रेस को मैनेज करता है। इसे ओरल हाइजीन के लिए परफेक्ट, माउथ रिफ्रेशनर का काम करता है। पेट मे कीड़े होने पर पुदीने की 2-3 पत्तियां चबाकर खाना उपयोगी है। रेतीली मिट्टी में पुदीना के पौधे या कटिंग से आसानी से ग्रो कर सकते हैं।

**पत्थरचट्टा :** सैकुलेंट फैमिली का यह पौधा चोट लगने पर होने वाले दर्द और सूजन को कम करता है, घाव को भरने में असरदार है। किडनी स्टोन में सहायक है। पेट दर्द कम करने, पाचन प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने में मदद करता है। गैस, एसिडिटी की समस्या होने पर पत्थरचट्टा की दो-तीन पत्तियां गर्म पानी के साथ लेने से आराम मिलता है। पत्थरचट्टा का पौधा आप कटिंग या पत्ते से आसानी से ग्रो कर सकते हैं। पौधे को पानी कम ही दें।

**लेमन ग्रास :**इसकी ग्रीन टी या काढ़ा या फिर सूखे पत्तों से बना पाउडर हमारी इम्यूनिटी मजबूत बनाने में मदद करता है। स्किन में ग्लो लाता है।

# विश्व में भक्ति की परम्परा भारत की देन है

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**जीव** ही शिव है वह पृथ्वी पर एक मात्र जीव है जिसे मेघा मिली है। शेष जीवों का जीवन सिर्फ आहार-विहार पर टिका है। भक्तों के साथ सतसंग में स्वामी सत्यानंद परमहंस ने कहा कि जीव सब कुछ पाने की लालसा रखता है। यह लालसा उसके अंदर होती है। इसी के कारण वह संसार में सभी प्रकार के काम करके ज्यादा से ज्यादा अर्जित करना चाहता है। उन्होंने कहा एक कथा के माध्यम से बताया कि एक शेरनी का बच्चा सियार के झुंड में पला बढ़ा। वह सब कुछ वहीं करता जो शियार करते थे। लेकिन एक दिन एक शेर की की दहाड़ सुनकर उसे लगा कि यह आवाज तो उसके अंदर भी हैऔर वह भी दहाड़ने लगा। यानि जो भी है शक्ति है वह अंदर में छिपी है कभी-कभी समाज और माहौल के कारण एहसास नहीं हो पाता। ठीक उसी प्रकार सभी को सब कुछ त्याग का बल मिला है लेकिन जब इस बल का एहसास कोई करा देता है जब ही मनुष्य भी सब कुछ पाने की लालसा और दौड़ से रूक जाता है। एक जीव को जितना जीने के लिए चाहिए उससे कई गुणा अधिक अर्जित करने के बाद भी उसे चैन नहीं मिलती और इस अंतहीन दौड़ में बैचेन होकर जीवन जीता है। उसका चिंतन पूरा का पूरा सांसारिक वस्तुओं में उलझ जाता है जबकि भक्ति उसे संसार में रहते हुये संसारिक बंधनों से विरक्त होने की चेतना देती है। संसार में भक्ति की परम्परा भारत की देन है। संत महात्माओं की परम्परा केवल भारत में ही है। कठोर साधना से आत्मतत्व की प्राप्ति हो सकती है लेकिन इसमें लंबा समय लगता है। पहले इस प्रकार के साधना की जाती थी। उन्होंने कहा कि आग लकड़ी में भी है लेकिन वह अपने आप प्रज्वलित नहीं हो सकती है। लकड़ी से लकड़ी रगड़कर भी आग प्रज्वलित की जाती है लेकिन इसमें समय ज्यादा लगता है। वहीं कही आग प्रज्वलित है उससे आग जला लेना सहज है। इसलिए वर्तमान काल में संत-महात्माओं ने भक्ति के सहज मार्ग को स्वीकार्य किया। यह मार्ग दास भाव का मार्ग है। दासत्व का सबसे बड़ा उदाहरण अर्जुन हैं जिन्होंने कृष्ण का दासत्व स्वीकार किया। राम ने वशिष्ठ का, हनुमान ने राम का दासत्व स्वीकार किया। इसी मार्ग में चलना बेहतर है। जन्म जन्मातर के कर्म-सत्कर्म का संचित फल मनुष्य को मिलता है।

(ब्रह्य विद्यालय सह आश्रम, छोटका राजपुर, बक्सर, शाखा कुटीः रांची)

# भूत -प्रेत के सपने का अर्थ



सपने में बुरी आत्मा देखना अशुभ माना जाता है। स्वप्न शास्त्र के अनुसार आत्मा का दिखाई देना भविष्य में आने वाली किसी मुसीबत का पूर्व संकेत है।

कहीं आपको भी तो नहीं आते भूत-प्रेत और आत्माओं के सपने, जानिए इनका मतलबयदि आप सपने में किसी आत्मा को अपने पास खड़ा देखते हैं तो यह एक शुभ सपना है। इंसान अक्सर सपनों में कई अजीबोगरीब चीजें देखता है। फिर चाहे इनका हमारे वास्तविक जीवन से कुछ लेना देना हो या नहीं। स्वप्न शास्त्र की माने तो सपने हमें आने वाले भविष्य के बारे में कुछ न कुछ संकेत देते हैं। बस जरूरत होती है इनके अर्थ को समझने की। यहां हम बात करेंगे भूत-प्रेत और आत्माओं से जुड़े सपनों के बारे में जो सपने लगभग हर किसी को आ जाते हैं। किसी को सपने में वो लोग दिखाई देते हैं जो अब इस दुनिया में नहीं रहे हैं तो किसी को विचित्र आकृतियां दिखाई देती हैं। जानिए ऐसे सपनों का क्या होता है मतलब? अगर सपने में आपको अपने पूर्वज दिखाई देते हैं तो इसका मतलब होता है कि आपकी कोई अधूरी इच्छा पूरी होने वाली है। यानी ये सपना आपके लिए शुभ संकेत हैं। वहां अगर आप सपने में पूर्वजों के हाथों से फल ग्रहण कर रहे हैं तो इसका मतलब आपके ऊपर उनका आशीर्वाद बना हुआ है। सपने में किन चीजों को देखने से भविष्य में धन की प्राप्ति होने के मिलते हैं संकेत, जानिए स्वप्न शास्त्र से

सपने में बुरी आत्मा देखना अशुभ माना जाता है। स्वप्न शास्त्र के अनुसार आत्मा का दिखाई देना भविष्य में आने वाली किसी मुसीबत का पूर्व संकेत है। वहीं किसी जानकार, रिश्तेदार, दोस्त आदि की आत्मा या भूत देखना यात्रा में मिलने वाले कष्ट का संकेत है। सपने में खुद को आत्मा या भूत से बातें करते हुए देखना भी अशुभ होता है ये सपना धन हानि का संकेत देता है। हालांकि अगर आप सपने में किसी मृत जोड़े या फिर एक स्त्री और पुरुष की आत्मा को देखते हैं तो ये सपना धन प्राप्ति का संकेत देता है।

# बच्चों की फुंसियों पर रखें नजर



**श्वेता पाण्डेय**

**बच्चों** के शरीर पर अक्सर फुंसियां हो जाती हैं खासकर गर्मियों के दिनों में. इसकी कई वजह हो सकती हैं जैसे मौसम बदलना, एनीमिया, इम्यूनिटी कमजोर होना, आयरन की कमी और स्किन पर कैमिकल बेस्ड प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना। इन फुंसियों की वजह से बच्चे को दर्द, जलन, बुखार और सूजन आने जैसी दिक्कत हो सकती है। कई बार लोग इनको ठीक करने के लिए घरेलू इलाज का सहारा लेते हैं। लेकिन अगर ये फुंसिया लम्बे समय तक बच्चे के शरीर पर बनी रहती हैं। तो इसको नजरअंदाज नहीं करना चाहिए क्योंकि ये एक्जिमा भी हो सकता है। बच्चों में एक्जिमा होने की कई वजह हो सकती हैं। बच्चे की स्किन पर कैमिकल बेस्ड क्रीम-पाउडर, लोशन जैसे प्रोडक्ट का इस्तेमाल होना। किसी साबुन के इस्तेमाल से रिएक्शन होना वायरल और बैक्टीरियल इंफेक्शन होना। धूल-मिट्टी और गंदगी के संपर्क में आने की वजह से या सिंथेटिक कपड़े पहनने की वजह से भी ये दिक्कत हो सकती है। कई बार घर में किसी को एक्जिमा की दिक्कत पहले से होने की वजह से भी ये परेशानी हो सकती है। बच्चे के गाल, कोहनी, घुटने और घुटने के पीछे के हिस्से पर लाल चकत्ते दिख रहे हों। एड़ियों, गर्दन और कलाई में बार-बार रैशेज हो रहे हों। फुंसी में पस और खून आ रहा हो। फुंसी और रैशेज वाली जगह पर सूजन दिख रही हो और ये शरीर के अन्य हिस्सों में भी फैल रहा हो। तो आपको इस बात को नजरअंदाज किये बिना डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

वैसे तो आपको शिशु को डॉक्टर को दिखाने के बाद उनकी सलाह पर ही अमल करना चाहिए। लेकिन किसी वजह से अगर आप बच्चे को डॉक्टर के पास नहीं ले जा पा रहे हैं। तब तक आप जो सावधानी बरत सकते हैं उनमें बच्चे को बिना साबुन के नहलाएं। शरीर पर शैम्पू और तेल जैसी चीज न लगाएं। कॉटन टॉवल से हल्के हाथों से शरीर को सुखाएं. शरीर पर कोई लोशन, क्रीम और पाउडर जैसी चीज भी न लगाएं। बच्चे को कॉटन के ढीले कपड़े पहनाएं। बच्चे के नाखूनों को काटते रहें। उसके खिलौनों को धोते और साफ करते रहें। बिस्तर मुलायम और सूखा रखें।

# श्रीभदभगवत गीता: जीवन अस्तित्व की संपूर्ण व्याख्या

**विजय सिंगल**

**अस्तित्व** के सैद्धांतिक और व्यावहारिक पहलुओं को अलग-अलग नहीं किया जा सकता। ये दोनों एक ही वास्तविकता के अविभाज्य एवं अभिन्न अंग हैं। आध्यात्मिकता और नैतिकता का सबसे आधिकारिक स्रोत होने के नाते भगवद ?गीता ने मानव जीवन के इन दोनों पक्षों की व्याख्या बड़े ही व्यापक ढंग से की है। एक तरफ यह सारी सृष्टि के पीछे की अपरिवर्तनीय सच्चाई की जांच करती है; और दूसरी तरफ यह भौतिक दुनिया के लगातार बदलते हुए घटनाक्रम से भी संबंधित है।

गीता ने केवल ब्रह्मांड के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए नहीं, बल्कि मानव-प्रकृति को बेहतर ढंग से समझने के उद्देश्य से परम सत्य और भौतिक संसार के संबंधों पर गूढ़ विचार किया है। इस तरह की समझ का उपयोग व्यक्तिगत व्यवहार को बेहतर बनाने और इसके परिणामस्वरूप पूरे समाज में समग्र रूप से सुधार लाने के लिए एक साधन के रूप में किया गया है। गीता ने मानव जाति को न केवल वह दर्शन दिया है जो हमें सत्य को जानने की दूरदर्शिता देता है, बल्कि उन तरीकों और साधनों को भी सुझाया है, जिनके द्वारा उस सत्य को महसूस किया जा सकता है। इसने हमें न केवल जीवन के अर्थ और उद्देश्य की सैद्धांतिक व्याख्या प्रदान की है, बल्कि यह भी समझाया है कि उस उद्देश्य को कैसे प्राप्त किया जा सकता है। इसने असंख्य मानवीय समस्याओं के व्यावहारिक समाधान भी सुझाए हैं।

ब्रह्मविद्या के रूप में गीता ने आत्मा, परमात्मा और जीवात्मा की मुक्ति जैसी अनेक आध्यात्मिक अवधारणाओं का गहन अध्ययन किया है। साथ ही योगशास्त्र के रूप में उस मुक्ति को प्राप्त करने के विभिन्न व्यावहारिक तरीकों का वर्णन किया गया है। इस प्रकार भगवद्गीता वास्तविकता को जानने का विज्ञान और उस वास्तविकता के साथ एकता प्राप्त करने की कला, दोनों है।

गीता ने न केवल यह प्रकट किया है कि मनुष्य परमात्मा का एक अभिन्न अंग है, बल्कि विभिन्न तकनीकों को भी निर्धारित किया है जिसके द्वारा वह परमात्मा के साथ अपनी एकता के बारे में सदा जागरूक रह सकता है।

गीता में भगवान दूर के दर्शक मात्र नहीं हैं, बल्कि एक निरंतर साथी हैं। वह सखा हैं, एक घनिष्ठ मित्र हैं, जो हर समय हमारे साथ रहता है (श्लोक 11.42)। वह दार्शनिक हैं और मार्गदर्शक भी। ईश्वर और मनुष्य के बीच विचारों का आदान-प्रदान चलता रहता है। संवाद तब तक जारी रहता है जब तक कि मनुष्य का भ्रम नष्ट नहीं हो जाता और सारे संदेह दूर नहीं हो जाते (श्लोक 18.73)। गीता की शिक्षा न केवल व्यक्ति को यह समझने में मदद करती है कि अपनी परिस्थितियों को देखते हुए उसे क्या करना चाहिए, बल्कि वह कार्य करने में उसका मार्गदर्शन भी करती है।

### ज्ञान, कर्म और भक्ति मार्ग

गीता में विभिन्न पथों का वर्णन किया गया है जिन पर चल कर व्यक्ति अपने वास्तविक स्वरूप का प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त कर सकता है। ये मार्ग हैं ज्ञान मार्ग अर्थात ?आत्म ज्ञान का मार्ग, कर्म मार्ग अर्थाति ्कसी भी प्रकार के बंधन से मुक्त कार्य करने की विधि; और भक्ति मार्ग अर्थात् ईश्वर के प्रति प्रेम और विश्वास का मार्ग। आत्मा की मुक्ति के इन मार्गों को अलग-अलग और सामूहिक रूप से योग के नाम से जाना जाता है। आत्म-साक्षात्कार के ये तीनों मार्ग एक-दूसरे के विपरीत नहीं हैं। ये तो वास्तव में एक-दूसरे के पूरक ही हैं। गीता ने स्पष्ट तौर पर यह घोषणा की है कि सच्चा त्याग संसार से विमुख होने में नहीं, बल्कि लगन और निर्लिप्तता से अपने कर्तव्य का पालन करने में है। भगवान श्रीकृष्ण ने मन की समता पर भी बहुत जोर दिया है।

# नाखूनों को बनाये खूबसूरत

**आप** जानते है कि अगर आपको नेचुरल तरीके से खूबसूरती न मिले तो बाहर की खूबसूरती ज्यादा देर नहीं टिकती है। चेहरे के साथ-सथ हम अपने नाखूनों में भी अधिक ध्यान देते है। जिससे कि वह भी खूबसूरत और मजबूत रहे, लेकिन कई कारणों के कारण वह ज्यादा टिक नहीं पाते है। आमतौर में पैरों की उंगलियों के नाखून के मुकाबले हाथ की उंगलियों के नाखून जल्दी बढ़ते हैं। अगर आपके नाखूनों में किसी तरह की समस्या है, तो वे बढ़ नहीं पाते। इसका मुख्य कारण ठीक ढंग से खाना नहीं खाना, पोषक तत्वों, विटामिन्स की कमी के कारण हो सकता है।अगर आप चाहते है कि आपके नाखून भी खूबसूरत, मजबूत और चमकदार हो तो आप किचन में मौजूद कुछ चीजें ये काम कर सकती है।

**नींबू**

यह विटामिन सी के गुणों से भरपूर होता है। यह आपके नाखूनों के लिए काफी फायदेमंद है। इसके इस्तेमाल से आपके नाखूनों की लंबाई बढने के साथ-साथ चमक और मजबूती आती है। इसे इस्तेमाल करने के लिए एक बाउल में एक चम्मच नींबू का रस, कुछ बूंदे जैतून के तेल में अच्छी तरह मिलाकर नाखूनों की मालिश करें।

**संतरे**

इसके जूस में भी विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसको इस्तेमाल करने के लिए थोड़े सा संतरे का जूस लेकर उसमें अपने नाखूनों को दस से पंद्रह मिनट तक डुबोएं रहें। इसके बाद हल्के गुनगुने पानी से धो कर उस पर मॉस्चराइजर लगा लें। अगर आप चाहते है कि आपके नाखून खूबसूरत हो तो इसका इस्तेमाल रोज करें।

**जैतून का तेल**

जैतून के तेल में कई ऐसे तत्व पाएं जाते है जो कि आपके नखूनों के लिए काफी फायदेमंद है। इसके लिए रात को सोते समय हाथ तथा पैरों के नाखूनों पर जैतून के तेल की मालिश पांच मिनट तक करें। और दूसरे दिन साफ पानी से धो लें। इसके अलावा आप चाहें तो 15-20 मिनट के लिए अपने नाखूनों को जैतून के तेल में डूबो कर रखें। इससे शरीर में खून के संचार बढ़ता है। जोकि आपके लिए फायदेमंद है।

# गर्मी में कैसा लें आहार

सर्दी जा रही है गर्मी आ रही है। इस बदलते मौसम में किस प्रकार का आहार लें।

**रियाला पीठा दाल**

लोग ज्यादातर पीठे में चना या तुअर यानी अरहर की दाल का इस्तेमाल करते हैं, मगर हम इसमें साबुत मूंग या छिलके वाली मूंग दाल का उपयोग करेंगे। मूंग दाल सबसे सुपाच्य होती है। इसकी जगह आप बिना छिलके वाली मसूर या मोठ भी ले सकते हैं।

ये दालें भी बहुत सुपाच्य होती हैं। अगर दालें साबुत ले रहे हैं, तो उन्हें चार से पांच घंटे के लिए धोकर भिगो दें। अगर बिना छिलके की ले रहे हैं, तो एक से डेढ़ घंटा भिगोना काफी होगा।

इसके अलावा एक मुट्ठी या काटने पर दो कटोरी बराबर बने उतनी मात्रा में पालक के पत्ते लें। पालक का जब भी इस्तेमाल करें, उसे ब्लांच जरूर कर लें, इससे उसका हरापन बना रहता है, वरना सीधे पकाने पर उसका रंग कुछ काला पड़ जाता है।

ब्लांच करने के बारे में कई बार बात कर चुके हैं, पर फिर बता दें कि एक भगोने में नमक मिला पानी उबालें, उसमें पालक के पत्तों को डाल कर पांच मिनट के लिए छोड़ दें। फिर पानी को निथार लें और पालक के पत्तों को तुरंत ठंडे बर्फ के टुकड़े मिले पानी में डाल दें।

इसी तरह पांच-सात मिनट के लिए छोड़ दें। फिर दो-तीन बार ठंडे पानी से धो लें। इस तरह पालक की हरियाली बरकरार रहती है। फिर इन पत्तों को मिक्सर में डाल कर पीस लें और अलग रख दें। अब दो कटोरी आटा गूंथें, जैसे रोटी के लिए गूंथते हैं। इसे ढंक कर रख दें। तब तक दाल को तैयार करें। एक कुकर में पानी समेत भिगोई हुई मूंग दाल को डालें, उसमें जरूरत भर का नमक, चौथाई चम्मच हल्दी, चुटकी भर हींग और चौथाई चम्मच सब्जी मसाला डाल कर दो सीटी आने तक उबाल लें। आंच बंद करें और भाप शांत होने के बाद ढक्कन खोल लें।

अब गूंथे हुए आटे में से छोटे-छोटे टुकड़े लेकर अंगुलियों से फैला कर या बेलन से बेल कर छोटे-छोटे गोलाकार बनाएं और उन्हें चार जगहों से मोड़ कर चकरी फूल की तरह बना कर दबाएं। अगर ऐसा नहीं करना चाहते तो बेली हुई रोटी को चौकोर बड़े टुकड़ों में काट लें।

इन टुकड़ों को उबली हुई दाल में डालें और ढक्कन बंद करके एक सीटी आने तक पका लें। फिर आंच से उतार कर दाल में से आटे के पीठे को अलग बरतन में निकाल लें। दाल को मिक्सर में डाल कर पीस लें।

अब एक कड़ाही में दो खाने के चम्मच बराबर देसी घी गरम करें। उसमें जीरा और अजवाइन का तड़का दें और फिर पिसी हुई दाल और उसके साथ ही पिसा हुआ पालक भी डाल दें। अगर पानी कम लग रहा है, तो थोड़ा पानी डाल सकते हैं। आंच मध्यम रखें। दाल और पालक को चलाते हुए उबाल आने दें। इसी में उबले हुए पीठे भी डालें और पांच से सात मिनट तक पकने दें।

अब हरियाला दाल पीठा तैयार है। इसे परोसने वाले बरतन में निकालें। तड़का पैन में दो-तीन चम्मच मक्खन गरम करें, उसमें चुटकी भर हींग और चौथाई चम्मच कुटी लाल मिर्च या दो साबुत लाल मिर्च से तड़का तैयार करें और दाल पीठा पर डाल दें। गरमागरम परोसें।

**लौकी हलवा**

जिन लोगों को पाचन संबंधी परेशानी रहती है, उन्हें आमतौर पर और खास तौर पर इस मौसम में, दुग्ध उत्पाद वाली मिठाइयों से परहेज ही करना चाहिए। ऐसे में फलों और सब्जियों से बनी मिठाइयां बेहतर होती हैं। लौकी का हलवा या फिर बर्फी बनाना बहुत आसान है। इसे जब चाहें, घर में बना सकते हैं। इसे बनाने में न तो अधिक सामग्री की जरूरत होती और न ज्यादा कौशल की।

बहुत सारे लोग इसमें खोया या दूध का इस्तेमाल करते हैं। कुछ लोग इसमें मिल्क पाउडर या मिल्कमेड का भी उपयोग करते हैं। मगर आप किसी भी तरह के दुग्ध उत्पाद का उपयोग न करें, तो बेहतर। हां, इसमें कुछ सूखे मेवे डाल सकते हैं। इसे नरम बनाने के लिए नारियल का बुरादा भी डाल सकते हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# बिजली पैदा करने वाली बिल्ली मछली

**के.पी. सिंह**

प्रत्येक जीवित प्राणी में विद्युत उत्पन्न करने वाली मांसपेशियां होती हैं। विश्व की विद्युत उत्पन्न करने वाली सभी मछलियों में तीन प्रमुख हैं– बिल्ली मछली, विद्युत ईल और विद्युत रे। विद्युत उत्पन्न करने वाली बिल्ली मछली को अंग्रेजी में इलेक्ट्रिक कैट फिश कहते हैं।

आस्ट्रेकोडमर्स को जीव वैज्ञानिकों ने विद्युत उत्पन्न करने वाली मछलियों का पूर्वज माना है। यह मछली लगभग 30 करोड़ साल पहले ही धरती से विलुप्त हो गई थी। बिल्ली मछली उष्णकटिबंधीय अफ्रीका की नदियों और झीलों में पायी जाती है। यह नील नदी की घाटी में बहुतायत से मिलती है। यह एक मध्यम आकार की मछली है, जिसकी लंबाई 90 सेंटीमीटर से लेकर 1.5 मीटर तक होती है। कभी-कभी इससे ज्यादा लंबी विद्युत बिल्ली मछली भी देखने को मिलती है। इसका वजन 20 से 25 किलोग्राम तक होता है। इसके पीठ और शरीर के ऊपर का भाग कत्थई रंग का होता है, नीचे के भाग का रंग मांस के रंग का होता है। आंखें छोटी तथा मुंह के चारों ओर तीन जोड़ी मूछें होती हैं। इन मूछों के कारण इसे बिल्ली मछली कहा जाता है।इसके शरीर पर पीठ के मीन पंख नहीं होते। विद्युत उत्पन्न करने वाली बिल्ली मछली के विद्युत उत्पादक अंग अनेक भागों में बंटे होते हैं। शरीर पर बहुत-सी प्लेटें होती हैं और हर प्लेट उसकी रीढ़ की हड्डी से जुड़ी होती है। इसका घनात्मक सिरा शरीर के आगे की और ऋणात्मक सिरा शरीर के पीछे वाले भाग पर होता है। इसके अंगों की संरचना जनरेटरों की तरह होती है और ये उसी की तरह काम करते हैं। यह बहुत शक्तिशाली बिजली उत्पन्न करती है। एक बड़े आकार की विद्युत उत्पन्न करने वाली बिल्ली मछली 350 वोल्ट तक की विद्युत उत्पन्न कर सकती है। इसका स्पर्श हो जाने से तेज झटका लगता है। इसे यदि एक्वेरियम में रख लिया जाए तो इसके शरीर की विद्युत से दूसरी मछलियां बेहोश हो जाती हैं और कभी-कभी उनकी मौत हो जाती है।

यह एक तेज और चालाक शिकारी मछली है। दिन के समय पौधों के बीच या चट्टानों की दरारों में छिपी रहती है और रात के समय शिकार पर निकल पड़ती है। पूरी तरह मांसाहारी यह मछली छोटे-छोटे कृमि, ताजे पानी के झींगा-झींगी तथा छोटी मछलियों को अपना आहार बनाती है। शिकार की टोह में निकलने के बाद शिकार दिखाई देने पर ये धीरे-धीरे तैरकर उसके करीब पहुंच जाती है और बिजली की तेजी से उस पर झपट पड़ती है और अपने मजबूत जबड़ों में दबोच लेती है। कोई भी शिकार इसकी पकड़ में आने के बाद बच नहीं पाता, अगर बच भी जाए तो तेज करंट के कारण अचेत हो जाता है और फिर यह उसे आराम से खा लेती है। एक्वेरियम में रखने पर यह दूसरी मछलियों को बहुत परेशान करती है। यही कारण है बड़ी मछली के साथ इसके छोटे बच्चे ही एक्वेरियम में रखे जाते हैं। बड़े होने पर उन्हें नदियों में छोड़ दिया जाता है। इसकी लड़ाकू प्रवृत्ति के कारण इसे पालतू नहीं बनाया जा सकता।इस मछली में नर और मादा की शारीरिक संरचना एक जैसी होती है और ये दिखने में भी एक जैसे लगते हैं। प्रजनन काल में उत्पादक अंगों की सहायता से नर मादा की खोज करता है और इसके बाद ये प्रजनन करते हैं। कहा जाता है कि इस मछली के विषय में मिस्त्र के लोगों को प्राचीनकाल से ही इसकी जानकारी थी। वे इसके प्रति श्रद्धा रखते थे। अफ्रीका में अनेक स्थानों पर इस मछली को रोगों की चिकित्सा में इस्तेमाल में लाया जाता है और इससे दवाइयां तैयार की जाती है।

### पुतिन का प्यार ...




साभारः कार्टूनमूवमेंट डॉट कॉम

स्पीड न्यूज

## आयुष विभाग ने लगाया वृद्ध कैंप



**कुजू।** आयुष्मान आरोग्यम मंदिर में शनिवार को आयुष विभाग ने वृद्ध शिविर लगाया। चिकित्सक डॉ दीपिका मेहता ने 60 वर्ष से अधिक उम्र वाले 19 लोगों का नि:शुल्क इलाज किया। उन्होंने बताया कि हर माह के तीसरे शनिवार को आयुष विभाग द्वारा इस केंद्र में आयुष पद्धति से विशेष शिविर लगाकर सुगर, बीपी, गठिया, असाध्य रोग एवं अन्य लोगों का इलाज किया जाता है। मौके पर सहिया किरण देवी, पूनम देवी, शीतल देवी, सुमन देवी मौजूद थे।

## जुमरा में उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ग्राम जुमरा में शनिवार को उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास जिप सदस्य जयराम बेदिया ने किया। बेदिया ने कहा कि गांव में उप स्वास्थ्य केंद्र बनने से ग्रामीणों को बीमारी के ईलाज में काफी सुविधा मिलेगी। मौके पर झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र बेदिया, टिंकू बेदिया, विष्णु बेदिया, मदनलाल बेदिया, रामप्रसाद मुंडा, धनेश्वर मुंडा सहित दर्जनो ग्रामीण मौजूद थे।

## महिला की गुमशुदगी को दिया आवेदन

**कुजू।** फुआ की गुमशुदगी को लेकर रतवे निवासी भतीजा सनू कुमार मुंडा ने कुजू ओपी में आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि तबियत खराब होने के कारण गत 6 मार्च को आरा–सारूबेड़ा निवासी मेरी सीसीएल कर्मी फुआ भानो देवी (52 वर्ष ) पति स्व बिजली मुंडा मेरे घर आई थी। इस दौरान रोजाना मेरे घर से ही काम करने के लिए आरा– सारूबेडा परियोजना जाती थी। इस बीच 14 मार्च की सुबह करीब 5 :30 बजे शौच के लिए घर से निकली थी। लेकिन काफी देकर तक वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन किये जाने के बाद भी उनका कुछ नहीं पता चला। उन्होंने कुजू पुलिस से खोजबीन की गुहार लगाई है।

## जेएम कॉलेज में स्वयंसेवक सम्मानित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित जेएम कॉलेज एनएसएस ईकाई एक के तत्वावधान में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का शनिवार को संपन्न हुआ। प्राचार्य डॉ. विद्यानंद तिवारी ने स्वयेसवको के कार्यों की सराहना करते हुए कहा की आपका कार्य ही जागरूकता फैलाना है। उन्होंने स्वयंसेवकों को आर्शीवचन देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। स्वयंसेवकों को उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। मौके पर एनएसएस ईकाई दो कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. मनोज सिंह, डॉ. शमां बेगम, महाविद्यालय के वरीय स्वयंसेवक अंजू ठाकुर, आकाश, अभिषेक एवं लक्ष्मीकांत मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## भुरकुंडा में पीसीसी पथ का शिलान्यास



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** डीएमटी फंड से भुरकुडा बाजार के भरत पांडेय राशन दुकान से लेकर सहेली स्टोर तक बनने वाले पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास जिप अध्यक्ष सुधा चौधरी, जिप उपाध्यक्ष रीता देवी, भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, भाजपा ओबीसी मोर्चा के दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल सह प्रभारी योगेश दांगी, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सन्नी प्रसाद कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर पांडेय और पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी ने किया। संवेदक अनिल कुमार ने बताया कि डीएमडी फंड से लगभग 16 लाख रुपए की लागत से पीसीसी पथ का निर्माण किया जायेगा। मौके पर मनोज राम, संवेदक अनिल कुमार, गोपाल चैधरी, रोबिन मुखर्जी, मुकेश राउत, महेंद्र सिंह, अजय गुप्ता, अमरेश सिंह, अशोक सोनी, खुशबू देवी, सुनील महतो, राजन पांडेय, चंदन साव, विक्कू रजक सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## बहेरा में ग्राम सभा का आयोजन

**चरही।** बहेरा पंचायत भवन में शनिवार को ग्राम सभा हुआ। इसकी अध्यक्षता पंचायत के मुखिया देवकी महतो ने की। मुखिया ने कहा कि वर्ष 2024–25 में बिरसा हरित क्रांति योजना के तहत भस्म निर्माण,नाली निर्माण,शौचालय निर्माण ,सोकता गढ़ा निर्माण,कूड़ा दान निर्माण तथा छूटे हुए लाभुकों को घर में नल–जल से जोड़ने का निर्णय लिया गया। इस योजना को 15 वें वित से संपन्न कराया जाएगा। इस मौके पर अल्पसंख्यक विधायक प्रतिनिधि आरिफ अंसारी,वार्ड सदस्य सबीना, रविदास,महादेव बेसरा,सहित कई पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद थे।

## मृतिका के परिजन को मिला 2 लाख

टाटीझरिया। खैरा करमा निवासी मृतक आशा देवी की माता पुनिया देवी को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा का क्लेम राशि दो लाख रुपया एसीबीआइ झरपो ने दिया है। खैरा करमा निवासी आशा देवी पिता नारायण सिंह ने झरपो सीएसपी विकास वर्नवाल के पास खाता खुला था। जिसमें चार सौ छत्तीस रुपया का प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा किया गया था। 23 अक्टूबर 2023 को आशा देवी की मृत्यु हो गई जिसका बीमा का क्लेम राशि 23 फरवरी 2024 को मृतक की माता पुनिया देवी को शनिवार को शाखा प्रबंधक विवेक कुमार, उपप्रमुख रवि वर्नवाल, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल से मिला। बीमा का दो लाख रुपए का खाता में जमा राशि का का स्टेटमेंट दिया है। मौके पर बैंक सखी हेवंती देवी, नारायण साहू, राजू विपिन टोपे संदीप कुमार, सौरभ, आशीष कुमार उपस्थित थे।

## आंगनवाड़ी के भवन का शिलान्यास

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के कुसुंभा पंचायत के जमुआ में पंचायत के मुखिया दुलारचंद पटेल ने आंगनवाड़ी केंद्र का आधार शिला रखा। बताते चलें की वर्षो से निजी भवन में आंगनवाड़ी संचालित हो रहा था, जिससे विभिन्न प्रकार के समस्याओं का सामना करना पड़ता था साथ ही आवश्यक सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा था । मुखिया ने कहा कि अब यहां के बाल ननिहालो का देख भाल और प्रारंभिक शिक्षा उपलब्ध कराने में आसानी होगी। इस कार्य से ग्रामीणों में काफी उत्साह देखी गई। मौके पर उप मुखिया बाबूचंद हेंब्रम,जमीन दाता बृजमोहन मांझी एवं मांझीहाडम फैनी राम मांझी और गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।

# मनीष जायसवाल ने बड़कागांव प्रखंड के 27 गांवों का किया दौरा

## भाजपा को वोट देने की अपील

खबर मन्त्र संवाददाता



बड़कागांव। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के करीब 12 पंचायतों के 27 गांवों का तुफानी दौरा किया।

उन्होंने अपने दौरे की शुरूआत बड़कागांव मध्य पंचायत स्थित एक शोकाकुल परिवार स्व.मुकेश भुइयां के परिजनों से मिलकर और उनका हिम्मत बढ़ाकर किया। तत्पश्चात बड़कागांव पूर्वी पंचायत स्थित बड़कागांव चौक, गुरुचट्टी, जीडीएम चौक, सांढ पंचायत के होरम मोड़, चंदौल पंचायत के चंदौल, कुंदौल, महुगाय खुर्द, अंबाजीत, बादम पंचायत के बादम बस स्टैंड चौक, मस्जिद चौक, काली मंदिर चौक, दुर्गा मंदिर चौक, कोयरी मोहल्ला, ग्राम पंचायत हरली, नयातांड पंचायत के ग्राम विश्रामपुर, नयाटांड़, चोपदर पंचायत स्थित गोसाई बलिया, खराटी, चोपदर, गरसुल्ला पंचायत स्थित लुरूंगा, चानो, ग्राम पंचायत पोटंगा स्थित जरजरा और ग्राम पंचायत उरीमारी में तुफानी जनसंपर्क अभियान चलाया। मौके पर मनीष जायसवाल ने कहा की कांग्रेस के 60 साल पर भाजपा के मोदी सरकार के 10 साल भारी पड़ रहा है। मोदी सरकार ने जनता के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के साथ देश के विकास और समृद्धि में अग्रणी भूमिका निभाई है। मैं हजारीबाग का बेटा हूं,आपके बीच पला-बढ़ा हूं, आपके सुख- दुःख में साथ रहा हूं, मौका देकर सांसद बनाएं, मैं विश्वास दिलाता हूं आपके उम्मीदों पर खरा उतरूंगा । मौके पर विशेषरूप से भारतीय जनता पार्टी के हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिल मिश्रा, मूलचंद साहू रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# रामगढ़ जिले में 852 मतदान केंद्र बनाये गये

## सख्ती से लागू होगा आदर्श आचार संहिता : डीसी

- 26 अप्रैल को जारी होगी अधिसूचना, नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 3 मई, स्कूटनी 4 मई को और 20 मई को होगा मतदान

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़। चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव अधिसूचना जारी करने के बाद शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार ने प्रेस वार्ता की। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की अधिसूचना जारी किए जाने के उपरांत से आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। मौके पर उनके द्वारा 14 लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत रामगढ़ जिले में 22 बड़कागांव, 23 रामगढ़ एवं 24 मांडू विधानसभा अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों की जानकारी दी गयी।

उपायुक्त ने बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन के तहत रामगढ़ जिले के कुल 455 भवनों में 852 मतदान केंद्र बनाए गए हैं । वहीं इस बार के निर्वाचन में कुल 728632, 374759 पुरुष व 353852 महिलाएं अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगी।लोकसभा आम निर्वाचन से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण तिथियों की जानकारी देते हुए उपायुक्त ने बताया कि 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन हेतु 26 अप्रैल 2024को अधिसूचना जारी की जाएगी, जिसके उपरांत नामांकन पत्र दाखिल करने की आखिरी तिथि 3 मई 2024, स्क्रुटनी 4 मई 2024 एवं मतदान 20 मई 2024 को होगा। वही मतगणना 4 जून 2024 को होगी। उपायुक्त के द्वारा सभी मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी दी की 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए निवार्ची पदाधिकारी उपायुक्त हजारीबाग होंगी वहीं 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए सहायक निवार्ची पदाधिकारी अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ एवं बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के लिए भूमि सुधार उप समाहर्ता सहायक निवार्ची पदाधिकारी होंगे।

उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन रामगढ़ निर्वाचन के लिए पूरे तरीके से तैयार है वहीं उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए निर्वाचन सम्बंधित कार्य किए जा रहे है। प्रेस वार्ता के दौरान उपायुक्त के द्वारा आदर्श आचार संहिता के विभिन्न प्रावधानों की भी जानकारी मीडिया प्रतिनिधियों को दी गई। एमसीएमसी कोषांग द्वारा किए जाने वाले कार्यों की जानकारी देते हुए उपायुक्त ने सभी मीडिया प्रतिनिधियों को पेड न्यूज मॉनिटरिंग, एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग आदि के तहत किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी वहीं उन्होंने आदर्श आचार्य संहिता का शख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने की बात कही।

मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी को बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए रामगढ़ जिले में कुल 37 मतदान केन्द्रों पर पर्दा नशी मतदान केन्द्रों के रूप में चयनित किया गया है वहीं जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न मतदान केन्द्रों को पर्यटन अथवा कला से संबंधित विभिन्न थीमों के आधार पर मतदान केंद्र स्थापित किया जाएगा।

## संविदा कर्मी को चुनाव में नहीं मिलेगी ड्यूटी

**हजारीबाग।** लोकसभा चुनावों में संविदा कर्मचारी और वॉलेंटियर्स को दूर रखने की बात मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार ने की है। शनिवार को दिल्ली में लोकसभा चुनावों को लेकर प्रेस वार्ता में इस बात को उन्होने स्पष्ट किया। कहा कि स्टेट और जिला इस बात को सुनिश्चित करेगी की किसी भी प्रोसेस में कॉन्ट्रेक्टयूल स्टाफ को किसी भी हाल में चुनाव के किसी भी स्टेज में इस्तेमाल नहीं करना है। राजीव कुमार ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस लोकसभा चुनाव में किसी भी स्टेट में कॉन्ट्रेक्टयूल स्टाफ और वॉलेंटियर्स इस्तेमाल नहीं होंगे। कहा कि बहूत सारे स्टेट में कॉन्ट्रेक्टयूल स्टाफ और वॉलेंटियर्स का इस्तेमाल किया जाता है। वे इस बार किसी भी सूरत में इस्तेमाल नहीं होंगे। हजारीबाग जिले में इलेक्शन ड्यूटी के लिये कई संविदा कर्मचारी और ऑऊटसोर्सिंग कंपनी के लोगों को लेटर थमा दिया गया है। इस मामले पर कुछ संविदा कर्मियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि हजारीबाग जिले में रेगुलर कर्मियों के रहते भी हमलोगों को ड्यूटी दे दिया जाता है। वहीं रेगुलर कर्मी शादी, बीमारी आदि का बहाना बनाकर ड्यूटी से नाम हटवा लेते हैं। यह सरासर गलत है।

एक नजर में

## कोयला कर्मचारी संघ का कार्यालय खुला



**बड़कागांव।** सिंदवारी में उत्तरी छोटानागपुर कोयला कर्मचारी संघ का शाखा कार्यालय का शुभ उद्घाटन यूनियन के अध्यक्ष गोविंद महतो के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह यूनियन विगत डेढ वर्षों से क्षेत्र में कर्मचारियों के हित को लेकर कार्यरत हैं रजिस्ट्रार श्रमिक संघ झारखण्ड द्वारा निबंधन संख्या 327/2024 का प्रमाण पत्र प्राप्त हैं। इस अवसर पर यूनियन के महामंत्री नवीन सिन्हा ने कहा की यह यूनियन एनटीपीसी, अदानी, जेएसडब्ल्यू,ओएनजीसी सह अधीनस्थ कंपनी जैसे त्रिवेणी सैनिक,ऋत्विक, बीजीआर, शर्मिता, एनएमडीसी में कार्यरत मजदूर एवम कर्मचारियों के लिए बनाई गई है। संगठन के सचिव गैलेक्सी गौरव ने कहा की सदस्यता अभियान युद्ध स्तर पर चल रहा है। कहा कि कंपनियों द्वारा कर्मचारियों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समस्या को लेकर पहले कंपनी के प्रबंधन के पास जाया जाएगा समस्या का समाधान हो जाता है तो ठीक नहीं तो कर्मचारियों के हित के लिए आंदोलन किया जाएगा। मौके पर यूनियन के कोषाध्यक्ष मो जुल्फिकार ,आनंद कुशवाहा , ईश्वर कुमार ,अमित कुमार ,अशोक कुमार ,रूपेश , लक्ष्मण कुमार,सुबोध कुमार, कैलाश महतो, दिनेश्वर महतो, महेंद्र महतो, रामचरण महतो, कार्तिक महतो, मोहम्मद जाहिद, मोहम्मद वजीर ,पप्पू कुमार, गुलाम हुसैन, विनय राणा ,प्रकाश राणा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## चरही में फुटबॉल प्रतियोगिता हुआ संपन्न

**चरही।** सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र के तापीन साउथ परियोजना के जवाहरलाल स्टेडियम में चार दिवसीय ग्रामीण फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को हुआ॥ प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि सीसीएल के कार्मिक निदेशक हर्षनाथ मिश्रा और विशिष्ट अतिथि वित्त निदेशक पवन कुमार मिश्रा थे। दोनों को चरही एरिया के महाप्रबंधक केके सिन्हा,तापीन साऊथ परियोजना पदाधिकारी मनोज कुमार पांडेय, नोडल पदाधिकारी (सीएसआर ) पीयूष,एसओपी पल्लव चक्रवर्ती सहित अन्य पदाधिकारियों ने दोनों अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया। फाइनल मैच जोड़ाकरम बनाम जरबा के बीच खेला गया, जोड़करम 1–0 से विजयी रहा। मुख्य और विशिष्ट अतिथि खिलाड़ियों के बीच पुरुस्कार और मेमोंटो दिया गया। मौके पर जीएम केके सिन्हा,जिप सदस्य बासुदेव करमाली, प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक,मुखिया देवकी महतो, सहित कई लोग उपस्थित थे।


Govt. of Jharkhand
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department, Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
e-mail--- ceredapfsdran-jhr@nic.in

शुद्धि पत्र

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय द्वारा निर्गत e-Tender Reference No RCD/FSD /AP/ RAN/75/23-24 दिनांक 07.03.2024 जिसका पी0आर0न0–322305 Road (23–24) D है में निविदा जमा करने एवं खोलने की तिथि में संशोधन किया गया है, जिसे निम्न प्रकार पढ़ा जाय। शेष शर्तें यथावत रहेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 27.03.2024, 05.00 PM |
| 2- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 12.04.2024, 12.30 PM |
| 3- | Date and Timing of Bid opening | 15.04.2024, 12.30 PM |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer.,
Field Survey Division, A.P
PR 323018 Road(23-24)#D Road Construction Department, Ranchi.


# जेपीएससी परीक्षा को ले डीसी ने की बैठक

- निष्पक्ष और कदाचार मुक्त परीक्षा कराने का दिया निर्देश
- रामगढ़ जिले में 28 केन्द्रों में 8668 अभ्यर्थी लेंगे हिस्सा

**रामगढ़।** 17 मार्च को आयोजित होने वाली झारखंड लोक सेवा आयोग परीक्षा को लेकर शनिवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में सभी मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी, केंद्र अधीक्षक व अन्य प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। उपायुक्त चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार ने निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों, केंद्र अधीक्षकों को निर्देश दिया। उपायुक्त ने परीक्षा कार्य में लगे सभी मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को पूरी संवेदनशीलता के साथ अपने द्वारा किए जाने वाले कार्यों का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा झारखंड लोक सेवा आयोग परीक्षा को लेकर जारी दिशा निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी गई वहीं बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार के द्वारा परीक्षा के मद्देनजर शहर के सार्वजनिक स्थलों, भीड़भाड़ वाले स्थलों आदि में विधि व्यवस्था संधारण को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए गए। अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार के द्वारा केंद्र अधीक्षकों सहित अन्य अधिकारियों को कदाचार मुक्त तरीके से परीक्षा का आयोजन करने, किसी अभ्यर्थी द्वारा नकल किए जाने संबंधित मामले में निर्धारित दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कार्रवाई करने को लेकर जानकारी दी। रविवार को आयोजित होने वाली जेपीएससी की पीटी में 28 केंद्र बनाए गए है ।

## बहेरा में पीसीसी पथ का हुआ शिलान्यास

**चरही।** चुरचू प्रखंड के ग्राम बहेरा में विधायक मद से मिले पीसीसी पथ का शिलान्यास बहेरा मुखिया देवकी महतो ने फीता काटकर किया।यह पथ इंद्रनाथ महतो के घर से लेकर जगदीश महतो के घर तक निर्माण किया जाना है। जिसकी प्रक्कलित राशि 2,49,000 है। मौके पर बहेरा मुखिया देवकी महतो, वार्ड सदस्य गीता देवी, समाजसेवी विनोद कुमार केसरी, मुंतज़िर अंसारी, इंद्रनाथ महतो, श्यामलाल महतो, रियाज अंसारी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## रक्तदान शिविर आज

**हजारीबाग।** थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं रक्त की कमी से पीड़ित व्यक्तियों के लिए रविवार को 10:00 बजे से शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर लगेगा।


रजिस्ट्री सं.डी.एल.–33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.–डी.एल.अ–06032024–252668
असाधारण
भाग II–खण्ड 3 उप–खण्ड (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित

सं. 991] नई दिल्ली, मंगलवार, मार्च 5, 2024/फाल्गुन 15, 1945

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 5 मार्च, 2024

का.आ. 1036 (अ).– केन्द्रीय सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 4855 तारीख 08.11.2023, 5300 तारीख 12.12.2023 जो भारत के राजपत्र असाधारण, भाग–II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा झारखंड राज्य के गढ़वा जिले के गाँवों में अर्थात रमना अंचल अंतर्गत कबीसा, मड़वनियाँ, बगौंधा उर्फ रमना, मानदोहर, करचा, टंडवा, परसवान, बहियारखुर्द, नगर उंटारी अंचल अन्तर्गत गंगटी, बिलासपुर, हलवन्ता कला, हलवन्ता खुर्द, जोरमा, महदेईया, बभनी, सहरसताल कला, नरखोरिया कला, नगर उंटारी, अधौरा, जतपुरा, पाल्हे कला, कोल्हुआ, सिंघपुर, नरही, चितबिसरॉव बराहपटी, मेराल अंचल अंतर्गत मेराल, अकलवानी एवं गढ़वा अंचल अन्तर्गत पोटमा, NH75 के कि.मी. 219.6 से कि.मी. 260.483 (दलाओ गढ़वा) तक के राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण (चौड़ा करने/चार लेन का बनाने, आदि), अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख "21.01.2024" को "खबर मंत्रा" और "टाइम्स ऑफ इंडिया" दोनों में प्रकाशित किया गया था;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3–ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

अनुसूची

झारखंड राज्य के गढ़वा जिले में NH75 के कि.मी. 219.6 से कि.मी. 260.483 (दलाओ गढ़वा) के गाँवों में अर्थात रमना अंचल अंतर्गत कबीसा, मड़वनियाँ, बगौंधा उर्फ रमना, मानदोहर, करचा, टंडवा, परसवान, बहियारखुर्द, नगर उंटारी अंचल अन्तर्गत गंगटी, बिलासपुर, हलवन्ता कला, हलवन्ता खुर्द, जोरमा, महदेईया, बभनी, सहरसताल कला, नरखोरिया कला, नगर उंटारी, अधौरा, जतपुरा, पाल्हे कला, कोल्हुआ, सिंघपुर, नरही, चितबिसरॉव बराहपटी, मेराल अंचल अंतर्गत मेराल, अकलवानी एवं गढ़वा अंचल अन्तर्गत पोटमा, जिला–गढ़वा, झारखंड राज्य के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित भूमि का विवरण।

[फा.स. NHAI/PIU/RNC/NH-75/Section-V(LA)/3D]
अभय जैन, उप सचिव

जिला: गढ़वा
प्रकाशन तिथि: 05.03.2024
https://egazette.gov.in
https://bhoomirashi.gov.in/auth/revamp/showFileDf.cshtml?notification_id=53938&file_id=26397
https://egazette.gov.in/(S(afsiio5gxswmcwc4q4xod1du))/ViewPDF.aspx


# एंबिशन पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना

खबर मन्त्र संवाददाता



**विष्णुगढ़।** एंबिशन पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव का शुभारंभ विष्णुगढ़ थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया । श्री सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षित करते हुए शिक्षकों को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि बच्चों में संस्कार का सृजन कैसे हो। ताकि वह आगे चलकर समाज में एक अच्छे अनुशासन का परिचय दे सके। वहीं इस समारोह में पहुंचे विशिष्ट अतिथि बिहार राज्य के 1990 सत्र के पूर्व आइएएस अधिकारी अजय कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षकों के द्वारा विद्यालय शिक्षा में विद्यार्थियों को अध्ययन हेतु संपूर्ण विषयों की गहराई से जानकारी देनी चाहिए ताकि विद्यार्थी उसे भविष्य में आत्मसात कर अपने जीवन में उतार सके। अभिभावकों

### बच्चों में संस्कार का सृजन करें: थाना प्रभारी

को सम्बोधित करते हुए विद्यालय निदेशक विवेक कुमार ने कहा कि यह विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक राजेश कुमार मंडल, राजेश कुमार दुबे, प्रोफेसर ओमकार नाथ शर्मा, ब्रजेश सिंह, पवन प्रताप सिंह, प्रदीप महतो सहित कई शामिल थे।

# लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अधिसूचना जारी, आचार संहिता लागू

## झारखण्ड में सात चरणों में होगा चुनाव, कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में 5वें चरण में होगा मतदान

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर चुनाव आयोग के द्वारा आसिूचना जारी कर दिया गया है। पूरे देश में 7 चरणों में लोकसभा चुनाव संपन्न होगा। चुनाव की आसिूचना जारी होने के उपरांत उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव कराने को लेकर आसिूचना जारी की गई है।

कुल 7 चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव अंतर्गत कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में 5वें चरण में मतदान होगा। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पूरे क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है। वहीं उन्होंने बताया कि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत नामांकन की तिथि 3 मई, स्क्रूटनी की तिथि 4 मई और नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 6 मई 2024 है।

मतदान की तिथि 20 मई और मतगणना की तिथि 4 जून 2024 निर्ाारित की गई है।

लोकसभा चुनाव स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर लगभग 18 कोषांगों का गठन किया गया है। 05 कोडरमा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 628 मतदान केंद्र की संख्या है, जिसमें 19-कोडरमा में 429, 20-बरकठ्ठा में 146 और 21-बरही में 53 मतदान केंद्र शामिल हैं। 19-कोडरमा अंतर्गत 204674 पुरुष मतदाता व 196266 महिला मतदाता है।

05-कोडरमा लोकसभा अंतर्गत 5325 दिव्यांग, 410 सर्विस वोटर और 80 प्लस मतदाताओं की संख्या 10658 है। 05 कोडरमा लोकसभा अंतर्गत 19-कोडरमा में उपयोग होने वाले वैलेट यूनिट-1107, कंट्रोल यूनिट-523 और वीवीपैट-568 कुल 429 मतदान केन्द्रों पर उपयोग की जायेगी।

### आदर्श आचार संहिता की घोषणा के बाद प्रचार-प्रसार की सामग्री हटाई जायेगी : उपायुक्त



उपायुक्त ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 की अधिसूचना जारी होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है। इसके लिए सभी सरकारी परिसरों में स्थापित राजनीतिक संदेश अथवा राजनीतिक दलों के होर्डिंग्स को 24 घंटे की समय सीमा के भीतर हटाया जायेगा। इसी तरह सार्वजनिक संपत्ति में लगे होर्डिंग्स को हटाने की समय सीमा 48 घंटे निर्धारित है। निजी संपत्ति में लगे होर्डिंग्स के लिए 72 घंटे की समय सीमा निर्धारित है। वहीं उन्होंने बताया कि कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार मालिक की अनुमति के बिना उसकी व्यक्तिगत जमीन, भवन, परिसर, दीवार तथा गाड़ी में बैनर लगाने, स्लोगन लिखने, पंपलेट चिपकाने इत्यादि के कार्य नहीं कर सकेंगे, आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित शिकायत सी-विजिल एप के मायम से भी की जा सकती है। वहीं एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर सभी मतदान केन्द्रों पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी। मौके पर डीडीसी ऋतुराज, एसी पूनम कुजुर, एसडीओ रिया सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, डीटीओ विजय कुमार सोनी, डीएसओ अविनाश पुरेंदु, उप निर्वाचन पदाधिकारी, डीएसडब्लूओ शिप्रा सिन्हा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## शौर्य चक्र प्राप्त मुंबई हमले के हीरो प्रवीन तेवतिया का हुआ आगमन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** चेचाई चाराडीह स्थित विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में 26/11 मुंबई हमले में आतंकियों के गोली खाकर 150 लोगों को जिंदा बचाने वाले हीरो आयरण मेन व शौर्य चक्र प्राप्त मार्कोस कमांडो प्रवीन तेवतिया का आगमन हुआ। जिसका पूरे गर्मजोशी से विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत किया गया। वहीं उन्होंने सीनियर कक्षा के छात्र-छात्राओं को संबोाित करते हुए अपने जीवन के अनक्षुवे घटनाओं को बताते हुए कहा कि मुंबई हमले के उस रात को मैं कभी नही भूल सकता, जब एके 47 की गोलियां मेरे सीने के आर-पार हो गया था और मैं उस हलात में भी दुश्मनों से लोहा लेते रहा। उस हमले में मेरे एक कान और एक फेफड़ा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। कई महीने तक हॉस्पिटल में इलाजरत रहा। मैं पूरी तरह से मानसिक व शारीरिक रूप से टूट चुका था। बाबजूद योग-प्रणयाम को अपने जीवन में अपना कर आज देश सेवा में पुनः लगा हूं। वहीं उन्होंने बच्चों को सेना में जाकर देश सेवा करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही बच्चों को स्वस्थ्य व खुशहाल जीवन जीने के लिए योग सााना को अपने जीवन में अपनाने को कहा।

## डीसी की अध्यक्षता में जेपीएससी परीक्षा को लेकर बैठक में निर्देश

**चतरा।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएसएसी) द्वारा 17 मार्च, 2023 को आयोजित की जाने वाली झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 को लेकर उपायुक्त रमेश घोलप ने समाहरणालय सभागार में एक समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने परीक्षा को कदाचार मुक्त संपन्न कराने के लिए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी पर्यवेक्षक सह दंडाधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा के दिन निर्धारित समय से पहले पहुंच परीक्षा को कदाचार मुक्त और सुगमता पूर्वक संचालित कराना सुनिश्चित करें।केंद्राधीक्षकों को अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित कराने व उनकी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, परीक्षार्थियों के लिए पेयजल की व्यवस्था, कमरे में पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था, शौचालय व अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

## सबजोनल कमांडर हरेंद्र गंझू के तीन समर्थक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** चतरा पुलिस ने प्रतिबंधित टीएसपीसी नक्सलियों को बड़ा झटका देते हुए सबजोनल कमांडर हरेंद्र गंझू के तीन समर्थकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली समर्थक इटखोरी और हंटरगंज थाना क्षेत्र समेत विभिन्न इलाकों में संचालित विकास योजनाओं से जुड़े संवेदकों व कर्मियों का नक्सलियों को विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराते थे। पुलिस ने उनके पास से विभिन्न कंपनियों के 06 मोबाइल फोन, 04 नक्सली पर्चा, चार जोड़ा जूता, दो ट्राउजर, एक गंजी व एक मंकी टोपी समेत नक्सली साहित्य बरामद किया है। यह कार्रवाई एसपी विकास पांडेय को मिली गुप्त सूचना के आधार पर डीएसपी मुख्यालय रोहित कुमार रजवार के नेतृत्व में गठित इटखोरी थाना पुलिस की



संयुक्त टीम ने की है। डीएसपी मुख्यालय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी कि 16 मार्च 2021 को पुलिस अधीक्षक चतरा को गुप्त सूचना मिली कि टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के कुछ सदस्य अपने सब जोनल कमांडर हरेंद्र गंझू से मिलने व कुछ सामान पहुंचाने के लिए भुरकुंडा जंगल के रास्ते होकर जाने वाले हैं। सूचना के सत्यापन के लिए पुलिस उपाधीक्षक (मु.) चतरा के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया और भुरकुंडा जगाला में छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी के दौरान तीन व्यक्तियों को पकड़ा गया। पकड़े गए तीनों व्यक्तियों के नाम मिथलेश दांगी, लक्ष्मण कुमार दांगी और सुरजीत मुण्डा हैं। इनके पास से 06 मोबाइल फोन, 04 उग्रवादी संगठन द्वारा निर्गत धमकी पर्चे, 04 जोड़ा जुला, 02 टीजर, 01 गाजी तथा 01 मंकी टोपी बरामद किया गया।

### सेक्टर पदाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

## अपने दायित्वों व कर्तव्यों का बेहतर तरीके से निर्वाहन करें : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में बिरसा मुंडा सांस्कृतिक भवन में सेक्टर पदाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। वहीं उपायुक्त ने कहा कि चुनाव में आप लोगों को भागीदारी अहम है और अपने दायित्वों व कर्तव्यों का बेहतर तरीके से निर्वाहन करेंगे। प्रशिक्षण में चुनाव से संबंाित कार्यों की जानकारी दिया गया। वहीं उन्होंने बताया कि सेक्टर पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी आपस में समन्वय स्थापित करते हुए सभी मतदान केन्द्रों का भ्रमण करेंगे, विशेष रूप से वलनेरेबुल मैपिंग का कार्य करेंगे। साथ ही अपने गहन




जांच का रिपोर्ट जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करेंगे। इसके साथ ही सभी सेक्टर पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी को अपने पोलिंग स्टेशन में रैंप, सड़क की स्थिति, बिजली, पानी की व्यवस्था, महिला-पुरुष के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था, भवन की स्थिति आदि की जानकारी लेते हुए प्रपत्र में भरकर रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निदेश दिया। वहीं सभी को मतदान केन्द्रों का रूट चार्ट बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान मृत मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाया गया है, अपने स्तर से सभी सत्यापन करेंगे। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों के भ्रमण के दौरान मतदाताओं से वार्ता कर मतदान केन्द्रों में किसी तरह की समस्या होने की संभावना का आकलन करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी का अपना कम्युनिकेशन प्लान तैयार कर रखेंगे। वहीं एसपी अनुदीप सिंह ने कहा कि चुनाव कार्य पूरे जिम्मेदारी के साथ-साथ मुस्तैदी से करना है, किसी प्रकार की समस्या होने पर उच्च अधिकारियों को सूचित करेंगे। संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों, प्रभावित मतदान केन्द्रों को चिन्हित करेंगे।

## सात किलो अफीम बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** सिमरिया और लावालौंग पुलिस ने अलग-अलग स्थान में छापेमारी कर सात किलो एक सौ ग्राम अफीम के साथ एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर दिवाली गंझू लावालौंग के सहरचिया गांव का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से मोटरसाइकिल के डिक्की में रखा है 1.6 किलोग्राम गीला अफीम, 6 ग्राम ब्राउन शुगर और एक मोबाइल फोन जब्त किया है। छापेमारी अभियान में लावालौंग पुलिस ने बेहराबाद गांव के राजेश गंझू के घर से 4.5 किलो अफीम, करमा पूल के पास एक मोटरसाइकिल की डिक्की में रखा एक किलो अफीम जब्त किया है। हालांकि लावालौंग पुलिस के इस अभियान में तस्कर भागने में सफल रहे। पुलिस उपरोक्त सभी मामलों की प्राथमिक दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार केसरी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को सभी मामलों की गुप्त सूचना मिली थी जिसके सत्यापन के लिए टीम गठित कर साधन छापेमारी अभियान चलाया गया।

## कलंक को मिटाने के लिए राजनीतिक दलों के नेताओं को करना होगा विचार: देवलाल यादव

### चतरा संसदीय क्षेत्र पर अब तक बाहरी उम्मीदवारों का रहा है कब्जा

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** चतरा विधानसभा के राजद विधायक सह मंत्री सत्यानंद भोगता के मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव का दावा है कि इंडिया गठबंधन को चतरा संसदीय क्षेत्र से मंत्री भोगता को टिकट देना चाहिए, जिससे जीत सुनिश्चित होगी। चतरा लोकसभा सीट से स्थानीय उम्मीदवार की मांग लंबे समय से चली आ रही है और मंत्री भोगता सभी जाति, धर्म और समुदाय में लोकप्रिय हैं। देव लाल यादव ने कहा कि राजद पहले भी भाजपा को हरा चुकी है और अब भी हराने में सक्षम है। उन्होंने अफसोस जताया कि आजादी के 75 साल बाद भी इस संसदीय क्षेत्र से कोई स्थानीय सांसद नहीं बन पाया है, जो चतरा के लोगों के लिए पीड़ा और कलंक जैसा है। सभी पार्टियों ने बाहरी नेताओं को भेजकर चतरा संसदीय क्षेत्र पर बदनुमा दाग लगा रखा है। श्री यादव ने चतरा संसदीय क्षेत्र के राजनीतिक इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस क्षेत्र से निर्दलीय, कांग्रेस, भाजपा और जनता दल/राष्ट्रीय जनता दल सभी दलों ने चुनाव जीते हैं। चतरा लोकसभा सीट की शुरूआत से ही निर्दलीय उम्मीदवारों का दबदबा रहा है, लेकिन समय और परिसीमन के साथ वोटरों के रुझान में भी बदलाव आया है। चतरा लोकसभा सीट हमेशा से ही हॉट सीट रही है और सभी पार्टियों के नेता इस पर अपना दावा करते रहे हैं। हालाँकि, यहाँ के मतदाता चुनाव दर चुनाव अपना रुख बदलते रहे हैं। श्री यादव ने यह भी कहा कि नेताओं ने इस क्षेत्र के



मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव

जंगलों, पठारों, पहाड़ों और खनिज संपदा में रुचि दिखाई है, लेकिन क्षेत्र के विकास के लिए कुछ नहीं किया है। यहाँ के लोगों ने निर्दलीय और पार्टी के उम्मीदवारों को लोकसभा और विधानसभा भेजा है, लेकिन किसी ने भी क्षेत्र के विकास पर ध्यान नहीं दिया है। इस संसदीय क्षेत्र में भाजपा ने राजद को पराजित किया है, जबकि कांग्रेस लगातार हारती रही है। इसलिए, इंडिया गठबंधन के नेताओं को सीट अधिक प्राप्त करने पर नहीं, बल्कि जीत प्राप्त करने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। इस संसदीय क्षेत्र में मंत्री सत्यानंद भोगता भारी बहुमत से जीत हासिल कर सकते हैं, क्योंकि उन्होंने अपने कार्यकाल में विकास के लिए बहुत काम किया है और स्थानीय लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हैं।

**1957 से अबतक बाहरी प्रत्याशी ही जीतते रहे चुनाव :** 1957 से 1967 तक निर्दलीय उम्मीदवार विजया राजे ने इस संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। 1971 में शंकर दयाल सिंह कांग्रेस पार्टी के टिकट पर चुनाव जीतकर संसद पहुंचे। 1977 में सुखदेव प्रसाद वर्मा जनता पार्टी के टिकट से जीत हासिल की। 1980 में कांग्रेस पार्टी के रंजीत सिंह को जनता ने फिर से लोकसभा भेजा। 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सहानुभूति वोट से योगेश्वर प्रसाद योगेश ने चुनाव जीता। 1989 और 1991 में जनता दल के उपेंद्र नाथ वर्मा दो बार जीतकर लोकसभा पहुंचे।

1996 में पहली बार भाजपा ने इस संसदीय क्षेत्र में अपना खाता खोला और धीरेंद्र अग्रवाल सांसद चुने गए। 1998 में धीरेंद्र अग्रवाल ने फिर से जीत दर्ज किया। 1999 के आम चुनाव में, भाजपा को हराने के लिए राजद ने क्रांतिकारी जगदेव प्रसाद के पुत्र नागमणि को टिकट दिया और वे जीतकर लोकसभा पहुंचे। 2004 के आम चुनाव में, नागमणि भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े और धीरेंद्र अग्रवाल राजद के टिकट पर जीतकर संसद पहुंचे। 2009 के आम चुनाव में, नागमणि और धीरेंद्र अग्रवाल ने फिर से पार्टी बदलकर चुनाव लड़ा, लेकिन वोटरों ने निर्दलीय उम्मीदवार इंदर सिंह नामधारी को जिताकर संसद भेजा। 2014 के आम चुनाव में, भाजपा ने इन नेताओं को दरकिनार कर नए चेहरे के रूप में सुनील कुमार सिंह को चुनावी मैदान में उतारा। इस चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार धीरज प्रसाद साहू दूसरे नंबर पर रहे, लेकिन काफी अंतर से हार गए। 2019 के चुनाव में, कांग्रेस पार्टी ने भाजपा सांसद सुनील कुमार सिंह के मुकाबले में मनोज यादव को उतारा, लेकिन उन्हें भी बड़े अंतर से हार का सामना करना पड़ा।

## एक नजर में

### मृतक के घर पहुंचे राजद प्रखंड अध्यक्ष और मंत्री प्रतिनिधि, परिवार से मुलाकात की

**चतरा।** बिहार के शेरघाटी में एक सड़क दुर्घटना में राजू यादव की मृत्यु हो गई, जिसके बाद मंत्री सत्यानंद भोक्ता के निर्देश पर राजद प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार यादव और मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव मृतक के घर पहुँचे और उनके परिवार से मुलाकात की। उन्होंने हर संभव सहायता का आश्वासन दिया और कहा कि सरकार द्वारा हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। राजू यादव घर का कमाऊ व्यक्ति था और उसके पिता की दो साल पहले जबड़ा नदी में डूबने से मौत हो गई थी। इस दुर्घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक एक होटल में रहकर कारीगर का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। इस मौके पर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि चैतू यादव और अन्य ग्रामीण भी मौजूद थे।

### जीरो ड्रॉप आउट पंचायत बनाने के लिए बैठक आयोजित

**कुंदा।** पंचायत में पिरामल फाउंडेशन ने जीरो ड्रॉप आउट पंचायत बनाने के लिए बैठक आयोजित की। बैठक में मुखिया मनोज कुमार साहू, पंचायत सचिव रामजी कुमार, उपमुखिया, जल सहिया, वार्ड सदस्य, आंगनवाड़ी सेविका और ग्रामीण उपस्थित थे।बैठक में शिक्षा के महत्व पर चर्चा हुई और अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया गया।पिरामल फाउंडेशन के आदित्य राज ने शिक्षा जागरूकता रैली निकालने का सुझाव दिया और उस रैली का नारा ₹ज्ञान का दीप जलाना हैं, तो हर घर में बच्चा पढ़ना हैं₹ रखने को कहा। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पंचायत को जीरो ड्रॉप आउट पंचायत बनाने के लिए शिक्षा जागरूकता रैली निकाली जाएगी।

### जीपीडीपी के तहत ग्राम सभा का आयोजन

**गिद्धौर।** प्रखंड के बारीसाखी पंचायत सचिवालय में जीपीडीपी के तहत ग्राम सभा का आयोजन किया गया। मुखिया सुमीरा कुमारी के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में दर्जनों पुरुष और महिलाएं उपस्थित थे। बैठक में गाय, बकरी, मुर्गी, शुकर सेड, पीसीसी निर्माण, आहार निर्माण, डोबा निर्माण और चबूतरा निर्माण जैसी कई योजनाओं का चयन किया गया। रोजगार सेवक पार्वती कुमारी, प्रसादी पासवान, कर्मधारी रजक, वार्ड सदस्य रजनी देवी, सुनील कुमार यादव और अन्य ग्रामीण भी मौजूद थे।

### बसपा ने मनाई मान्यवर कांशीराम साहब की 90वीं जयंती

**टंडवा।** बहुजन समाज पार्टी ने मान्यवर कांशीराम साहब की 90वीं जयंती मनाई। जयंती समारोह टंडवा प्रखंड के पोकला उर्फ कसियाडीह में आयोजित किया गया। इस अवसर पर चतरा लोकसभा प्रभारी चंद्रशेखर दास, जिला अध्यक्ष विनोद कुमार राज, जिला महासचिव चतरा जितेंद्र राम, जिला प्रभारी रामप्रीत यादव, जिला प्रभारी नागेश्वर राम, विधानसभा प्रभारी कृष्णा दास, विधानसभा सचिव आदिप मेहरा, चतरा नगर अध्यक्ष पंकज कुमार दास सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। बसपा सिमरिया विधानसभा अध्यक्ष रामावतार राम ने मान्यवर कांशीराम साहब के जीवन संघर्षों पर प्रकाश डाला और बहुजन समाज पार्टी को मजबूत करने पर बल दिया। जयंती समारोह में उपस्थित कार्यकताओं और सैकड़ों लोगों ने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में बसपा की सरकार बनाने और बहन कुमारी मायावती को भारत का प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया। समीक्षा कार्यक्रम में टंडवा प्रखंड स्तरीय कार्यकताओं के बीच संगठन की समीक्षा की गई और संगठन का विस्तार करने का निर्णय लिया गया। बहुजन समाज पार्टी को पूरे टंडवा प्रखंड में सेक्टर कमेटी और बुथ कमेटी बनाकर संगठन को मजबूत बनाते हुए विस्तार करने का संकल्प लिया गया

### दिव्यांग बच्चों के बीच सहायक उपकरण का वितरण

**कोडरमा।** होली फैमिली हॉस्पिटल प्रांगण में जन विकास समिति वाराणसी एवं कोडरमा फ्रांसिस्केन क्लेरिस सिस्टर द्वारा सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। वहीं मुख्य अतिथि डीएसडब्लूओ शिप्रा सिन्हा एवं जिला बाल संरक्षण नोडल पदााकिारी अर्चना ज्वाला मुख्य रूप से उपस्थित थे। वहीं सुनील कुमार दास ने दिव्यांग बच्चों के शिक्षा की बुनियादी जरूरत को बताते हुए उनको शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं सिस्टर लीला जोश ने बच्चों के शारीरिक विकास में सुाार को लेकर पोषण से भरपूर भोजन के सेवन के बारे में बताया। वहीं शिप्रा सिन्हा ने दिव्यांग बच्चों को स्पेशल स्कूल से जोड़ने एवं उनके शिक्षा को बढ़ावा देने के बारे में बताया। वहीं 18 दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण दिया गया। मौके पर जयमंगल, शुभम कुमार सिंह, रंजीत कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

### अवैध शराब के विरुद्ध चला छापामारी अभियान

**कोडरमा।** उपायुक्त के आदेश के अलोक में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 एवं होली पर्व को देखते हुए मेघातरी चेक पोस्ट पर उत्पाद विभाग की अवैध शराब के विरुद्ध निगरानी एवं जांच की जा रही है। इसी क्रम में उत्पाद विभाग द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर 15 मार्च 2024 को कोडरमा-रजौली घाटी में एक मारुती कार व एक अपाची मोटरसाइकिल से अवैा शराब जप्त की गई। वहीं बताया गया कि अवैध शराब की तस्करी की गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आलोक में अधीक्षक उत्पाद सुजीत कुमार सिंह ने उत्पाद निरीक्षक शिव सागर महतो के नेतृत्व में टीम गठित करते हुए कोडरमा से रजौली जाने वाली घाटी में जांच की जा रही थी। इसी दौरान रात्रि 2 से 3 बजे के बीच कोडरमा से रजौली जाने वाली घाटी में मारुती कार एसएक्स-फोर जेएच10क्यू/1255 को रुकवाया गया एवं उसकी तलाशी लेने पर उक्त वाहन से 16 पेटी 375 एमएल 384 बोतल इम्पीरियर ब्लू एवं रॉयल स्टैग का अवैध विदेशी शराब जब्त किया गया। वहीं चालक मंटू कुमार, दिबोर नवादा जिला को गिरफ्तार किया गया एवं एक अन्य व्यक्ति विकाश कुमार रजौली निवासी भागने में सफल रहा। इसी क्रम में कोडरमा घाटी में एक अपाची मोटरसाइकिल बीआर27एच/8407 से 05 पेटी 375 एमएल 120 बोतल इम्पीरियर ब्लू एवं रॉयल स्टैग का अवैा विदेशी शराब जब्त किया गया। वहीं मोटरसाइकिल चालक सुभाष यादव मौके से भागने में सफल रहा। उक्त छापामारी में उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक उत्पाद शिव सागर महतो, सुभाष बेसरा, निखिल चन्द्र एवं होम गार्ड के जवान शामिल थे।

### चंद्रवंशी समाज का होली मिलन समारोह आज

**कोडरमा।** चंद्रवंशी विकास मंच पूर्व घोषित कार्यक्रम होली मिलन समारोह शनिवार को राधा किशन मिशन स्कूल पांडेयडीह में होने जा रही है, जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। उक्त जानकारी अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के जिला उपाध्यक्ष सह मंच सचिव महेश भारती ने देते हुए बताया कि कोडरमा जिला चंद्रवंशी समाज का होली मिलन समारोह अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा जिला कमिटी एवं चंद्रवंशी विकास मंच का संयुक्त तत्वाान में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महासभा एवं मंच के संरक्षक सदस्य, बुद्धिजीवी मंच सदस्य, प्रमंडल अध्यक्ष चंद्रवंशी दीपक नवीन, जिला अध्यक्ष प्रवीण रवानी, महासचिव अभिषेक चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष मनोहर राम, मंच कोषाध्यक्ष राजेंद्र वर्मा के साथ ही महासभा एवं मंच के तमाम पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता आदि काफी संख्या में चंद्रवंशी समाज के लोग भाग लेंगे।

### चार लाख 25 हजार रूपये की लकड़ी जब्त

**डोमचांच (कोडरमा)।** वन प्रमण्डल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर वन क्षेत्र पदाधिकारी डोमचांच रविन्द्र कुमार के नेतृत्व में डोमचांच थाना क्षेत्र के डोमचांच बाजार में इंटर महाद्यिलाय के सामने लक्ष्मण मेहता पिता स्व. रोाश्याम मेहता ग्राम मसनोडीह थाना डोमचांच के द्वारा संचालित दुकान एवं भंडारण स्थल पर छापामारी किया गया। छापामारी में कहीं भी आरा मिल चलने का चिन्ह नहीं पाया गया, मगर अवैध रूप से भंडारीत साल, शिशम के दो सौ सात सीएफटी लकड़ी जप्त कर सुरक्षार्थ वन क्षेत्र कार्यालय डोमचांच के प्रांगण में लाया गया तथा अग्रेतर कार्रवाई की गई। जप्त लकड़ी की कीमत लगभग चार लाख 25 हजार बताई जा रही है। गठित टीम में प्रभारी वनपाल, वनरक्षी, शामिल थे।

# सुग्गा द ऑनेस्ट टैक्सी ऐप से जमशेदपुर में बुक होने लगी कैब

## पहले ही दिन 3000 राइडर ने किया ऐप डाउनलोड, 500 ड्राइवरों ने किया सब्सक्राइब्स

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** सुग्गा द ऑनेस्ट टैक्सी कैब ऐप जमशेदपुर में आज से लाइव हो गई है। अगले हफ्ते सुग्गा रांची में लाइव हो जायेगी। जमशेदपुर में 16 मार्च से सुग्गा द ऑनेस्ट टैक्सी कैब की विधिवत शुरूआत मुख्य अतिथि जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने अन्य अतिथियों संग तुलसी भवन,बिष्टुपुर में दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन के सचिव प्रसेनजीत तिवारी, सुग्गा द ऑनेस्ट टैक्सी कैब के चेयरमैन विकास सिंह, वरिष्ठ पत्रकार संजय मिश्रा भी मौजूद थे। तदोपरान्त सुग्गा द ऑनेस्ट टेक्सी कैब के ड्राइवरों को अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छा देकर सम्मानित कर आज इसकी विधिवत शुरुआत की गई।



सुग्गा कैब को लाइव करने के अवसर पर उपस्थित सांसद विद्युतवरण महतो, चेयरमैन विकास सिंह व अन्य अतिथिगणों के साथ सम्मानित किये गये कैब ड्राइवर्स।

पहले ही दिन जमशेदपुर में करीब 3000 राइडर ने इस ऐप को डाउनलोड किया जबकि 500 से अधिक कैब ड्राइबरों ने इस ऐप को डाउनलोड किया। जमशेदपुर में प्रारंभिक रिस्पांस से टीम सुग्गा बेहद खुश नजर आयी।

इस तरह 16 मार्च से शहरवासी सुग्गा कैब की राइड ले सकते है। सिडान, मिनी, ऑटो व बाइक के लिए अब शहरवासियों को परेशान होने की जरुरत नहीं होगी। सुग्गा यात्रियों को सुरक्षित और सुगम यात्रा की सुविधा प्रदान करेगा। सुग्गा अपने ड्राइवर साथियों से सबसे कम कमीशन चार्ज करती है। रिटायरमेंट सिक्टयोरिटी योजना, इंस्टेंट विथड्रावल ऑफ मनी, ट्रांसपेरेंट फेयर और 24/7 सपोर्ट जैसे सुविधाएं सुग्गा द्वारा दी जा रही है।

## स्पीड न्यूज

### खूब और रघुनाथ जी की गवाही का मंचन आज

**जमशेदपुर।** तुलसी भवन, बिष्टुपुर में रविवार 17 मार्च को डॉ रसिक बिहारी ओझा निर्भीक के लिखित नाटक लांस नायक खूब सिंह का मंचन अनुज प्रसाद के निर्देशन में शाम 6 बजे से होगा। यह नाटक जमशेदपुर भोजपुरी साहित्य परिषद की प्रस्तुति है। इसी दिन शाम 7:30 बजे से रंगश्री रघुनाथ जी की गवाही नाटक का मंचन किया जायेगा।

### राम मंदिर टेल्को में बही फगुआ गीतों की बहार

**जमशेदपुर।** श्री श्री राममंदिर समिति टेल्को द्वारा होली मिलन समारोह शनिवार को संध्या 7:30 बजे से आयोजित हुआ, जिसमें सरस्वती रामायण मंडली व्यास अवधेश उपाध्याय (बक्सर, बिहार) और बबन पाण्डेय (भोजपुर, बिहार) द्वारा पारम्परिक फगुआ की प्रस्तुति देकर माहौल को होलीमय बना दिया। एक से बढ़कर एक पारम्परिक फगुआ गीतों की प्रस्तुति हुई।

### कुमरुम बस्ती से ब्राउन शुगर के साथ दो धराये



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मानगो थाना अन्तर्गत कुमरुम बस्ती से ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री में संलिप्त दो अपराधकर्मियों को रंगे हाथ कुल 17 पुड़िया ब्राउन शुगर, वजन करीब 68 ग्राम के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। उक्त जानकारी पुलिस प्रवक्ता ने दी है।

### रेडक्रॉस : राजू ने 22 वीं बार किया एसडीपी दान



**जमशेदपुर।** रक्तदान अभियान को बढावा देने के लिए रेड क्रॉस सोसाईटी पूर्वी सिंहभूम द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। एसडीपी डोनेशन अभियान के तहत टाटा स्टील के एसडीपी डोनर राजू कुमार ने आज 22वीं बार एसडीपी दान किया, वहीं उन्होने इससे पूर्व 17 बार नियमित रक्तदान किया है।

### बाहा पर्व में शामिल हुए विधायक मंगल कालिंदी

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा जमशेदपुर प्रखंड के छोलागोड़ा में बाहा पर्व धूमधाम से आदिवासी रीति रिवाज के साथ मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुआ. स्थानीय लोगों द्वारा कार्यक्रम में शामिल होने पर संथाली रीति रिवाज के साथ विधायक को सम्मानित किया। आदिवासी रीति रिवाज के साथ सखुआ वृक्ष के नीचे पूजा अर्चना किया गया।

### एमएनपीएस ने की प्रशिक्षण सत्र की मेजबानी

**जमशेदपुर।** मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल ने 16 मार्च, 2024 को गर्व से एक समृद्ध शिक्षक प्रशिक्षण सत्र की मेजबानी की, जिसमें एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद्, प्रेरक कोच और प्रर्वतक श्री हिमांशु शेठ की सम्मानित उपस्थिति थी। यह कार्यक्रम प्रभावी संचार, व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देने और छात्रों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर केंद्रित था।

### होली मिलन समारोह में शामिल हुए विधायक

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर प्रखंड के गोविंदपुर आजीविका महिला संकुल संगठन ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सह होली मिलन समारोह के अवसर पर दुर्गा बाड़ी क्लब गोविंदपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान विधायक मंगल कालिंदी के द्वारा 200 महिलाओं को शॉल भेंट कर सम्मानित किया और उपस्थित महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं व बधाई दी। विधायक ने कहा कि आज महिलाएं अपनी लगन, मेहनत से हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर रही हैं।

## लोकसभा चुनाव : उपायुक्त अनन्य मित्तल ने चुनाव कार्यक्रम का ब्योरा दिया

# जमशेदपुर सीट पर 29 अप्रैल से नामांकन, 25 मई को वोट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोक सभा सीट पर चुनाव का ऐलान हो गया है यहां छठे चरण में चुनाव होगा। जमशेदपुर में 25 मई को मतदान होगा। मतों की गणना 4 जून को की जाएगी। इसके बाद 6 जून को चुनाव प्रक्रिया संपन्न हो जाएगी। 18 लाख 41 हजार 646 मतदाता अपना नया सांसद चुनेंगे।

डीसी अनन्य मित्तल ने डीसी ऑफिस में शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि जमशेदपुर लोकसभा सीट के लिए नामांकन प्रक्रिया 29 अप्रैल से शुरू हो जाएगी। उम्मीदवार नामांकन दाखिल कर सकेंगे। 6 मई तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। 7 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 9 मई को प्रत्याशी अपने नाम वापस ले सकेंगे। इसके बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी होगी।



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते डीसी अनन्य मित्तल। साथ में बायें सीनियर एसपी किशोर कौशल, डीडीसी मनीष कुमार और एसडीओ पारुल सिंह।

**लोकसभा क्षेत्र के जमशेदपुर पश्चिम में सबसे अधिक है मतदाता**

डीसी अनन्य मित्तल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि जमशेदपुर पश्चिम में मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक है। यहां 3 लाख 73 हजार 979 मतदाता है। सबसे कम 2 लाख 38 हजार 733 मतदाता बहरागोड़ा में हैं। जमशेदपुर पूर्व में 3 लाख 26 हजार 367 मतदाता, जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में 3 लाख 41 हजार 765 मतदाता, घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 54 हजार 228 मतदाता, पोटका विधानसभा क्षेत्र में तीन लाख 6 हजार 574 मतदाता हैं। पुरुष मतदाताओं की संख्या 9 लाख 24 हजार 246 है। महिला मतदाता 9 लाख 17 हजार 272 हैं। मतदान संपन्न करने के लिए जिले भर में 1887 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। यह मतदान केंद्र 1134 भवनों में बनाये गये हैं। बहरागोड़ा में 264 मतदान केंद्र, घाटशिला में 291, पोटका में 326, जुगसलाई में 381, जमशेदपुर पूर्व में 295 और जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में 330 मतदान केंद्र हैं।

**हथियार लेकर चलने पर कार्रवाई होगी : एसडीओ-** एसडीओ धालभूम पारुल सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में हथियार लेकर चलने पर पाबंदी है। यह पाबंदी मतदान के दिन तक जारी रहेगी। जिले में अगर कोई भी हथियार लेकर चलेगा तो उस पर कार्रवाई की जायेगी।

**जमशेदपुर पूर्व क्षेत्र की आरओ बनी एसडीओ पारुल सिंह :** डीसी ने विधानसभावार एआरओ के नाम भी घोषित कर दिए हैं। आरओ डीसी अनन्य मित्तल रहेंगे। इसके अलावा, जमशेदपुर वेस्ट के आरओ एडीसी रोहित सिंह, जमशेदपुर ईस्ट की एआरओ पारुल सिंह, जुगसलाई के एआरओ एसओ आर महेंद्र कुमार, पोटका के एआरओ एडीएम अनंत कुमार, घाटशिला के एआरओ एसडीओ घाटशिला सच्चिदानंद महतो और बहरागोड़ा के एआरओ एनईपी के डायरेक्टर अजय कुमार साव रहेंगे।

**चुनाव कार्य में लगाये गये 9056 कर्मचारी :** जमशेदपुर संसदीय सीट पर लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए 9056 कर्मचारी लगाये गये हैं। जमशेदपुर में 29 अप्रैल से नामांकन लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू हो जायेगी। 6 मई को नामांकन पत्र दाखिल करने की आखिरी तारीख है। 7 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 9 मई को नामांकन पत्रों की वापसी होगी। इसके बाद उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी की जायेगी। 25 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होंगे। 4 जून को मतगणना होगी और 6 जून को आदर्श आचार संहिता खत्म कर दी जायेगी।

## एक नजर में

### ब्लू डायमंड रेस्टोरेंट में ग्राहकों का अच्छा रिस्पांस



**जमशेदपुर।** डिमना चौक से 1 किमी की दूरी पर बालीगुमा-घाटशिला रोड, स्थित ब्लू डायमंड रेस्टोरेंट में ग्राहकों का काफी अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। अपनी पहली विजिट के दौरान ही ग्राहक यहां के खुशनुमा वातावरण एवं बेहतरीन व्यंजनों का लुत्फ उठाते हुए कहते हैं कि इस तरह के रेस्टोरेंट का काफी दिनों से इन्तजार था। ब्लू डायमंड के संचालक सरदार मंजीत सिंह ने कहा कि यह शुरूआती दिन से ही जमशेदपुर एवं इसके आस-पास के लोगों का पसंदीदा रेस्टोरेंट बन गया है, यहां आकर ग्राहक काफी प्रसन्न होते हैं। यहां एक साथ 300 से अधिक लोगों के बैठने की क्षमता है। सरदार मंजीत सिंह ने आगे कहा कि अभी भी हम ग्राहकों को एक निश्चित रकम के बिलिंग के उपर डिस्काउंट उपलब्ध करा रहें हैं इसके अतिरिक्त मेम्बरशिप कार्ड की सुविधा भी उपलब्ध करा रहे हैं।

### टीआरएफ कंपनी में 234 यूनिट रक्त संग्रह



**जमशेदपुर।** 15 मार्च को स्वैच्छिक रक्त दाता संघ (वीबीडीए) के सहयोग से टीआरएफ लेडीज एसोसिएशन ने कंपनी परिसर में द्विवार्षिक रक्तदान शिविर नवजीवन के दूसरे संस्करण में टीआरएफ कर्मचारियों और एसोसिएट्स ने स्वैच्छिक सेवा में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। शिविर में रिकॉर्ड 234 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। गर्मी में रक्त की जरूरत बढ़ जाती है। कंपनी के कर्मचारियों, गणमान्यों और टाटा रॉबिन्स फ्रेजर लेबर यूनियन के सदस्यों, टीआरएफ लेडिज एसोसिएशन (टीआरएफएलए) के सदस्यों और हितधारकों में से रक्तदान के इच्छुक लोगों ने सहयोग किया और शिविर को सफल बनाने में योगदान दिया। नवजीवन शिविर का औपचारिक उद्घाटन उमेश सिंह, प्रबंध निदेशक, अभिजीत सिंह, सीएचआरओ, वीके सिंह, टीआरएफ प्रबंधन के जीएम-मैन्युफैक्चरिंग एंड प्रोजेक्ट्स और राकेश्वर पांडे, अध्यक्ष टीआरएफ लेबर यूनियन और एमएच हीरामणिक, महासचिव, टाटा रॉबिन्स फ्रेजर लेबर यूनियन और टीआरएफएलए की श्वेता गुप्ता ने किया।

### टाटा स्टील में 35वें सड़क सुरक्षा माह का समापन

**जमशेदपुर।** 35वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024, जो 18 जनवरी से 17 फरवरी तक हाइब्रिड प्रारूप में आयोजित किया गया, 14 मार्च को संपन्न हुआ। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह (एनआरएसएम) भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा निर्देशित एक वार्षिक कार्यक्रम है। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद देश भर में सड़क सुरक्षा अभियानों को बढ़ावा देकर सरकार के प्रयासों में सहयोग करती है। पूरे महीने भर चले समारोह के दौरान, महत्वपूर्ण सड़क सुरक्षा मुद्दों के बारे में कार्यबल के बीच जागरूकता बढ़ाने और सड़क से संबंधित दुर्घटनाओं और हादसों को कम करने के संबंध में सुरक्षित अभ्यासों को सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न गतिविधियां हुईं। समारोह में टाटा स्टील में सेफ्टी, हेल्थ एंड सस्टेनिबिलिटी के वाइस प्रेसिडेंट, राजीव मंगल, टीक्यूएम (टोटल क्वालिटी मैनेजमेंट), जीएसपी (ग्रुप स्ट्रैटेजिक प्रक्योरमेंट) और सप्लाई चेन, टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट और एपेक्स रोड एंड रेल सेफ्टी सब कमेटी के चेयरमैन पीयूष गुप्ता और टाटा वर्कर्स यूनियन (टीडब्ल्यूयू) के प्रेसिडेंट संजीव कुमार चौधरी, टाटा स्टील जमशेदपुर थे।

### हाथी के दांत और अमन के रखवार के मंचन के साथ तुलसी भवन में भोजपुरी नाट्योत्सव शुरू



**जमशेदपुर।** तीन दिवसीय 8 वां भोजपुरी नाट्य महोत्सव 16 मार्च को तुलसी भवन, बिष्टुपुर में शुरु हुआ। आठवां भोजपुरी नाटक महोत्सव संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से नयी दिल्ली की नाट्य संस्था रंग श्री द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इसमें सुग्गा द ऑनेस्ट टैक्सी कैब ऐप और सिंहभूम जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन का विशेष सहयोग है। आज सुरेश कंटक लिखित नाटक हाथी के दांत का मंचन महेंद्र प्रसाद सिंह के निर्देशन में दिल्ली की संस्था रंग श्री के कलाकारों ने किया। इसके बाद शाम 7:30 बजे से अमन के रखवार नाटक का मंचन रंगश्री की ओर से किया गया। इस नाटक के लेखक विशु बसु हैं जबकि निर्देशन महेंद्र प्रसाद सिंह था। 17 को डॉ रसिक बिहारी ओझा निर्भीक के लिखित नाटक लांस नायक खूब सिंह का मंचन अनुज प्रसाद के निर्देशन में शाम 6 बजे से होगा। यह नाटक जमशेदपुर भोजपुरी साहित्य परिषद की प्रस्तुति है।

### टुईलाडुंगरी से 20 मार्च को निकलेगी निशान यात्रा



**जमशेदपुर।** फाल्गुन माह में शुक्ल पक्ष की एकादशी को बुधवार 20 मार्च की सुबह 07.30 (साढे. सात बजे) टुईला डुंगरी स्थित हिंदुस्तानी संघ स्कूल से बाबा श्याम की भव्य निशान यात्रा निकाली जायेगी, जो गोलमुरी श्री शिव मंदिर पहुॅचकर संपन्न होगी। 301 से अधिक भक्तगण बाबा श्याम को निशान अर्पण करेंगें। शोभा यात्रा मे ईत्र की वर्षा होगी ओर चलंत दरबार सजेगा। जिसमें बाबा श्याम का शीश का झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगा। इससे पहले हिंदुस्तानी संघ स्कूल में सुबह 7 बजे निशान की पूजा होगी। इसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन शहर की सामाजिक एवं धार्मिक चार संस्था क्रमश: श्री श्याम मंडल गोलमुरी, श्री श्याम मंडल टुईलाडुंगरी, श्रीश्री शिव मंदिर समिति गोलमुरी एवं श्री श्याम महिला मण्डल टुईलाडुंगरी द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा हैं। इस संबंध में शनिवार को हिंदुस्तानी संघ स्कूल में आयोजकों ने मीडिया से बातचीत करते हुए आगे बताया कि निशान यात्रा गोलमुरी मेन रोड़, गोलमुरी बाजार मस्जिद रोड़ एवं आकाश दीप प्लाजा से होते हुए शिव मंदिर पहुंचेगी। मामराज गुप्ता ने बताया कि पहले आओ-पहले पाओ की तर्ज पर निशान कूपन का वितरण किया जा रहा हैं। संवाददाता सम्मेलन में प्रमुख रूप से मामराज गुप्ता, श्वेता अग्रवाल, चंदा अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, कृष्णा नरेड़ी एवं स्वीटी अग्रवाल आदि थे।

## धनबाद में टाटा स्टील के नये विशाल डाया मिल का उद्घाटन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** ट्यूब्स एसबीयू तेजी से विकास के चरण में है और अगले 2 वर्षों में अपनी उत्पादन क्षमता को 1.2 एमएनटीपीए के मौजूदा स्तर से बढ़ाकर 2 एमएनटीपीए करने की योजना बना रहा है। इस वृद्धि की अधिकांश योजना पूरे भारत में रणनीतिक स्थानों पर ट्यूब्स मैन्युफैक्चरिंग पार्टनर्स (टीएमपी) विकसित करने के माध्यम से बनायी गयी है। ट्यूब्स डिवीजन की विकास योजनाओं के अनुरूप, 10 मार्च 2024 को संजय एस साहनी, एग्जीक्यूटिव इंचार्ज, ट्यूब्स, टाटा स्टील द्वारा स्लिटिंग लाइन सुविधा के साथ एक नई बड़ी डाया मिल का उद्घाटन किया गया है, जो धनबाद में हमारे मौजूदा ट्यूब मैन्युफैक्चरिंग पार्टनर मेसर्स शिव शंभु कमर्शियल प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से पूरा हुआ। नई एलडीपी मिल की क्षमता 66 केटीपीए है, जिसमें एसकेयू मिश्रण 2020 से 220220 मिमी तक है।

## एनटीटीएफ गोलमुरी के 17 छात्रों का आयशर वॉल्वो कंपनी में चयन

**» 3.50 लाख रुपये के पैकेज पर लॉक**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सही दिशा में की गई मेहनत का अंतिम परिणाम सफलता होता है। इसे सिद्ध कर दिखाया एनटीटीएफ के आर डी टाटा टेक्निकल सेंटर गोलमुरी के छात्रों ने। एनटीटीएफ आर डी टाटा टेक्निकल सेंटर गोलमुरी मे वोल्वो आईचर कंपनी द्वारा कैंपस सिलेक्शन किया गया, जिसमें 17 छात्रों को विभिन्न पदों के लिए चुना गया। सर्वप्रथम कंपनी द्वारा दो राउंड रिटन टेस्ट एवं इंटरव्यू लिया गया फिर छात्रों की तकनीकी क्षमता को परखा गया। उपर्युक्त परीक्षा में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुए छात्रों को एक मल्टी-ब्रांड, मल्टी-डिवीजन कंपनी वोल्वो आईचर द्वारा चयनित किया गया। छात्रों की सफलता एवं मेहनत से पूरा संस्थान गौरवान्वित है। इंदौर स्थित वोल्वो कंपनी ने एनटीटीएफ के डिप्लोमा इन मेकाट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग ब्रांच के 12 छात्र जिसमें सपना कुमारी, कुमारी अदिति, सुमन कुमारी, रिया कुमारी, ममता महतो, विवेक पूर्ति, अनुराग शर्मा मुकेश कुमार, अमन कुमार, संदीप पॉल, ऋषि कुमार, सुमित तिवारी का चयन हुआ।



## विधायक सरयू राय ने 21 करोड़ की विकास योजनाओं का किया शिलान्यास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने शनिवार को 21 करोड़ से अधिक की लागत के विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। 21 करोड़ से अधिक के इस शिलान्यास में विधायक निधि, नगर विकास विभाग और पथ निर्माण विभाग की योजनाएं शामिल हैं। श्री राय ने पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में नगर विकास विभाग और विधायक निधि से क्रियान्वित होने वाली 5 करोड़ 8 लाख 94 हजार रुपये की लागत के 44 योजनाओं का सामुहिक शिलान्यास सिदगोड़ा स्थित सोन मंडप में किया। जिसमें नगर विकास विभाग के मद से 4 करोड़ 89 लाख 74 हजार रुपये की लागत की 24 योजनाएं और विधायक निधि के मद से 93 लाख 21 हजार रुपए की 20 योजनाएं शामिल हैं। इसके उपरांत श्री राय ने पथ निर्माण विभाग से स्वीकृत हुए 15 करोड़ 91 लाख रुपए की लागत के 2 योजनाओं का स्थल पर जाकर शिलान्यास किया, जिसमें बारीडीह, बिरसानगर, भुइयांडीह, जेम्को मनीफीट की कई बड़ी और चौड़ी सड़कों का निर्माण होना शामिल हैं।



शिलान्यास कार्यक्रम में विधायक का स्वागत करते जेएनएसी के उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार।

## श्रीनाथ विवि: एक्साइड इंडस्ट्रील में छह छात्रों का हुआ प्लेसमेंट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय अब तकनीकी कंपनियों की पहली पसंद बनती जा रही है। हितैची के बाद अब महाराष्ट्र के अहमदनगर स्थित एक्साइड इंडस्ट्रीज ने श्रीनाथ विश्वाविद्यालय के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग डिप्लोमा और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग ब्रांच से छह छात्रों का चयन किया है। चयनित छात्रों की सूची मे अभिषेक कुमार सिंह, रोशन प्रकाश मिश्रा, धर्मेंद्र प्रसाद साहू, अंकित पोद्दार, अमित प्रजापति और रोहित मुंडू के नाम हैं। विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और तकनीकी कौशल को बढ़ावा देने के तहत छात्रों को एक्साइड इंडस्ट्रीज ने महाराष्ट्र के अहमदनगर की अपनी विशेष टीम में शामिल किया है साथ ही उन्हें 2.23 लाख सालाना पैकैज दिया गया है।




## जमशेदपुर सीट से हर हाल में चुनाव लड़े कांग्रेस : जिला कमेटी

- जिला स्तरीय विस्तारित कमेटी की बैठक में प्रस्ताव पारित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में जिला स्तरीय विस्तारित कमिटी की बैठक जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने प्रस्ताव रखा कि कोल्हान के 09- जमशेदपुर लोकसभा चुनाव क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी हर हाल में चुनाव लडें। उपरोक्त प्रस्ताव का सर्वसम्मति से समर्थन कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारियों ने किया।



बैठक को संबोधित करते जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे।

समर्थन का प्रस्ताव लिखित रूप से जिला संगठन प्रभारी बलजीत सिंह बेदी को सौंपा गया। जिला स्तरीय विस्तारित कमेटी के बैठक में सुबह 11 बजे से अग्रणी संगठन विभाग के संगठनात्मक प्रगति का समीक्षा जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी, जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे एवं विभागवार समन्वयक ने समीक्षा कार्य संपन्न किया।

सुबह 11 बजे से अग्रणी संगठन विभाग एवं जिला कमेटी के साथ मैराथन बैठक में कार्यकर्ताओं ने भारी रोष व्यक्त करते हुए कहा कि आये दिन अखबार में वगैर कांग्रेस पार्टी से विचार विमर्श कर ही कहा जा रहा है कि जमशेदपुर लोकसभा सीट से जे एम एम चुनाव लडनें की बात कर रही है। जब कि कांग्रेस संगठन कोल्हान के जमशेदपुर सीट से कांग्रेस को ही चुनाव लड़ना चाहिए। बैठक में कांग्रेस पदाधिकारियों ने कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाये।

**कार्यक्रम की खास बातें :** जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कहा कि पारित प्रस्ताव के आलोक में कहना है कि सम्पूर्ण जिला मंर संगठन बहुत मजबूत है। कार्यकर्ता भाजपा को सबक सिखाने के लिए तैयार है। इस लिए जमशेदपुर सीट हर हाल में कांग्रेस पार्टी को ही मिले। इसको लिए प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी, माननीय मंत्रीगण इस पारित प्रस्ताव के पक्ष में गठबंधन नेताओं से वार्ता कर प्रक्रिया को सम्पन्न करें। जिला कांग्रेस कमिटी चुनाव लडनें में सक्षम है। बैठक में सेवादल, महिला कांग्रेस, अल्पसंख्यक कांग्रेस, अ जा विधान, ओबीसी विभाग, आर टी आई विभाग, विधि विभाग, किसान विभाग के चेयरमैन शामिल हुए।

# बिहार की 40 लोकसभा सीटों पर 7 चरणों में मतदान

## बिहार की 40 सीटों पर कौन कहां से सांसद

वाल्मिकीनगर से चुनाव जीतकर बैद्यनाथ प्रसाद महतो सांसद बने थे। 28 फरवरी 2020 को उनके निधन के बाद 10 नवंबर 2020 को जनता दल (यूनाइटेड) के सुनील कुमार इस सीट पर सांसद निर्वाचित हुए। पश्चिम चम्पारण से भारतीय जनता पार्टी के संजय जयसवाल, पूर्वी चंपारण से भारतीय जनता पार्टी के राधा मोहन सिंह, शिवहर से भारतीय जनता पार्टी की रमा देवी, सीतामढ़ी से जनता दल (यूनाइटेड) के सुनील कुमार पिंटू, मधुबनी से भारतीय जनता पार्टी के अशोक कुमार यादव, झंझारपुर से जनता दल (यूनाइटेड) के रामप्रीत मंडल सुपौल से जनता दल (यूनाइटेड) के दिलेश्वर कामैत, अररिया से भारतीय जनता पार्टी के प्रदीप कुमार सिंह किशनगंज से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के मोहम्मद जावेद, कटिहार से जनता दल (यूनाइटेड) के दुलाल चन्द्र गोस्वामी पूर्णिया से जनता दल (यूनाइटेड) के संतोष कुमार, मधेपुरा से जनता दल (यूनाइटेड) के दिनेश चंद्र यादव दरभंगा से भारतीय जनता पार्टी के गोपाल जी ठाकुर, मुजफ्फरपुर से भारतीय जनता पार्टी के अजय निषाद, वैशाली से राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी की वीणा देवी, गोपालगंज (एससी) से जनता दल (यूनाइटेड) के आलोक कुमार सुमन, सीवान से जनता दल (यूनाइटेड) की कविता सिंह, महाराजगंज से भारतीय जनता पार्टी के जनार्दन सिंह सिग्रीवाल सारण से भारतीय जनता पार्टी के राजीव प्रताप रूडी, हाजीपुर (एससी) से राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के पशुपति कुमार पारस, उजियारपुर से भारतीय जनता पार्टी के नित्यानंद राय समस्तीपुर (अ.जा.) से 2019 के चुनाव में रामचन्द्र पासवान निर्वाचित हुए थे. 21 जुलाई 2019 को उनके निधन के बाद 24 अक्टूबर 2019 को राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रिंस राज निर्वाचित हुए, बेगूसराय से भारतीय जनता पार्टी के गिरिराज सिंह, खगड़िया से राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के मेहबूब अली कैसर भागलपुर से जनता दल (यूनाइटेड) के अजय कुमार मंडल, बांका से जनता दल (यूनाइटेड) के गिरिधारी यादव, मुंगेर से जनता दल (यूनाइटेड) के ललन सिंह, नालंदा से जनता दल (यूनाइटेड) के कौशलेंद्र कुमार, पटना साहिब से भारतीय जनता पार्टी के रविशंकर प्रसाद, पाटलिपुत्र से भारतीय जनता पार्टी के रामकृपाल यादव, आरा से भारतीय जनता पार्टी के राज कुमार सिंह, बक्सर से भारतीय जनता पार्टी के अश्विनी कुमार चौबे, सासाराम (एससी) से भारतीय जनता पार्टी के छेदी पासवान, काराकाट से जनता दल (यूनाइटेड) के महाबली सिंह, जहानाबाद से जनता दल (यूनाइटेड) के चंदेश्वर प्रसाद, औरंगाबाद से भारतीय जनता पार्टी के सुशील कुमार सिंह, गया (एससी) से जनता दल (यूनाइटेड) विजय कुमार मांझी, नवादा से राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के चंदन सिंह, जमुई (एससी) से लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान।

एजेंसी

**पटना।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भारत निर्वाचन आयोग ने शनिवार को बिहार की 40 समेत देश की 542 सीटों के लिए अधिसूचना, नामांकन, मतदान से लेकर मतगणना तक की तारीखों का ऐलान कर दिया। भारत निर्वाचन आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। साथ ही बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर चुनाव की तारीखों का भी ऐलान हो गया है। बिहार में इस बार 7 चरणों में मतदान होगा।

पहले चरण का चुनाव 19 अप्रैल को होगा। वहीं वोटों की गिनती चार जून को होगी। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार में बिहार में पहले चरण का चुनाव 19 अप्रैल, दूसरा चरण 26 अप्रैल, तीसरा चरण 7 मई, चौथा चरण 13 मई, पंचवां चरण 20 मई, छठा चरण 25 मई और सातवें चरण के लिए 1 जून को मतदान होगा।




### कब, कहां वोटिंग

**पहला चरण, 19 अप्रैल :** औरंगाबाद, गया, नवादा, जमुई
**दूसरा चरण, 26 अप्रैल:** किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका।
**तीसरा चरण, 7 मई:** झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा, खगड़िया
**चौथा चरण, 13 मई :** दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर।
**पांचवां चरण, 20 मई :** सारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, और हाजीपुर।
**छठा चरण, 25 मई :** सीवान वाल्मीकिनगर, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज और महाराजगंज।
**सातवां चरण, 1 जून:** नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकट, जहानाबाद

### एक विधानसभा सीट पर उपचुनाव भी

इसके साथ ही लोकसभा चुनाव के दौरान देश भर की 26 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव भी कराए जाएंगे, जिसमें सातवें चरण में बिहार की अगिआंव सीट पर भी चुनाव होगा.

### लोकसभा चुनाव में इस बार 96.8 करोड़ मतदाता

लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों की घोषणा से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मतदाताओं से वोट करने की अपील की और कहा कि हम चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। भारत के लोकतंत्र पर पूरी दुनिया की नजर रहती है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव कराना एक बड़ी चुनौती है। इस बार लोकसभा चुनाव में 96.8 करोड़ मतदाता हैं। इनमें से 1.89 करोड़ मतदाता ऐसे हैं जो पहली बार मतदान करेंगे। वहीं, चुनाव आयोग द्वारा तैयार नयी मतदाता सूची के अनुसार बिहार में मतदाताओं की संख्या 12 लाख बढ़ गयी है। जिसके बाद राज्य में कुल मतदाता सात करोड़ 64 लाख हो गये हैं।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 16 जून 2024 को खत्म हो रहा है। इस बार मतदान के लिए करीब 10.5 लाख मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इस बार चुनाव कराने में 1.5 करोड़ अधिकारी शामिल होंगे और 55 लाख ईवीएम का इस्तेमाल किया जायेगा।

### 2019 में सात चरणों में हुआ था मतदान

बता दें कि 2019 के लोकसभा चुनाव में बिहार में सात चरण में मतदान हुए थे। जिसमें पहले चरण का चुनाव 11 अप्रैल तो वहीं आखिरी और सातवें चरण का मतदान 19 मई को हुआ था। 2019 में चालीस सीटों में 39 पर एनडीए को जीत मिली थी। वहीं एक सीट पर महागठबंधन को विजय मिली थी।

# तीसरे चरण में 7 मई को होगा मधेपुरा में लोकसभा का चुनाव

एजेंसी

**सहरसा।** मुख्य चुनाव आयोग की ओर से शनिवार को लोकसभा चुनाव की घोषणा कर दी गई। आयोग द्वारा लोकसभा का चुनाव सात चरणों में किया जाना है। जिसमें तीसरे चरण का मतदान के तहत मधेपुरा खगड़िया, अररिया, सुपौल एवं झंझारपुर संसदीय क्षेत्र में लोकसभा का चुनाव 7 मई को कराये जाएंगे। इस संबंध में शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला अधिकारी वैभव चौधरी ने प्रेस वार्ता कर उक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के द्वारा पूरे देश में कुल सात चरणों में लोकसभा चुनाव कराया जाएंगे। इसके तहत तीसरे चरण में मधेपुरा खगड़िया अररिया सुपौल एवं झंझारपुर लोक सभा के चुनाव 7 मई को कराए जाएंगे। इसके लिए 12 अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी।वहीं 19 अप्रैल तक नामांकन की अंतिम तिथि रखी गई है। 22 अप्रैल तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। वही 7 मई को चुनाव कराए जाएंगे, जिसकी मतगणना तिथि 4 जून को निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में दो अनुमंडल,10 प्रखंड एवं 141 पंचायत है। वहीं जिले में कुल मतदान केदो की कुल संख्या 1390 है,जिसके अंतर्गत कुल 13 लाख 52329 मतदाता अपने मतदान का प्रयोग करेंगे।

इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 7 लाख 246 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 6 लाख 52050 एवं तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या कुल 33 है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि चुनाव की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता अनुपालन हेतु नगर आयुक्त नगर निगम, सभी कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, नगर पंचायत,सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी,सभी अंचलाधिकारी, सभी थाना अध्यक्ष को अपने-अपने क्षेत्र स्थित सरकारी भवनों सार्वजनिक स्थान एवं निजी भवनों से आचार संहिता लगने की क्रमशः 24 घंटे 48 घंटे एवं 72 घंटे के अंदर विभिन्न सरकारी पोस्टर पंपलेट प्रचार संबंधी सामग्री आदि हटाने हेतु नोडल पदाधिकारी के आदर्श आचार संहिता कोषांग के द्वारा सूचना दी जा चुकी है।

### आठवीं बोर्ड परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न

**मझिआंव।** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित आठवीं कक्षा बोर्ड परीक्षा के लिए मझिआंव प्रखंड में उत्क्रमित उच्च विद्यालय एवं मुख्यदेव प्लस टू उच्च विद्यालय मझिआंव में परीक्षा केंद्र बनाया गया है। उत्क्रमित उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र पर 395 छात्र-छात्राओ में दो अनुपस्थित पाए गए। इसी प्रकार मुखदेव प्लस टू उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र पर कुल 445 छात्र-छात्राओ में चार अनुपस्थित रहे। वही बरडीहा प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र पर कुल 938 छात्र-छात्राओं में 19 अनुपस्थित पाए गए। इसी प्रकार तीनों परीक्षा केंद्रों पर कुल 1778 छात्र-छात्राओं में 1753 उपस्थित एवं 25 अनुपस्थित पाए गए।

# स्वास्थ्य विभाग का कारनामा : गड्ढे में फेंकी मिली एक ट्रैक्टर सरकारी दवा

अनुप कुमार सिंह



**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग का एक घोर आपराधिक कारनामा प्रकाश में आया है। जिसके तहत एक ट्रैक्टर से अधिक सरकारी दवाएं आबादी से दूर एक गड्ढे में फेंकी हुई बरामद की गई हैं। जिसमें 80 फीसदी दवाओं की एक्सपायरी तिथि 2 साल के बाद की है। कुछ दवाओं की एक्सपायरी आठ महीने के बाद की है। जबकि 20-25 फ़ीसदी दवाओं की एक्सपायरी हो चुकी है। इसकी सूचना प्राप्त होने के बाद कांडी थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर दवाओं को जप्त कर थाना ले गए। हजारों मरीजों को मुफ्त में दी जाने वाली दवा को इस तरह से फेंकने का अक्षम्य अपराध किसने किया है पुलिस इसका पता लगाने में जुटी है।

कांडी प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ के दक्षिण सतबहिनी गेट से राजा घटहुआं गांव जाने वाली सड़क में पंडी नदी के निकट बड़े से गड्ढे में एवं गड्ढे के बाहर तमाम सरकारी दवाएं फेंकी हुई पाई गई है। सूत्रों की मानें तो गाड़ी पर लोड करके इन दवाओं को लाकर फेंक दिया गया है। इसकी सूचना सबसे पहले दवाएं फेंकते हुए देखकर एक गुप्त सूत्र ने कांडी प्रखंड प्रमुख सह झारखंड प्रदेश प्रमुख संघ के अयक्ष सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय को दी थी। प्रमुख ने इसकी सूचना मीडिया को दी।

थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम एवं एएसआई प्रबल कुमार महतो ने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचकर आसपास के गांव से सहिया एवं कुशहा हेल्थ सेंटर की एक एएनएम एवं ग्रामीणों को मौके पर बुलाया। जबकि वहां पर पहले से ही मीडिया के लोग मौजूद थे। ताकि फेंकी हुई दवाओं को वहां से हटा नहीं दिया जाए। मालूम हो कि बच्चों व बड़ों को दी जाने वाली मि नाशक (कीड़ा की दवा) कर्नाटका एंटीबायोटिक्स लिमिटेड की बनी हुई एल्बेंडाजोल सबसे अधिक मात्रा में फेंकी हुई पाई गई है। जिसकी एक्सपायरी तिथि मार्च 2026 है। कुछ एल्बेंडाजोल गोलियों की एक्सपायरी तिथि 2025 की भी है। जबकि आयरन की गोली नेस्टर फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड की बनी हुई फोलिक एसिड के कुछ दवाओं की एक्सपायरी नवंबर 2024 की है। वहीं आधा दर्जन बोरा में भरकर एक्सपायर हो चुकी फोलिक एसिड दवाओं की गोलियां भी जप्त की गई हैं।

उल्लेखनीय है कि सरकारी अस्पतालों से प्रमुख रूप से गरीब परिवारों के लोग ही दवाएं लेते हैं। लेकिन दवाओं को इस तरह बेदर्दी से फेंक कर सरकारी अस्पताल पर उनके आशा एवं भरोसे पर कुठाराघात किया गया है। यह मामला गंभीर जांच का विषय है। मौके पर सरकोनी पंचायत की सहिया साथी नीलम देवी, डेमा गांव की सहिया प्रमिला देवी, कुशहा हेल्थ सेंटर की एएनएम ज्वालामुखी कुमारी, ग्रामीणों में राजा घटहुआं के रितिक कुमार, विमलेश कुमार, सोनू कुमार, नीरज कुमार, बलराम कुमार एवं विकास कुमार आदि उपस्थित थे। स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय सूत्रों का कहना है कि 10 फरवरी से 25 फरवरी तक फाइलेरिया की दवा के साथ कीड़ा की दवा दिए जाने का अभियान चलाया गया था।

लेकिन इस दौरान सहिया को घर-घर जाकर अपने हाथों से दवा खिलानी थी। अगर कोई बाद में खा लेंगे कहकर दवा मांगे तो उसे एक भी गोली देने का आदेश नहीं था। एल्बेंडाजोल वितरण के लिए एक टीम आने वाली है। उसकी बैठक के बाद 20 मार्च से कीड़ा की दवाओं का वितरण किया जा सकता है। सूत्र ने कहा कि स्कूलों में छात्र-छात्राओं को कीड़ा की दवा देने के लिए शनिवार एवं बुावार का दिन निर्ाारित है। उसके लिए दवाओं की शिक्षा विभाग के प्रखंड संसाान केंद्र (बीआरसी) को आपूर्ति की जाती है। फेंकी हुई दवा के विषय में कहा कि यह किसी हेल्थ सेंटर की दवा नहीं लगती है। इसलिए कि किसी भी केंद्र पर इतनी मात्रा में दवाएं उपलब नहीं हैं। हो सकता है कि यह किसी बीआरसी से फेंकी हुई दवा हो।

इसकी जांच के लिए हम लोग कांडी थाना जा रहे हैं। दवाओं की जांच पड़ताल से कुछ पता चल सकता है। इस संबा में थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने कहा कि उच्च पदाािकारी ने निर्देश दिया कि सनहा दर्ज कर संबंाित विभाग को इसकी सूचना देते हुए जांच करके अनुरोा करने पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। प्रभारी चिकित्सा पदाािकारी ड गोविंद प्रसाद सेठ ने कहा कि यह दवा कहां से आई इसकी जांच कराई जा रही है।

वैसे यह दवा किसी स्वास्थ्य केंद्र की नहीं लगती है। वह अभी हेड क्वार्टर में मौजूद नहीं हैं। सोमवार को उपलब होंगे। बावजूद इसके मामले की विभाग द्वारा जांच की जा रही है।

सिविल सर्जन ड अशोक कुमार ने कहा कि यह किस फैसिलिटी से भेजी हुई दवा है। यह बैच नंबर की जांच से पता चल जाएगा। मैंने इसकी जांच का आदेश दे दिया है। इस संबंध में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि मामले का पूरा डीटेल भेजिए। जांच कराई जाएगी।

# कलस्टर की व्यवस्था समाप्त, अब सीधे बूथ पर जायेंगे मतदान कर्मी लोकसभा चुनाव के लिए गढ़वा पूरी तरह तैयार : डीसी

## चुनाव में नक्सलियों का अंशमात्र भी हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं : एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता




प्रेस कॉन्फ्रेंस करते डीसी एवं एसपी

**गढ़वा।** डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी शेखर जमुआर ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए गढ़वा पूरी तरह तैयार है। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप चुनाव को सुगमता, सरलता एवं विवाद रहित संपन्न करा लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार चुनाव के लिए कलस्टर की व्यवस्था नहीं की गई है। मतदान कर्मी अब सीधे अपने-अपने बूथों पर पहुंचेंगे एवं मतदान को सफल बनायेंगे। वहीं जिले के पुलिस कप्तान दीपक पांडेय ने कहा कि चुनाव में नक्सलियों का अंषमात्र भी हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उनसे निपटने के लिए उनके पास पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल मौजूद है। साथ ही उनके खिलाफ पहले से ही सर्च अभियान एवं कार्रवाई शुरू है। डीसी एवं एसपी शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए जिले में 18 अप्रैल से अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। नामांकन की अंतिम तिथि 25 अप्रैल होगी। नामांकन की संवीक्षा 26 अप्रैल को एवं नाम वापसी की तिथि 29 अप्रैल निर्धारित किया गया है। मतदान की तिथि 13 मई होगी। जबकि मतगणना पूरे देश के साथ चार जून 2024 को संपन्न होगा। उन्होंने कहा कि पलामू लोकसभा चुनाव क्षेत्र में जिले के दो विधानसभा गढ़वा एवं भवनाथपुर के चुनावी कार्यों का संपादन करने की पूरी जिम्मेवारी उनके उपर है जबकि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र एवं डाल्टनगंज निर्वाचन क्षेत्र के गढ़वा जिले में अवस्थित अंशभाग का चुनावी संपादन पलामू जिला निर्वाचन पदाधिकारी करेंगे। उन्होंने बताया कि इस लोकसभा के चुनाव में गढ़वा जिले के कुल 10 लाख 41 हजार 22 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या में पांच लाख 40 हजार 349 एवं महिला मतदाताओं की संख्या में पांच लाख 671 है। इस बार 28 हजार से अधिक युवा मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निश्पक्षतापूर्वक संपन्न कराने के लिए कुल 1170 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। जबकि 154 सेक्टर स्थापित किये गये हैं। पांच रिलोकेशन मतदान केंद्र बनाये गये हैं। जबकि 15 मतदान केंद्रों को शेडो एरिया में रखा गया है।

जहां कोई नेटवर्क काम नहीं करती है, उसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था किये गये हैं। जिल में 40 इंटरमीडिएट स्टांग रूम बनाये गये हैं। जहां अतिरिक्त ईवीएम को रखा जाएगा। जहां से आवश्यकतानुसार ईवीएम को मतदान केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा। महिलाओं मतदाताओं को सुविधा प्रदान करने के लिए 11 महिला मैनेज मतदान केंद्र भी बनाये गये हैं। दो यूनिक मतदान केंद्र भी बनाये गये हैं। जहां सारी तरह की सुविधाएं उपलब्ध होगी। गढ़वा जिले के गढ़वा एवं भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए श्री सदगुरू जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय गढ़वा को तथा गढ़वा जिले के अंतर्गत डाल्टनगंज एवं विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए गणेष लाल अग्रवाल महाविद्यालय डाल्टनगंज को डिस्पैच सेंटर बनाया गया है। कृषि उत्पादन बाजार समिति पलामू को रिसिविंग सेंटर बनाया गया है। जहां मतदान के बाद ईवीएम को जमा किया जाएगा। डीसी ने बताया कि जिले में शत प्रतिशत मतदान के लिए कई कार्यक्रम एवं जनसंपर्क आयोजित किये गये हैं। इसके लिए मतदाताओं को जागरूक करने की भी योजना है। उन्होंने चुनाव से संबंधित अधिकारियों का नाम एवं सपर्क नंबर जारी करते हुए चुनाव से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान के लिए संपर्क करने का आग्रह किया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी दीपक पांडेय ने कहा कि चुनाव में नक्सलियों के हस्तक्षेप को पूरी तरह निर्मूल किया जाएगा। उन्होंने नक्सलियों की गतिविधियों एवं अपराधिककृत को रोकने के लिए बिलासपुर, खोखा, श्री नगर, बड़गड़ एवं गोदरमाना में जिले में पांच अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट स्थापित कर देने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चुनाव के लिए पर्याप्त मात्रा में बाहर से सीआरपीएफ एवं अन्य पुलिस बल तैनात किये जायेंगे। उनके ठहरने की व्यवस्था कर दी गई है। चुनाव के दौरान हिंसा फैलाने की आशंका से संबंधित 800 लोगों को चिन्हित किया गया है। जिनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। लाईसेंसी हथियार जमा कराने की भी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए दो-दो बार यूपी एवं छत्तीसगढ़ के पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई है। उन्होंने कहा कि चुनाव में होने वाली किसी भी अपराधिककृत एवं संभावित गड़बड़ियों के मद्देनजर 112 पर डायल करने की अपील की गईं। साथ ही कहा कि जिले में पुलिस कंट्रोल रूम को चुनाव के लिए कंपोजिट कंट्रोल रूम बनाया गया है। जहां से कार्रवाई हेतु पुलिस बल को निर्देशित किया जाएगा। साथ ही प्राप्त होने वाली सूचनाओं का आदान प्रदान किया जाएगा। मौके पर डीडीसी पशुपति नाथ मिश्रा, एसडीओ गढ़वा विजय कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजीव सिंह आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

### तीन परीक्षा केन्द्रों पर आठवीं की वार्षिक परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**रमना।** प्रखंड के तीन परीक्षा केन्द्रों पर आठवीं की वार्षिक परीक्षा शनिवार को शांतिपूर्ण संपन्न हुई। तनों परीक्षा केन्द्रों पर 24 विद्यालय के 1392 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 28 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। जमा दो उच्च विद्यालय रमना केन्द्र के केन्द्राािक्षक अजय सेठ ने बताया कि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय रमना, भागोडीह, गम्हरिया, टंडवा एवं मवि हारादाग सहित 15 मय विद्यालय के 865 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 16 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं मध्य विद्यालय रमना केन्द्र के केन्द्राधीक्षक रिंकु कुमार पासवान ने बताया कि मवि बुलका, रोहिला, जोगीराल कला व बहियार कला के 180 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 6 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

### बिहार में कैबिनेट विस्तार के बाद मंत्रियों के विभागों का बंटवारा

**पटना।** नीतीश कैबिनेट के विस्तार के बाद शनिवार को बिहार सरकार के सभी मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सामान्य प्रशासन, गृह विभाग, मंत्रिमंडल सचिवालय, निगरानी, निर्वाचन और ऐसे सभी विभाग जो किसी को आवंटित नहीं हुए हैं उसके मंत्री होंगे। जारी अधिसूचना के मुताबिक, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को वित्त और वाणिज्य कर विभाग, दूसरे डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा को पथ निर्माण, खान एवं भूतत्व, कला संस्कृति एवं युवा विभाग जबकि विजय कुमार चौधरी जल संसाधन और संसदीय कार्य विभाग के मंत्री बनाए गए हैं।

## पेज 1 का शेष

### बज गयी 2024 के चुनाव की रणभेरी

**26 विधानसभा में उपचुनाव होंगे :** चुनाव आयोग ने 26 विधानसभा में उपचुनाव होने की घोषणा की। बिहार गुजरात हरियाणा झारखंड, महाराष्ट्र, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, तमिलनाडु राज्य शामिल हैं। चार राज्यों में विधानसभा चुनाव कराए जाएंगे। सिक्किम, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश में चुनाव लोकसभा चुनाव के साथ होंगें। इन राज्यों में लोकसभा के लिए ही वोटिंग होगी। आंध्र प्रदेश में 18 अप्रैल को नोटिफिकेशन होगी।

**किस राज्य में कितने चरणों में होगा मतदान:** 22 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में एक चरण में मतदान होगा। अरुणाचल प्रदेश, अंडमान और निकोबार, आंध्र प्रदेश, चंडीगढ़, दमन और दीव, दिल्ली, गोवा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, केरल, लक्षद्वीप, लद्दाख, मिजोरम, मेघालय, नागालैंड, पुडुचेरी, सिक्किम, तमिलनाडु, पंजाब, तेलंगाना, उत्तराखंड में सिंगल फेज में वोट डाले जायेंगे। कर्नाटक, राजस्थान, त्रिपुरा और मणिपुर में दो-दो चरण में वोट पड़ेंगे। छत्तीसगढ़ और असम में तीन-तीन चरण में वोटिंग होगी। ओडिशा, मध्य प्रदेश और झारखंड में चार-चार चरण में मतदान होगा। महाराष्ट्र और जम्मू-कश्मीर में पांच-पांच चरण में वोटिंग होगी। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल में सात-सात चरणों में वोटिंग होगी।

**किस राज्य में किस तारीख को होगा चुनाव:** आंध्र प्रदेश की 25 लोकसभा सीटों के लिए चौथे चरण में 13 मई को वोटिंग होगी. अरुणाचल प्रदेश की 2 सीटों के लिए 19 अप्रैल को फर्स्ट फेज में वोट डाले जाएंगे. असम की 14 सीटों के लिए 19 अप्रैल को 5, 16 अप्रैल को 5 और 7 मई को 4 सीटों पर वोटिंग होगी. बिहार की 40 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल को 4, 26 अप्रैल को 5, 7 मई को 5, 13 मई को 5, 20 मई को 5, 25 मई को 8 और 1 जून को 8 सीटों पर वोट डलेंगे. छत्तीसगढ़ की 11 सीटों पर 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और 7 मई को वोट पड़ेंगे. गोवा की2 सीटों के लिए 7 मई को वोटिंग होगी. गुजरात की 26 लोकसभा सीटों के लिए एक ही फेज में 7 मई को तीसरे चरण में वोट डाले जायेंगे।

### झारखंड की 14 सीटों पर 4 चरण में चुनाव

आदर्श आचार संहिता को लेकर चुनाव के दरमियान आयोग की नजर राजनीतिक दलों के साथ-साथ प्रत्याशियों के ऊपर रहेगी। आयोग ने आदर्श आचार संहिता से संबंधित विस्तृत दिशा निर्देश जारी कर दिया है। जारी दिशा निर्देश के अनुसार जब राजनीतिक दलों की आलोचना की जायेगी तो उसे उनकी नीतियों और कार्यक्रम विगत रिकॉर्ड और कार्य तक ही सीमित रखा जायेगा। दल और अभ्यर्थी दूसरे दलों के नेताओं या कार्यकर्ताओं की निजी जिंदगी के ऐसे सभी पहलुओं की आलोचना क्र रने से अलग रहेंगे जो उनकी सार्वजनिक गतिविधियों से नहीं जुड़ी हुई है।

**बिना अनुमति के गे बैनर-पोस्टर नहीं:** इतना ही नहीं वोट हासिल करने के लिए जाति या संप्रदाय की भावनाओं के आधार पर कोई अपील नहीं की जायेगी। मस्जिदों, चर्चो, मंदिरों और पूजा के अन्य स्थानों का चुनाव प्रचार के मंच के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जायेगा। इतना ही नहीं कोई भी दल या प्रत्याशी अपने अनुयायियों को किसी भी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसकी भूमि, भवन परिसर की दीवारों इत्यादि पर झंडा लगाने, बैनर लटकाने, सूचना चिपकाने, नारा लिखने इत्यादि की अनुमति नहीं देगा।

### 37 लाख स्कूली बच्चों को मिलेगा नि:शुल्क बैग

**कैबिनेट के अन्य महत्वपूर्ण फैसले:** आंगनबाड़ी और उपकेन्द्र को हर तिमाही गैस रिफिलिंग की सुविधा मिलेगी। साहिबगंज में ग्रामीण जलापूर्ति योजना के लिए दो अरब की स्वीकृति दी गयी। प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत राज्य के आदिम जनजाति क्षेत्रों में 91 आंगनबाड़ी केंद्र खुलेंगे। झारखंड बाड़ी मासिक पत्रिका का प्रकाशन और इसे राज्य के आंगनबाड़ी केंद्र में वितरित किया जायेगा। मिलेट की खेती को 5 लाख हेक्टेयर तक बढ़ाया जायेगा। अभी 40000 हेक्टेयर तक की है। वर्तमान में 50 करोड़ राशि का प्रावधान किया गया। नगर विकास एवं आवास विभाग की ओर से अटल शहरी विकास योजना के तहत 123 करोड़ की लागत से जामताड़ा शहरी जिला पूर्ति योजना की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी। नक्सल मुक्त क्षेत्र बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से सड़कें बनाने की स्वीकृति दी गयी। पकरी बरवाडीह एनटीपीसी प्रोजेक्ट में 220-30 केवी का ट्रांसफार्मर सहित अधिकारियों के लिए 33 करोड़ की स्वीकृति मिली। अनगड़ा- राहे पथ में 112 करोड़ की लागत से पुल निर्माण की मंजूरी दी गयी। 35 किलोमीटर लंबी गोला-मुरी रोड 333 करोड़ से फोरलेन किया जायेगा। 39 में शंखा से खजूरी तक 26 कमी को फोन लेने की 194 करोड़। इसके अलावा सड़क, पुल की कई सौ करोड़ की कई योजनाओं की मंजूरी दी गयी। अल्पसंख्यक स्कूल गैर सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल में पुरानी पेंशन लागू होगी। कोडरमा जिला में 5000 मत की कोल्ड स्टोरेज के लिए 11 करोड़ की योजना स्वीकृत। बंता- राहे पथ रोड को दो लाने करने के लिए 178 करोड़ की मंजूरी।

